✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 281 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 11 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



असम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेते झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन




## सशक्त नारी

झारखण्ड की आर्थिक प्रगति का आधार...

## ...नारी शक्ति के साथ चल रही हेमन्त सरकार



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

18 से 50 वर्ष की पात्र महिलाओं को हर महीने ₹2,500 की आर्थिक सहायता

प्रति वर्ष कुल **₹30,000**

### सर्वजन पेंशन योजना

अब महिलाओं को वृद्धावस्था पेंशन के लिए 60 वर्ष का इंतजार नहीं करना होगा

**50 वर्ष से ऊपर आयु की सभी वर्ग की महिलाएं पेंशन की हकदार**

### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल विवाह रोकने के लिए ₹40,000 तक की कुल सहायता

**कक्षा 8वीं से लेकर 18-19 वर्ष की आयु तक विभिन्न चरणों में प्रोत्साहन राशि**

### फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान

हड़िया-शराब की बिक्री और निर्माण कार्य में लगी महिलाओं को सम्मानजनक स्वरोजगार शुरू करने के लिए **₹50,000 तक का ब्याज मुक्त ऋण**

### स्वरोजगार से स्वावलंबन

झारखण्ड की दीदियां अब खुद का भविष्य लिख रही हैं, 2.80 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह बैंकों से जुड़े।

**₹17,374 करोड़ का सीधा ऋण वितरण, लाखों परिवारों के जीवन में आई समृद्धि**

### स्वस्थ पीढ़ी के लिए मातृत्व अवकाश

संविदा (अनुबंध/कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर नियुक्त महिला कर्मचारियों को

**180 दिनों का मातृत्व अवकाश (maternity leave) देने का महत्वपूर्ण फैसला**

### ग्रामीण उत्पाद की पहचान पलाश मार्ट

सखी मंडल की दीदियों द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट उत्पादों को

**'पलाश' ब्रांड के तहत पहचान और बाजार**

### कला को सम्मान आदिवा ब्रांड

झारखण्ड की ग्रामीण कला, मेहनत और महिला प्रतिभाओं को नई पहचान देने का मजबूत माध्यम

**ग्रामीण उद्यमिता, महिला स्वावलंबन और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रयास**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड

PR-374675 (IPRD)25-26

# बिहार में औद्योगिक निवेश को गति : बियाडा ने 74 एकड़ भूमि 10 इकाइयों को किया आवंटित

**▸ 1,400 करोड़ निवेश और 2000 से अधिक रोजगार की संभावना ▸ प्रमुख आवंटनों में श्याम स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के सभा कक्ष में बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक आयोजित की गई। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के सभा कक्ष में बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि और तैयार औद्योगिक शेड्स आवंटित करने को मंजूरी दी गई। समिति ने राज्य के 8 औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 73.47 एकड़ भूमि 10 औद्योगिक इकाइयों को आवंटित करने का निर्णय लिया जिससे बिहार के औद्योगिक परिदृश्य को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

इन स्वीकृत औद्योगिक परियोजनाओं में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रिक उपकरण, ग्रीन एनर्जी और सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। प्रस्तावित इकाइयों के माध्यम से राज्य में लगभग 1,344 करोड़ का निवेश आने का अनुमान है जिससे करीब 2,003 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। भूमि आवंटन प्राप्त करने वाली प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, मेसर्स एसएसआईएल पेंट (श्याम स्टील ग्रुप) और मेसर्स सत्यपरी एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

बियाडा द्वारा उद्योगों के लिए बेहतर अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाएं और निवेश के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह निर्णय बिहार को निवेश के लिए एक उभरते औद्योगिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# शिक्षा और समाज सेवा की मिसाल नूतन पांडेय को मिला 'गार्गी क्वीन' सम्मान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित गार्गी नारीशक्ति सम्मेलन-2026 में समाज सेवा, शिक्षा के प्रसार तथा महिलाओं को प्रेरित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट और निःस्वार्थ योगदान के लिए रोहतास जिले की शिक्षिका एवं समाजसेवी नूतन पांडेय को 'गार्गी क्वीन' के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। नूतन पांडेय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू (रोहतास) में शिक्षिका हैं और साथ ही लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के अंतर्गत गार्गी अध्याय की जिला मुख्य समन्वयक के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनके नेतृत्व में सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा समाज में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का संदेश लगातार फैलाया जा रहा है। इस अवसर पर नूतन पांडेय ने प्रीति बाला के नेतृत्व और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन और प्रेरणा महिलाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा देता है। साथ ही उन्होंने आईपीएस विकास वैभव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा चलाया जा रहा 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान समाज में शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणादायक आंदोलन बन चुका है।

# मार्च में रविवार को भी जारी रहेगा जमीन-फ्लैट का निबंधन

**मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने जारी किया इससे संबंधित आदेश**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य के सभी निबंधन कार्यालय मार्च महीने के रविवार को खुले रहेंगे। मद्य निषेद, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अनुसार सभी निबंधन कार्यालयों में रविवार को आम दिनों की भांति जमीन/फ्लैट का निबंधन किया जाएगा। यह फैसला आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

**विभाग को मिला करोड़ों का राजस्व**

निबंधन विभाग ने जनवरी 2026 से रविवार समेत अन्य सभी छुट्टियों पर निबंधन कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रखने की शुरुआत की थी। कामकाजी वर्ग के लिए यह सुविधा बेहद फायदेमंद साबित हो रही है, वे अब छुट्टियों के दिन बढ़-चढ़ कर निबंधन करवा रहे हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी माह के चार रविवार (4, 11, 18 और 25) पर कुल 3,324 दस्तावेज निबंधित दर्ज किए गए थे जिनसे विभाग को 21 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। पहले रविवार (4 जनवरी): 141 दस्तावेज, 85 लाख रुपये राजस्व, दूसरे रविवार (11 जनवरी): 540 दस्तावेज, 3 करोड़ रुपये राजस्व, तीसरे रविवार (18 जनवरी): 901 दस्तावेज, लगभग 6 करोड़ रुपये राजस्व, चौथे रविवार (25 जनवरी): 1,742 दस्तावेज, 11 करोड़ 55 लाख रुपये राजस्व, वहीं फरवरी महीने के मात्र दो रविवार में लगभग 3,000 दस्तावेजों का निबंधन किया गया जिससे 20 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व हासिल हुआ।

# पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारियों एवं महिला समिति की पदाधिकारियों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित रहे- नितिन कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी), पूर्वी क्षेत्र-1 निधि श्रीवास्तव, अध्यक्षा, प्राची महिला समिति, पावरग्रिड पटना शीला रानी, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), पूर्वी क्षेत्र-1 रजत प्रसाद, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पावरग्रिड कार्यक्रम के दौरान साइबर फ्रॉड से बचाव विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया जिसमें अंतरा झा, संकाय एवं बिहार उभरती तकनीकी परिषद के राज्य अध्यक्ष ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान एवं बचाव के उपायों पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु डाइट एवं न्यूट्रिशन विषय पर सत्र आयोजित किया गया जिसे अक्षिता वर्मा, आहार विशेषज्ञ श्री साई अस्पताल एवं दिव्या सिंह, आहार विशेषज्ञ, फोर्ड अस्पताल ने संबोधित किया। उन्होंने संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली तथा कार्यस्थल पर पोषण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम पावरग्रिड की महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# बिहटा में 75वें स्थापना दिवस के 'विशेष सेवा पखवारा' का समापन

**नई आइसीयू यूनिट व औषधीय उद्यान का शुभारंभ**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहटा (पटना)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 75 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 24 फरवरी से मनाए जा रहे 'विशेष सेवा पखवारा' (प्लैटिनम जुबली) का आज इएसआइसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बिहटा में समापन समारोह आयोजित किया गया। इस गरिमामयी समारोह में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' तथा कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह के दौरान श्रम मंत्री ने अस्पताल परिसर का विस्तृत भ्रमण कर यहां उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया और गंभीर मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए एक नई आईसीयू यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में श्रम मंत्री ने अस्पताल की उत्कृष्ट सुविधाओं और ओपीडी में इलाज के लिए आए मरीजों की भारी उपस्थिति को देखकर यहां दी जा रही चिकित्सा गुणवत्ता की प्रशंसा की।

# सावित्रीबाई फूले की सोच और अभियान को पीएम मोदी फलीभूत कर रहे हैं : संजय सरावगी

**सावित्रीबाई फूले की 129वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दरोगा राय पथ स्थित फूले स्मारक स्थल पर माली-मालाकार कल्याण समिति के तत्वावधान में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की 129वीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन हुआ। समारोह की शुरुआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद चंद्रवंशी, दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सावित्रीबाई फूले आजीवन समाज सुधार के मूल्य तथ्यों के लिए समर्पित रही। यातना और विरोध झेल कर भी अपने अभियान से पीछे नही हटी चाहे नारी शिक्षा हो, गंभीर बीमारी से लोगों को बचाना हो इसमें उन्होंने अपनी प्राण की कुर्बानी तक दे दी। सावित्रीबाई फूले का जो शिक्षित, संगठित और जागृत समाज की जो सोंच और कल्पना थी और जो उन्होंने अभियान चलाया था आज उसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसे फलीभूत कर रहे हैं और आज देश की बेटी हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। सहकारिता एवं वन-पर्यावरण मंत्री डॉ प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि सावित्रीबाई फूले के विचार और कृत्ति को भुलाया नहीं जा सकता है आज हमारी माता, बहनें और बच्चियां शिक्षा के प्रति सजग है तो उसमें सावित्रीबाई फूले का अहम योगदान है। दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि फूले दंपति आजीवन देश और समाज उत्थान के लिए कृतसंकल्पित रहे। समाज सुधार में ये आजीवन लगे रहे। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार ने कहा कि सावित्रीबाई फूले ने जो सत्य सोधक समाज और महिला शिक्षा की ज्योति पूरे देश में जगायी उसका परिणाम पूरे देश में देखने को मिलता है और समाज में समानता का बोध सेवा और शिक्षा के माध्यम से किया। इस दौरान कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार मालाकार, पूर्व विधानपार्षद आजाद गांधी, नागेन्द्र रंजन मालाकार, पप्पू मालाकार, पंकज मालाकार, जितेन्द्र मालाकार, पिंकू मालाकार, पींटू मालाकार, राघवेन्द्र मालाकार, विरेन्द्र मालाकार, चंदन सैनी, ज्योति स्वरूप, संतोष सिन्हा मालाकार, लोककल्याण जितेन्द्र मालाकार, भाजपा कार्यालय मंत्री प्रवीण पटेल, पूर्व मेयर संजय चंद्रवंशी, विजय भगत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 5 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# केवाइपी बचाओ आंदोलन की चेतावनी, 48 घंटे में समाधान नहीं तो होगा आंदोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/वैशाली।** बिहार में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम (केवाइपी) के तहत कार्यरत केंद्र संचालकों ने अब अपनी समस्याओं को लेकर 'केवाईपी बचाओ आंदोलन' तेज करने की चेतावनी दी है। संचालकों का कहना है कि यदि 48 घंटे के भीतर लंबित भुगतान और अन्य समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो इसके बाद होने वाले आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों और प्रशासन की होगी। केंद्र संचालकों के संगठन केवाईपी वेल्फेयर सोसायटी ने कहा है कि उनका उद्देश्य योजना को बाधित करना नहीं बल्कि केवाईपी योजना को बचाना और व्यवस्था को सुधारना है। इसी उद्देश्य से राज्यभर के संचालकों द्वारा विरोध मार्च और आंदोलन की तैयारी की जा रही है।



संचालकों का आरोप है कि राज्य के लगभग 1800 केवाईपी केंद्रों का भुगतान पिछले चार महीनों से लंबित है। भुगतान नहीं मिलने के कारण कई केंद्रों पर कर्मचारियों का वेतन, किराया, बिजली बिल और अन्य संचालन खर्च का प्रबंधन करना मुश्किल हो गया है। इस बीच युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का एक पत्र भी सामने आया है जिसमें स्वीकार किया गया है कि केवाईपी एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लंबे समय से भुगतान नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं जिससे बिहार कौशल विकास मिशन की छवि प्रभावित हो रही है। पत्र में लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए थे। हालांकि संचालकों का कहना है कि अब तक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। केंद्र संचालकों ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को 20 सूत्री मांगों का ज्ञापन विभागीय सचिव को सौंपा गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली है। इसी कारण अब संचालकों ने आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है। संचालकों ने स्पष्ट कहा है कि यदि 48 घंटे के भीतर विभाग की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो राज्यभर में 'केवाईपी बचाओ आंदोलन' को व्यापक रूप दिया जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों और प्रशासन की होगी।

# महिंद्रा फाइनेंस का धन संवाद वित्तीय सशक्तीकरण और डिजिटल कौशल को दे रहा बढ़ावा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक महिंद्रा फाइनेंस ने प्लान इंटरनेशनल के साथ साझेदारी में अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम धन संवाद को और मजबूत किया है ताकि समुदायों में सार्थक परिवर्तन लाया जा सके। महिंद्रा फाइनेंस की जमीनी स्तर की विशेषज्ञता और प्लान इंटरनेशनल के परिणाम-उन्मुख प्रशिक्षण पर केंद्रित दृष्टिकोण का लाभ उठाते हुए यह साझेदारी वित्तीय साक्षरता की कमी को दूर करने के साथ-साथ दीर्घकालिक व्यवहारिक और डिजिटल सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देती है। नीलिमा डी सिल्वा दलवी, वाइस प्रेसिडेंट, हेड सीएसआर, महिंद्रा फाइनेंस ने कहा कि धन संवाद इस विश्वास पर आधारित है कि वित्तीय साक्षरता और डिजिटल समावेशन सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारा उद्देश्य समुदायों को सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सक्षम बनाना और उनके आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। वहीं मोहम्मद आसिफ, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्लान इंटरनेशनल ने कहा कि महिंद्रा फाइनेंस के साथ हमारी साझेदारी ने हमें लक्षित और परिणाम-उन्मुख वित्तीय साक्षरता समाधान लागू करने का अवसर दिया है जिसका व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहा है।

# बी.डी. कॉलेज के 56वें स्थापना दिवस समारोह पर 'ज्योति शिखा' और 'आकाशदीप' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बापू टावर ऑडिटोरियम आज गवाह बना बी.डी. कॉलेज के गौरवशाली 56वें स्थापना दिवस समारोह का जो बापू टावर और बी डी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ और जहां शिक्षा, शोध और नवाचार की अनुगूंज ने पूरे वातावरण को आलोकित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कॉलेज में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि 'इतने कम समय में बी.डी. कॉलेज नित नए कीर्तिमान स्थापित करता जा रहा है। वह दिन दूर नहीं जब इसकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होगी।' उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत को दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. राणा सिंह ने कहा कि प्राचार्या 'यथा नाम तथा गुण' की कहावत को चरितार्थ करती हैं और उनके नेतृत्व में हो रहे कार्यों की गूंज दूर तक सुनाई पड़ रही है। वहीं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी ने स्थापना दिवस को संस्थान की आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि बताया और शोध पत्रिका 'ज्योति शिखा' तथा समाचार पत्रिका 'आकाशदीप' के लोकार्पण हेतु साधुवाद दिया। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इस अवसर को सौभाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि बापू के जीवन को दर्शाने वाले बापू टावर सभागार में स्थापना दिवस मनाना स्वयं में प्रेरणादायी है। उन्होंने आगे कहा प्राचार्या के रूप में पदभार ग्रहण करते समय मैंने यह संकल्प लिया था कि बी.डी. कॉलेज को पटना के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों की श्रेणी में स्थापित करूंगी। आज स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर मैं अपने उस संकल्प को पुनः दोहराती हूं। यह केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि एक जीवंत ध्येय है जिसे मैं अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों और समाज के साथ मिलकर साकार करना चाहती हूं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि नए सत्र से आर्टिफिसिएल इंटेलीजेंस तथा इवीएम का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है जो विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान और कौशल से सुसज्जित करेगा। शोध पत्रिका ज्योति शिखा के संपादक डॉ. अमित कुमार ने प्रकाशन की सफलता का श्रेय प्राचार्या को दिया और कहा कि 'फ्रंट से लीड करने वाला नेतृत्व कई कार्यों को सहज बना देता है।' वहीं समाचार पत्रिका आकाशदीप के संपादकीय वक्तव्य में डॉ. यादव गुंजन रामराज ने संपादक मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे कॉलेज के लिए एक नई शुरुआत बताया।

# विश्व महिला दिवस पर रोटरी क्लब में महिला सम्मान समारोह का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना द्वारा आर-ब्लॉक स्थित रोटरी भवन में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा महिला सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विशिष्ट समाजसेवी एवं बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन अध्यक्ष गीता जैन, राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी संगीता बहन तथा उर्मिला बहन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रोटेरियन रश्मि कुमारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विश्व महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'नारी शक्ति है, नारी सम्मान है और नारी भगवान का अर्धरूप है। समाज के विकास और परिवार की उन्नति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।' अपने संबोधन में गीता जैन ने कहा कि 'नारी सर्वरूपा है।

# दिगम्बर जैन संतों ने निर्माणाधीन फिल्म 'तीर्थंकर' के लिए दिया प्रेरक आध्यात्मिक संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना के फिल्म निर्देशक राजेन्द्र जैन के निर्माणाधीन फिल्म तीर्थंकर को दिगम्बर जैन संतों ने प्रेरक आध्यात्मिक संदेश दिया है। जैन संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी महाराज, जो लगभग 2000 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा करते हुए पार्श्वनाथ जाने के मार्ग में पटना पधारे थे, को पटना के फिल्म निर्देशक राजेन्द्र जैन के निर्माणाधीन फिल्म तीर्थंकर के बारे में जानकारी दी गई। जैन समाज के एम.पी. जैन द्वारा फिल्म की जानकारी दिए जाने पर आचार्य वसुनन्दी जी महाराज ने कहा कि तीर्थंकर अपनी आत्मा का कल्याण करते हुए समस्त जीवों के कल्याण के लिए धर्म का प्रवर्तन करते हैं, इसलिए वे तीर्थंकर कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में समाज में धर्म, संयम और आध्यात्मिक चेतना का संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इसे देखने से जन-जन का कल्याण होगा। इसी क्रम में सुप्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अपना प्रेरक आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक पटना के राजेन्द्र जैन तथा राजस्थान के पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने आचार्य श्री के सान्निध्य में फिल्म का पोस्टर विमोचन किया और उनका विशेष संदेश रिकॉर्ड किया। आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि तीर्थंकर वे महान आत्माएं हैं जो संसार-सागर से पार उतरने का मार्ग प्रशस्त करती हैं। प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से लेकर 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर तक सभी ने आत्मा की शुद्धि को ही परम सुख का वास्तविक स्रोत बताया है।

# निवेशकों को बाजार की दिशा समझाने वाले निफ्टी 50 इंडेक्स के 30 वर्ष पूर्ण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोग अक्सर यह जानना चाहते हैं कि बाजार किस दिशा में जा रहा है। ऐसे में कुछ बड़े इंडेक्स निवेशकों को बाजार की स्थिति समझने में मदद करते हैं। भारत में ऐसा ही एक अहम इंडेक्स है निफ्टी 50 जिसने अब अपने 30 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने निफ्टी 50 के 30 वर्ष पूरे होने पर मुंबई स्थित एक्सचेंज प्लाजा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर बाजार से जुड़े कई प्रमुख लोग, निफ्टी 50 कंपनियों के प्रतिनिधि और पूंजी बाजार से जुड़े विशेषज्ञ मौजूद रहे। कार्यक्रम में तुहिन कांत पांडे, चेयरमैन, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, एस. गुरुमूर्ति पब्लिक इंटेलेक्चुअल, लेखक और भारतीय रिजर्व बैंक के स्वतंत्र निदेशक विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में श्रीनिवास इंजेती, चेयरमैन, एनएसई और आशीष कुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई भी मौजूद रहे।

CMYK

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



मधेपुरा में विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 281 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 11 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## ट्रेन से कटकर दो भाइयों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बरेज गांव के समीप बड़ा हादसा हुआ है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर स्थित भभुआ रोड रेलवे स्टेशन और मुठानी स्टेशन के बीच डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) ट्रैक पर मंगलवार सुबह घने कुहासे के कारण दो सगे भाइयों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान 24 वर्षीय प्रिंस कुमार और 22 वर्षीय रोहित कुमार के रूप में हुई है। दोनों मदन साह के पुत्र हैं और बरेज गांव के निवासी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों भाई सुबह खेत घूमने के लिए घर से निकले थे। रेलवे ट्रैक के एक तरफ गांव और दूसरी तरफ खेती होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों और किसानों का यहां रोजाना आना-जाना लगा रहता है। मृतक के भाई राजकुमार ने बताया कि आज सुबह घने कोहरे की वजह से दृश्यता बहुत कम थी जिसके चलते दोनों भाई तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन को देख नहीं पाए और उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद ट्रैक पर खून से सनी हालत देख परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पार करने की समस्या पर गहरा आक्रोश जताया है। उन्होंने मांग की है कि बरेज गांव के पास रेलवे ट्रैक पर अंडरपास या ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना सैकड़ों लोग ट्रैक पार करके खेतों में जाते हैं लेकिन कोई सुरक्षित व्यवस्था नहीं होने से जान का खतरा बना रहता है। सूचना मिलते ही आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) और मोहनिया पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। आरपीएफ के जवान एसके पांडेय ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तो पाया कि दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### मुख्यमंत्री ने सुपौल में 569 करोड़ एवं मधेपुरा में 295 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

## हर तबके का हो रहा विकास : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सुपौल/मधेपुरा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भले ही राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दर्ज कर दिया हो पर वह अभी भी प्रदेश की प्रगति के लिए लगातार एक्टिव हैं। इसका नजारा मंगलवार को देखने को मिला। सीएम नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के इस चरण की शुरुआत सुपौल और मधेपुरा से की। नीतीश कुमार ने सुपौल में कुल 569 करोड़ रुपये की 213 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 435 करोड़ रुपये की 84 योजनाओं का शिलान्यास जबकि 135 करोड़ रुपये की 129 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। सुपौल में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी सहित सरकार के कई अन्य मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान एक दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं मंत्री बिजेंद्र यादव को पाग, दोपटा और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया जिससे मंच पर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल बन गया। मुख्यमंत्री ने इस



समारोह में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए जहां सरकार की विकास योजनाओं को रेखांकित किया। वहीं विपक्ष पर भी निशाना साधा। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का लाभ हर वर्ग और हर समुदाय तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर तबके के विकास के लिए काम कर रही है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 2018 में ही हर घर बिजली पहुंचा दी गई है। अब आप सबको मुफ्त में ही बिजली दी जा रही है। अब हम लोग एक और काम कर रहे हैं। आपके घर में ही सोलर लगा रहे हैं, जिससे आपको बहुत फायदा होगा। सीएम नीतीश कुमार ने मंच से फिर दोहराया कि सरकार बनने से पहले जो वादा किया गया था उसे हर-हाल में पूरा किया दाए। एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। इसपर जोर-शोर से काम तल रहा है। यही नहीं महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं को 10-10 हजार दिया गया है, उन्हें 2-2 लाख रुपया भी दिया जाएगा। उनके रोजगार का आंकलन करना शुरू कर दिया गया है। मधेपुरा को विकास की नई ऊंचाई प्रदान करने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोसी की ऐतिहासिक धरती मधेपुरा में समृद्धि यात्रा पर पहुंचे। सीएम ने जिले में 137 विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया तथा 158 योजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया। वहीं मधेपुरा में अपने संबोधन में मंच से बोलते हुए मंत्री विजय चौधरी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि,मुख्यमंत्री ने फैसला ले लिया कि वो राज्यसभा जाएंगे। आज पूरा बिहार दुखी है। आप लोग चाहते हैं कि मुख्यमंत्री यहीं रहें? आपके हर फैसले में हम साथ हैं। आप भले राज्यसभा चले जाइये लेकिन हमारी एक शर्त है कि आपको बिहार में ही रहना होगा और सीधे तौर पर नेतृत्व करना होगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### प्रवर्तन अवर निरीक्षक भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने परिवहन विभाग के अंतर्गत 'प्रवर्तन अवर निरीक्षक' के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर दी है और आज, 10 मार्च 2026 को इसका अंतिम परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। यह भर्ती प्रक्रिया विज्ञापन संख्या-03/2025 के तहत आयोजित की गई थी। इस भर्ती के जरिए कुल 33 रिक्तियों को भरा गया है जिनमें 22 पुरुष और 11 महिलाएं चयनित हुई हैं।

#### ट्रेन में गुटखा-सिगरेट बेचा तो सीधे जाएंगे जेल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक सख्त कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड के निदेशक लव शुक्ला के आदेश पर देशभर के सभी जोनल रेलवे में आज से 'ज्वाइंट फोर्टनाइट ड्राइव' यानी 15 दिवसीय संयुक्त अभियान शुरू कर दिया गया है। लगातार मिलने वाली शिकायतों के बाद रेलवे ने स्पष्ट कर दिया है कि अब ट्रेनों में अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा।

#### प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र में सोमवार की रात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। घायल अवस्था में उन्हें मायागंज अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी आज अहले सुबह मौत हो गई। मृतक की पहचान शेरमारी बाजार निवासी ऋषभ झा (35) के रूप में हुई है। ऋषभ झा प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था।

#### इंटर छात्र की संदिग्ध मौत

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पिपरा थाना क्षेत्र के चकबारा बखरी गांव में एक इंटर के छात्र की संदिग्ध मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सोमवार रात घर के अंदर 18 वर्षीय छात्र का शव फंदे से लटका हुआ मिला। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है, वहीं गांव के लोग भी स्तब्ध हैं। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए प्रेम प्रसंग में साजिश का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान वैशाली जिले के राजापाकड़ गांव निवासी रूपलाल साह के पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई है।

#### घूस लेते गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने जिले के कौडिया लालपुर पंचायत के मुखिया अवधेश साह को 16 हजार रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी सीतामढ़ी डुमरा कोर्ट कैंपस दुर्गा मंदिर के बगल स्थित एक भोजनालय से हुई।

## कोई भी उच्च पद संभालने में सक्षम हैं निशांत कुमार : डॉ. निर्मल कुशवाहा

### जदयू के वरिष्ठ नेता ने निशांत के राजनीति में आने का किया स्वागत, बताया सादगी और ईमानदारी की मिसाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता तथा औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पूर्व संगठन प्रभारी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के राजनीति में आने की संभावना का स्वागत करते हुए कहा कि निशांत कुमार मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित किसी भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार का सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होना बिहार की राजनीति के लिए एक सकारात्मक और पवित्र परंपरा की शुरुआत साबित हो सकता है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि निशांत कुमार स्वभाव से बेहद सरल, सहज और





सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी दिखावा, बनावट या आडंबर को महत्व नहीं दिया। मुख्यमंत्री के पुत्र होने के बावजूद उन्होंने हमेशा साधारण और मर्यादित जीवन शैली को अपनाया है, जो आज के दौर में एक बड़ी मिसाल है। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार ने अपने पिता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सानिध्य में रहकर राजनीति की बारीकियों को बहुत करीब से समझा है। शासन-प्रशासन के कामकाज को उन्होंने लंबे समय तक देखा और समझा है, जिससे उन्हें प्रशासनिक व्यवस्था और जनसेवा की भावना का गहरा अनुभव प्राप्त हुआ है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि निशांत कुमार ने अपने पिता से यह भी सीखा है कि बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक कैसे पहुंचाया जा सकता है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि बिहार के आम लोगों की पीड़ा और समस्याओं को दूर करने का संकल्प भी निशांत कुमार ने अपने पारिवारिक संस्कारों से ही सीखा है। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार कार्यकर्ताओं और आम लोगों को सम्मान देना जानते हैं। यही कारण है कि अगर वे सक्रिय राजनीति में आते हैं तो वे निश्चित रूप से जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनेंगे। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि आज की राजनीति में सादगी, ईमानदारी और साफ-सुथरी छवि वाले युवा नेताओं की कमी महसूस की जा रही है। ऐसे समय में निशांत कुमार जैसे युवा और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व का राजनीति में आना बिहार की राजनीति के लिए एक सुखद और सकारात्मक अध्याय की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार उस राजनीतिक परंपरा से आते हैं, जिसने हमेशा सादगी, ईमानदारी और समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। ऐसे में उनका राजनीति में आना न केवल जनता दल यूनाइटेड बल्कि पूरे बिहार के लिए एक नई उम्मीद लेकर आएगा।

## हड़ताल के बीच पांच अंचल अधिकारियों का इस्तीफा मंजूर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में राजस्व सेवा के अधिकारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच सरकार ने पांच अंचल अधिकारियों का त्याग पत्र स्वीकार कर लिया है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से आज 10 मार्च को पत्र जारी किया गया है। वैशाली के जिलाधिकारी की अनुशंसा और व्यक्तिगत आवेदन के आधार पर हाजीपुर सदर अंचल कार्यालय की राजस्व अधिकारी स्मृति कुमारी का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है। वहीं जिलाधिकारी रोहतास की अनुशंसा के आलोक में रोहतास के राजपुर अंचल के अंचल अधिकारी अंकित वर्मा का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है। इनका त्यागपत्र 27 अगस्त 2024 के प्रभाव से ही स्वीकार किया गया है। वहीं सारण के जिलाधिकारी की अनुशंसा के आलोक में परसा अंचल के राजस्व अधिकारी शिवांगी पांडे का त्यागपत्र 7 मई 2025 के प्रभाव से ही स्वीकृत किया गया है। रोहतास के जिलाधिकारी की अनुशंसा के आलोक में राजस्व अधिकारी राजन कुमार का त्यागपत्र 26 जून 2025 के प्रभाव से स्वीकार किया गया है। यह बिहार वित्त सेवा के अंतर्गत सहायक जिला लेखा पदाधिकारी के पद पर चयनित हुए हैं। उक्त पद पर योगदान के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग इन्हें विरमित कर दिया है। वहीं वैशाली के जिलाधिकारी की अनुशंसा के आलोक में गोरौल अंचल के अंचल अधिकारी अंशु कुमार को 19 दिसंबर 2025 के प्रभाव से त्यागपत्र स्वीकार किया गया है।

## नहीं रहे कुर्मी चेतना रैली के सूत्रधार सतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** साल 1994 में पटना के गांधी मैदान में कुर्मी चेतना रैली से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाने वाले पूर्व विधायक सतीश कुमार नहीं रहे। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। ब्रेन हेमरेज के बाद अस्पताल में भर्ती भी करवाया गया था। उपेंद्र कुशवाहा सहित कई नेताओं ने अस्पताल जाकर हाल-चाल भी लिया था। सीएम ने उनके निधन पर शोक जताया है। सतीश कुमार के अंतिम दर्शन के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो खुद नहीं गए लेकिन उनके बेटे निशांत ने पूर्व विधायक के पार्थिव शरीर पर जरूर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। निशांत ने कंकड़बाग स्थित उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके पुत्र और अन्य परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी सतीश कुमार के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, 'अस्थावां एवं सूर्यगढ़ा के पूर्व विधायक सतीश कुमार जी का निधन दुःखद। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।' नीतीश कुमार के करीबी रहे सतीश कुमार अस्थावां और सूर्यगढ़ा से विधायक रहे थे। उनके निधन से नालंदा सहित कई क्षेत्रों में शोक की लहर है। लोकसभा का चुनाव लोक जन शक्ति पार्टी के टिकट पर लड़ा था। सतीश कुमार ने 12 फरवरी 1994 को गांधी मैदान में कुर्मी चेतना महारैली का आयोजन किया था।

## इंसेंटिव पॉलिसी से खुलेंगी बंद चीनी मिलें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी के गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में चीनी मिलों के पूर्णस्थापन व गन्ने की खेती को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री सम्राट चौधरी, भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर राज्य में बंद पड़ी चीनी मिलों के चालू करने के साथ ही 25 नई चीनी मिलों की स्थापना और गन्ना की पैदावार बढ़ाने पर महत्वपूर्ण चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गन्ना उद्योग मंत्र संजय कुमार ने कहा कि गन्ना किसानों के हितों के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। किसानों की मांग पर गन्ना का मूल्य भी बढ़ाया गया है।





उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि शीघ्र ही इसेंटिव पॉलिसी 2026 शीघ्र लायी जायेगी और इसके माध्यम से राज्य में उद्योग को बढ़ावा दिया जायेगा। अब सरकार ने बंद मिलों को चालू कराने के साथ ही नई चीनी मिलें लगाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। आज बिहार में 10 चीनी मिलें चालू हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने चुनावी सभा के दौरान मंच से बिहार में 25 नई चीनी मिलें लगाने की घोषणा की थी। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में धरातल पर उतरने जा रही है। उपमुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आजादी के समय हमारा बिहार गन्ना के क्षेत्र में काफी आगे था लेकिन बदहाली के कारण इसे गर्त में पहुंचा दिया गया। राज्य में पहले 16 चीनी मिलें थी, लेकिन कुछ नकारात्मक लोगों के कारण यह चीनी मिलें बंद हो गई थी। आज 10 चीनी मिलें चालू हैं। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार का इतिहास गवाह है कि हम चीनी उत्पादन में देश के अग्रणी राज्य में थे। गन्ने की खेती के लिए बिहार वरदान है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना 2016 बनाई गई है। नई एथनॉल प्रोत्साहन नीति बनाई गई है। गन्ना केवल चीनी ही नहीं बल्कि इंधन बनाने का कार्य करेगा। इस मौके पर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि उद्योग स्थापित कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य की बंद चीनी मिलों को खोलने और 25 नई चीनी मिलों को स्थापित कराने का सरकार ने संकल्प लिया है।

## 4474 करोड़ की दो रेल परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 4,474 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने जिन दो परियोजनाओं को शामिल किया गया है उनमें सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन एवं संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन शामिल है। श्री वैष्णव ने बताया कि बढ़ी हुई रेल लाइन क्षमता से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से परिचालन को सुव्यवस्थित



करने और भीड़भाड़ को कम करने में सहायता मिलेगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत बनाई गई हैं, जिसमें एकीकृत योजना और हितधारकों के परामर्श के माध्यम से मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के निर्बाध आवागमन के लिए कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्यों के 5 जिलों को शामिल करने वाली 2 परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 192 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 5,652 गांवों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिनकी आबादी लगभग 147 लाख है। प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों, जैसे बोलपुर-शांतिनिकेतन, नंदिकेश्वरी मंदिर (शक्तिपीठ), तारापीठ (शक्तिपीठ), पटाचित्र ग्राम, धडिका वन, भीमबंध वन्यजीव अभ्यारण्य, रामेश्वर कुंड आदि के लिए रेल संपर्क में सुधार होगा। रेल मंत्री के अनुसार स्वीकृत परियोजनाएं कोयला, पत्थर, डोलोमाइट, सीमेंट, स्लैग, जिप्सम, लोहा और इस्पात, खाद्यान्न, पीओएल, कंटेनर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 31 मिलियन टन माल ढुलाई की अतिरिक्त क्षमता प्राप्त होगी। रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा दक्ष परिवहन माध्यम होने के नाते, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने में सहायता करेगा, तेल आयात (6 करोड़ लीटर) को कम करेगा और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (28 करोड़ किलोग्राम) को कम करेगा, जो एक करोड़ पौधारोपण के बराबर है।

## बिहार के 55 कॉलेजों को मिलेगा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का दर्जा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में उच्च शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है। इस क्षेत्र में बड़े सुधार की जरूरत है। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों समेत अंगीभूत महाविद्यालयों में एक क्वालिटी एजुकेशन इकोसिस्टम विकसित करने की जरूरत है। राज्य सरकार ने जिन 55 प्रतिष्ठित अंगीभूत कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए चयन किया है उसके लिए विशेष रणनीति और कार्य योजना बनाकर जमीन पर उतारने होंगे। उच्च शिक्षण संस्थानों में केवल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने से काम नहीं चलेगा बल्कि जो नये प्राध्यापक आ रहे हैं उनमें टीचिंग एंड लर्निंग कंटेंट भी विकसित करना होगा, एआई तकनीकी भी उपयोग करने होंगे। ये सुझाव मंगलवार को विशेषज्ञों द्वारा उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला में दिए गए। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने चयनित कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में बड़े सुधार के लिए आए सुझावों को सरकार कार्य योजना में शामिल करेगी। इनसे रणनीति बनाने और नीतियां तैयार करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में राज्य में चयनित कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया। जाएगा, जहां उच्च गुणवत्ता एआई तकनीक, कौशल, बेहतर भवन, आधुनिक प्रयोगशाला, डिजिटल शिक्षा एवं रिसर्च सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। उच्च सचिव राजीव रौशन ने कार्यशाला ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्यशाला है। उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार सरकार की प्राथमिकता है।

C M Y K

## एक नजर

### प्रधान शिक्षकों की बैठक आयोजित

**नारदीगंज,नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में सभी प्रधान शिक्षकों की बैठक हुई। मंगलवार को आयोजित बैठक में प्राथमिक, मध्य, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, संकुल समन्वयकों ने भाग लिया। अध्यक्षता बीइओ दीपक सक्सेना ने की। प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक समेत अन्य की मौजूदगी में हुआ। इस बैठक में यू-डाइस 2025-26 में इंट्री से सम्बंधित, अपार में समीक्षा, वितीय वर्ष 2025-26 का जिओबी मद में प्राप्त राशि उपयोगिता, कैश पंजी मूल, मशाल 2024 का उपयोगिता सीआरसी में नहीं जमा करने वाले को जमा करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा परिभ्रमण का उपयोगिता से सम्बंधित समीक्षा, पीएम पोषण योजना, ई शिक्षा कोष में नया नामांकन से सम्बंधित विद्यालय बार प्रतिवेदन समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर प्राचार्य मनोज कुमार झा, प्राचार्य विपिन कुमार विमल, प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार चौहान समेत अन्य रहे।

### पूर्व मुखिया का आकस्मिक निधन

**नारदीगंज,नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के कोसला पंचायत के पूर्व मुखिया सह रामे निवासी रविन्द्र सिंह का आकस्मिक निधन सोमवार को देर शाम हो गया। निधन की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इस घटना पर पूर्व मुखिया अरविन्द मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार, पैक्स अध्यक्ष श्रवण कुमार,पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह समेत अन्य लोगों ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन हो जाने से परिवार, समाज को अपूर्णीय क्षति पहुँची है, जिसकी भरपाई सम्भव नहीं है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गोबिंदपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौआकोल पूर्वी एवं पश्चिमी मण्डल में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि महाअभियान का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक रूप से सक्षम, वैचारिक रूप से सशक्त और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि यह महाअभियान संगठन की शक्ति बढ़ाने और कार्यकर्ताओं को विकसित भारत/राज्य के लक्ष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा वैचारिक अधिष्ठान पर आधारित पार्टी है। पार्टी के विचारों, पंच निष्ठाओं और केंद्र-राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने आगामी प्रशिक्षण महाअभियान की मंडल और बूथ स्तरीय कार्ययोजना की भी जानकारी दी। मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकुल कुमार सिंह, शैलेंद्र शर्मा, कुंदन कुमार, निवास, प्रभाकर, संदीप कुमार, उपेंद्र चंद्रवंशी, नीतू गुप्ता, ज्योति सिंह, अजीत वर्मा, अनंत बरनवाल आदि मौजूद थे।

### चिरैला विद्यालय के विद्यार्थी शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना

**रजौली (नवादा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत के चिरैला स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में शैक्षणिक परिभ्रमण किया। इस परिभ्रमण के दौरान वर्ग 6 से वर्ग 8 के छात्र-छात्राओं मंगलवार को ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों नालंदा खंडहर, पावापुरी तथा राजगीर ले जाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नालंदा के प्राचीन विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन कर उसके इतिहास और महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। पावापुरी में भगवान महावीर से जुड़े पवित्र जल मंदिर का दर्शन किया तथा राजगीर में स्थित ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का भी भ्रमण किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोमनाथ,शिक्षक उपेंद्र कुमार एवं राजीव कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कुंडलपुर महोत्सव 2026 की तैयारी को लेकर बैठक

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुंडलपुर महोत्सव 2026 के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों के साथ पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा ने की। विदित हो कि दिनांक 30 एवं 31 मार्च 2026 को राजकीय समारोह कुंडलपुर महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा कृषि, उद्यान, जीविका, स्वास्थ्य, श्रम कल्याण, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, फूड,आपदा,पशुपालन, पर्यटन, आईसीडीएस का स्टॉल लगाकर आम जन को लाभान्वित किया जाएगा, जिसकी पूर्व तैयारी हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, डीपीओ आईसीडीएस, जिला पर्यटन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित समिति के सदस्य गण आदि उपस्थित थे।

### रोजगार कैम्प का आयोजन

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार संयुक्त श्रम भवन (जिला नियोजनालय), नवादा के तत्वावधान में बेरोजगार अभ्यर्थियों के रोजगार हेतु एकदिवसीय विशेष रोजगार कैम्प का आयोजन जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा में 10 मार्च 2026 को किया गया। इस कैम्प में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नवादा, फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, साहुल मोटर्स, नवादा अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर, पटना, आमधाने प्रा. लि., पटना, टेरियर सिक्योरिटी सर्विस प्रा. लि., मुजफ्फरपुर तथा एलआईसी ऑफ इंडिया सहित कुल सात नियोजकों ने भाग लिया। इस विशेष रोजगार कैम्प में कुल 205 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसके आलोक में नियोजन कैम्प में अभ्यर्थियों द्वारा कुल 151 बायोडाटा प्राप्त हुए, जिनमें साक्षात्कार के उपरांत 71 अभ्यर्थियों का स्थल पर ही चयन किया गया। इस जॉब कैम्प में यंग प्रोफेशनल राजु अम्बेडकर, डीएसएम पवन कुमार एवं प्रिंस कुमार द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से संबंधित योजनाओं एवं प्रयासों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। इस जॉब कैम्प के सफल आयोजन में कार्यालय के सभी कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पोसंडा में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा प्रखंड के पोसंडा गांव में मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। सोमवार की शाम को हिलसा नगरपरिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने कथा स्थल पर मां भगवती की पूजा-अर्चना की और आयोजन समिति के सदस्यों से मुलाकात की। मुख्य पार्षद ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज मेंआध्यात्मिक चेतना और आपसी भाईचारा बढ़ाते हैं। कथावाचक आचार्य ज्ञानी जी ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया। उन्होंने अपने प्रवचन में भगवान की भक्ति, सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से लीन होकर कथा सुनते रहे। श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ चौथा दिन मंगलवार की शाम को श्री श्री 1008 स्वामी रामप्रपन्नाचार्य जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिया। श्रद्धालुओं के बैठने तथा प्रसाद वितरण की उचित व्यवस्था की गई है।

# अतिक्रमण की समस्या को दूर करने पर बल

## डीएम ने की तकनीकी विभागों की योजनाओं/परियोजनाओं की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में तकनीकी विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के क्रम में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल नालंदा द्वारा एनएच-31 के 97वें किलोमीटर पर कादिरगंज एसएच-08 से सादीपुर रेलवे हॉल्ट के समीप रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि भू-अर्जन हेतु सेक्शन 11(1) निर्गत किए जाने के साथ संवेदक द्वारा साइट कैंप का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि नवादा जिलांतर्गत सकरी नदी पर गोविंदपुर-रोह रोड पर गोविंदपुर प्रखंड के पास 20जी-27.80 मीटर आकार के उच्च स्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान गोविंदपुर-दर्शन नाला पथ एवं एनएच-20 से गोपालपुर मोड़ होते हुए कुलना तक पथ निर्माण कार्य को प्रगति में बताया गया। साथ ही समीक्षा के क्रम में यह भी बताया गया कि लेघा-कझिया-नाद-कुलना पथ तथा नवादा स्टेशन रोड से गोसाईबीघा, जहाना, सुपौल पथ दोनों योजनाएं निविदा उपरांत तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया में हैं। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि लघु सिंचाई विभाग अंतर्गत कोशडीह पईन सिंचाई योजना का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा अंतिम छोर पर अतिक्रमण की समस्या को दूर करते हुए कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सिंचाई योजनाओं एवं चेक डैम निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) अंतर्गत विभिन्न पथ एवं पुल निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल रजौली द्वारा बताया गया कि गोविंदपुर प्रखंड में पीएमजीएसवाई योजनांतर्गत चोरडीहा से नावाडीह एवं खखंदुआ से अवनैया पथ निर्माण योजनाओं के लिए प्रतिपूरक वनीकरण हेतु आवश्यक भूमि अंचल कार्यालय द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। जिला पदाधिकारी ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। सहायक अभियंता, पीएचईडी द्वारा बताया गया कि 14 प्रखंडों में सार्वजनिक चापाकलों की मरम्मत एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए मरम्मत दल द्वारा कार्य किया जा रहा है, ताकि कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। जिला पदाधिकारी ने सहायक अभियंता, पीएचईडी को निर्देश दिया कि पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता, पीएचइडी, नवादा को निर्देश दिया कि मेसकौर प्रखंड क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर की उपलब्धता कराई जाए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कनीय अभियंता से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए जल समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त बैठक में विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में 20 सूत्री समिति की बैठक में उठाए गए मामलों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल नवादा, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग नवादा एवं रजौली, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, सहायक अभियंता पीएचईडी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निदेशानुसार जिले में वर्ष 2027 की जनगणना को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में डीआरडीए सभागार, नवादा में जनगणना कार्य की तैयारी हेतु जिलास्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, सहायक चार्ज अधिकारी (ग्रामीण/नगर) तथा अन्य संबंधित पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (09 मार्च से 11 मार्च 2026) आयोजित किया जा रहा है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह से पेपरलेस अर्थात डिजिटल मोड में कराई जाएगी। जनगणना निदेशालय के नोडल पदाधिकारी रंजय कुमार सिंहा एवं रंजीत कुमार ने बताया कि डिजिटल जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण (मकान सूचीकरण) 02 मई से 31 मई 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। पहले चरण के दौरान कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मकान निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग, मकान मालिक का नाम तथा घर में उपलब्ध सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि से संबंधित जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही मोटरसाइकिल, कंप्यूटर, मोबाइल तथा घर में उपयोग किए जाने वाले अनाज का विवरण भी ऐप के माध्यम से दर्ज किया जाएगा। नागरिकों को इस बार स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर भरने की सुविधा भी दी जाएगी, जबकि प्रगणक द्वारा केवल उसका सत्यापन किया जाएगा। इसके सुचारू संचालन के लिए 12 से 14 मार्च तक जिले के मास्टर ट्रेनर्स को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता स्व-गणना होगी। पहले चरण की शुरुआत से 15 दिन पूर्व अर्थात 17 अप्रैल से 01 मई 2026 तक आम नागरिकों के लिए एक वेब पोर्टल उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर लोग घर बैठे स्वयं अपने एवं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात संबंधित प्रगणक (एन्यूमेरेटर) घर-घर जाकर एसईआईडी के माध्यम से उक्त डेटा का सत्यापन कर उसे अंतिम रूप से सबमिट करेंगे।

# डीएम ने किया विभिन्न मामलों का निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत कुल 10 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से आठ मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपील वादों में श्रीतम कुमार द्वारा कृषि विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के संबंध में, शिवशंकर प्रसाद द्वारा अतिक्रमण के संबंध में, धर्मेन्द्र कुमार द्वारा राशन कम वितरण करने के संबंध में, बेबी देवी द्वारा बिहार सरकार की भूमि से अवैध कब्जा हटाने एवं निर्माण कार्य पर रोक लगाने के संबंध में, प्रमोद कुमार द्वारा बिहार सरकार की जमीन पर अवैध कब्जा करने के संबंध में, ओम प्रकाश द्वारा दाखिल-खारिज प्रक्रिया में अनियमितता के संबंध में, अशोक पासवान द्वारा कम्प्यूटरीकृत जमाबंदी को हटाने के संबंध में, तथा जितेन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है।

# 'भारत विस्तार' एआई भारतीय कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** कृषि रोड मैप के तहत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में 10 मार्च 2026 को जिला कृषि प्रक्षेत्र, नवादा के प्रांगण में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिलाधिकारी रवि प्रकाश, विधायक, नवादा विधानसभा विभा देवी, विधायक, गोविंदपुर विधानसभा विनिता मेहता तथा जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि भारत विस्तार एआई भारतीय कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आया है। यह एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म है, जो किसानों को उनकी अपनी भाषा में मौसम, मंडी भाव, कीट-रोग, फसल सलाह तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित यह पहल किसानों को मोबाइल फोन के माध्यम से कृषि से जुड़ी जानकारी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायक होगी। भारत विस्तार योजना के तहत किसान 155261 नंबर पर कॉल कर अपनी समस्याएं भी बता सकेंगे और उन्हें तत्काल समाधान प्राप्त होगा। उन्होंने किसानों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। जिलाधिकारी, नवादा द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यांत्रिकरण एवं अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के समयबद्ध एवं सफल क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत कुल 91 प्रकार के विभिन्न कृषि यंत्रों के वितरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। 23 फरवरी 2026 को लॉटरी के माध्यम से कुल 1804 स्वीकृति पत्र निर्गत किए गए हैं। निर्गत स्वीकृति पत्रों के विरुद्ध अब तक 711 किसानों द्वारा अनुदानित दर पर मेला/मेला से बाहर विभाग द्वारा निबंधित कृषि यंत्र विक्रेताओं के माध्यम से विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि आधुनिक कृषि में कृषि यंत्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि रोड मैप के अंतर्गत कृषि यांत्रिकरण योजना के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके उपयोग से लघु एवं सीमांत किसान समय पर कृषि कार्यों का निष्पादन कर सकेंगे तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से फसलों को संरक्षित कर सकेंगे।

# डिजिटल मोड में होगी 'जनगणना 2027'




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं चार्ज स्तरीय पदाधिकारी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में उप विकार आयुक्त शुभम कुमार के अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय के नोडल पदाधिकारी नालन्दा नवीन कुमार एवं अशोक चौधरी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में आगामी जनगणना 2027 को पूर्णतः डिजिटल मोड में कराया जाना है जिसके दो चरण में होगा। प्रथम चरण - 2 से 31 मई 2026 एवं द्वितीय चरण - 9 से 28 फरवरी 2027 तक होगा। प्रथम चरण के जनगणना के प्रारंभ होने से 15 दिन पहले यानी 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक स्व गणना के लिए वेब पोर्टल खुला रहेगा। जिसमें आम नागरिक अपना जानकारी खुद भर पाएंगे। जिसे बाद में संबंधित प्रगणक एसइआइडी को वेरिफाई कर डाटा सबमिट करेंगे। 12 से 14 मार्च तक जिलेभर के शासकीय ट्रेनर का प्रशिक्षण भी होना है । प्रथम चरण में कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। जो मकान के निर्माण में उपयोग किए गए सामग्री, मकान का उपयोग, मकान का स्वामित्व, घर में उपलब्ध सुविधा ( बिजली, पानी, शौचालय, मोटरसाइकिल, कंप्यूटर, मोबाइल) इत्यादि साथ ही उपयोग किए जाने वाले अनाज का भी ब्यौरा लिखा जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, नोडल पदाधिकारी जनगणा, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, डीपीआरओ एवं अन्य पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थें।

# चोरी की घटना में शामिल आठ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी भैंसासुर मोहल्ले में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने महज 10 दिनों के अंदर सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने चोरी में शामिल सभी आठ आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गई लाखों रुपये की संपत्ति भी बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि शिवपुरी भैंसासुर निवासी अविनाश कुमार ने 26 फरवरी 2026 को अपने घर में हुई चोरी की घटना को लेकर लहेरी थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में परिवार के करीब 73 लाख रुपये मूल्य के गहनों की चोरी होने की बात कही गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के क्रम में कुख्यात चोर आदित्य कुमार उर्फ चिकारा (उम्र करीब 25 वर्ष) की पहचान हुई। पुलिस ने सूचना संकलन के बाद 8 मार्च 2026 को पटना सिटी बाईपास स्थित उसके किराये के मकान से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने मामले में शामिल अन्य आरोपितों रोहित शर्मा, रोशन कुमार, रजत खत्री, कपिल कुमार, साविता देवी एवं वर्षा कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया। इनमें रजत खत्री और कपिल कुमार पर चोरी के सोने को खरीदने और गलाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने के आभूषणों में से पिघले हुए सोने समेत कुल 132.68 ग्राम सोना, 23 लाख 39 हजार रुपये नकद तथा बिना नंबर की एक केटीएम मोटरसाइकिल बरामद की है। साथ ही चोरी की घटना में प्रयुक्त औजार भी जब्त किए गए हैं। छापामारी टीम में लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक, अवर निरीक्षक रितुराज, नीतीश रंजन एवं डीआईयु की टीम शामिल थे।

# सोमवार-शुक्रवार को कार्यालय में मिलेंगे अधिकारी, डीएम ने दिए सख्त निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी व गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मलमास मेला 2026 की पूर्व तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, संवेदनशील और जवाबदेह बनाना है, ताकि आम नागरिकों को अपने दैनिक कार्यों में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि अपनी समस्याओं को लेकर सरकारी कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को संबंधित अधिकारी नहीं मिलते, जिससे उन्हें असुविधा होती है। इसे देखते हुए अब प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपनी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों से उनके निर्धारित कार्यालय कक्ष में मिल सकेंगे। डीएम ने निर्देश दिया कि इन दोनों दिनों में सभी अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों से सम्मानपूर्वक मिलें, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश संबंधित अधिकारी उपस्थित नहीं रह पाते हैं, तो उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी इस दायित्व का निर्वहन करेंगे। बैठक में एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने मिशन मोड में जमाबंदी के बकेट क्लेम एवं सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिला जनता दरबार की समीक्षा के दौरान उन्होंने वर्ष 2026 में प्राप्त सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा निष्पादित मामलों की रिपोर्ट गूगल डॉक पर नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए।

# भाजपा आइटी विभाग की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** भाजपा आइटी विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय मेहनौर में आईटी विभाग के जिला संयोजक अमित शान के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष राजेश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान संगठन की कार्यशैली, विचारधारा और कार्यकर्ताओं की क्षमता को और अधिक मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी मंडलों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यशालाओं को सफल बनाने के लिए आईटी विभाग के कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मौके पर आइटी विभाग के जिला संयोजक अमित शान ने कहा कि नालंदा भाजपा का आईटी विभाग इस प्रशिक्षण महा अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आईटी विभाग के कार्यकर्ता सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं के लिए संगठन को गहराई से समझने और अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

# मघड़ा में तीन दिवसीय शीतलाष्टमी मेले की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** ऐतिहासिक मघड़ा गांव स्थित प्राचीन सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक शीतलाष्टमी मेले की शुरुआत हो गई है। चैत्र कृष्ण सप्तमी से आरंभ हुए इस धार्मिक मेले को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मेले में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और उत्तराखंड सहित कई राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मघड़ा स्थित मां शीतला मंदिर का उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा वृत्तांतों में भी मिलता है। मंदिर के पुजारी मिथलेश कुमार मिश्रा के अनुसार, जब ह्वेनसांग नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे थे, तब वे बड़ी पहाड़ी स्थित पुस्तकालय से विश्वविद्यालय आने-जाने के दौरान इस स्थान पर नीम और पीपल के पेड़ों की छांव में विश्राम किया करते थे।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब भगवान विष्णु ने माता सती के शरीर के खंड किए थे, तब भगवान शिव ने सती के अवशेषों को एक 'मघ' (घड़े) में रखकर इसी स्थान पर छिपाया था। इसी कारण इस गांव का नाम मघड़ा पड़ा। बाद में राजा वृषकेतु को स्वप्न में माता के दर्शन हुए, जिसके बाद खुदाई के दौरान यहां मां की प्रतिमा प्राप्त हुई और मंदिर की स्थापना की गई। मघड़ा मंदिर की प्रमुख परंपरा 'बसियौरा' पूजा है। सप्तमी के दिन श्रद्धालु चने की दाल, चावल और सब्जी का प्रसाद बनाते हैं, जबकि अष्टमी के दिन माता को बासी भोग अर्पित किया जाता है। इस दिन पूरे गांव में चूल्हा नहीं जलाया जाता और घरों में झाड़ू तक नहीं लगाई जाती। प्रसाद तैयार करने के लिए गांव के ऐतिहासिक 'मिट्ठी कुआं' के जल का उपयोग किया जाता है। मान्यता है कि जहां से मां की प्रतिमा प्रकट हुई थी, वही स्थान आज कुएं के रूप में मौजूद है और भीषण गर्मी में भी इसका जल कभी नहीं सूखता। मां शीतला को आरोग्य और मनोकामना की देवी के रूप में पूजा जाता है। चेचक और अन्य चर्म रोगों से मुक्ति की कामना लेकर श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मंदिर का जल और भभूत लगाने से रोगों से राहत मिलती है।

# कंटेनर की चपेट में आए दो टोलकर्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर अदलबिगहा मोड़ के समीप सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि एक युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि दूसरे का बायां पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कंटेनर चालक और उपचालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवादा की ओर से आ रहे कंटेनर ट्रक (संख्या WB59E3392) ने होंडा शाइन बाइक (संख्या BR27M5243) को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति टोल प्लाजा के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। हादसे में घायल लोगों की पहचान उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले निवासी 55 वर्षीय धीरेंद्र सिंह तथा खगड़िया जिले निवासी 40 वर्षीय गोविंद सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों करिगांव स्थित टोल प्लाजा में कार्यरत हैं और बहादुरपुर से दैनिक उपयोग की सामग्री खरीदकर वापस लौट रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों और डायल 1033 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल रजौली पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और थाना में पदस्थापित एएसआई राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कंटेनर से निकालकर सड़क किनारे किया गया और यातायात को सामान्य करने की कोशिश की गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि टोल प्लाजा से महज 500 मीटर दूर सड़क किनारे चाय दुकानों और होटलों के कारण अक्सर भारी वाहन मोड़ के पास खड़े कर दिए जाते हैं। इससे गांव की ओर से आने-जाने वाले बाइक सवारों को सड़क पर गुजर रहे वाहनों का सही अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# समृद्धि यात्रा से बिहार के विकास को मिलेगी नई गति : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया/पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना स्थित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज से राज्यव्यापी समृद्धि यात्रा पर निकल रहे हैं जिसकी शुरुआत मधेपुरा जिले से होगी। उन्होंने बताया कि



इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और आम लोगों से सीधा संवाद भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि मधेपुरा से शुरू होने वाली यह यात्रा चरणबद्ध तरीके से राज्य के अन्य जिलों में भी पहुंचेगी जिससे सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जमीनी स्थिति का आकलन किया जा सकेगा।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन, विकास और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम हुआ है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समृद्धि यात्रा के माध्यम से बिहार के विकास को और गति मिलेगी तथा सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को डॉ प्रेम कुमार ने दी विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया/पटना।** पटना एयरपोर्ट स्थित स्टेट हैंगर में आयोजित विदाई समारोह में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी।



इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आरिफ मोहम्मद खान का बिहार में भले ही कार्यकाल अल्प समय का रहा, लेकिन उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान संवैधानिक मर्यादाओं का पूरी निष्ठा और गरिमा के साथ निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य के विकास, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अपने अनुभव, विद्वता और स्पष्ट विचारों के कारण आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार की जनता के बीच एक अलग पहचान बनाई। उनके मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच से राज्य के प्रशासनिक तथा सामाजिक वातावरण को नई दिशा मिली। उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान के उज्ज्वल भविष्य तथा स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि बिहार की जनता उनके योगदान को सदैव स्मरण रखेगी। विदाई समारोह में मंत्री मंगल पांडे, मंत्री सुनील कुमार, वरीय पुलिस पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जनसेवा के प्रति समर्पण को देख डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को उनके सामाजिक कार्यों और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए क्राइम दस्तक के द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज में मानवाधिकार, सामाजिक न्याय तथा जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्राइम दस्तक के प्रधान संपादक ने डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर, पीड़ित और जरूरतमंद लोगों की आवाज उठाने का कार्य किया है। मानवाधिकार की रक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनहित के मुद्दों पर उनकी सक्रिय भूमिका



समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सम्मानित करना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है जिससे अन्य लोग भी सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित होते हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने क्राइम दस्तक परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज सेवा के कार्यों में उनके साथ सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति सेवा भाव से कार्य करना उनका कर्तव्य है और आगे भी वे इसी भावना के साथ समाज के गरीब, असहाय और पीड़ित लोगों की मदद के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. मनीष पंकज मिश्रा को सम्मानित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और समाज सेवा के कार्यों के लिए निरंतर सफलता की कामना की।

## दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रैना बाजार के समीप मंगलवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं और अनियंत्रित होकर एक-दूसरे से भिड़ गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सवार सड़क पर दूर जा गिरे जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायलों की पहचान सुधीर पासवान (19 वर्ष), ग्राम ददरेजी तथा इंदल पासवान (21 वर्ष), ग्राम पौथु के रूप में की गई है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी और दोनों घायलों को इलाज के लिए गुरारू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# गोबर बना कमाई का जरिया, गांव की रसोई तक पहुंची बायोगैस



**सामुदायिक बायोगैस संयंत्रों को बढ़ावा देने के लिए विभाग के पास पर्याप्त धनराशि : मंत्री**

**गया।** बायोगैस से लकड़ी, कोयला और केरोसिन जैसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होती है। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आती है जिससे जलवायु परिवर्तन में संभावित योगदान कम होता है। इसके साथ बायोगैस ऊर्जा का एक स्वच्छ स्रोत है और इससे घर के अंदर वायु प्रदूषण और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं कम होती हैं। गया और पूर्वी चंपारण में बायो गैस प्लांट के पायलट प्रोजेक्ट सफल रहे हैं। लोहिया स्वच्छ मिशन के तहत सामुदायिक बायोगैस संयंत्रों को बढ़ावा देने के लिए विभाग के पास पर्याप्त धनराशि है। केंद्र सरकार भी विकेंद्रीकृत तरीके से बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने में सहयोग कर रही है। हमें अन्य जिलों से भी इसी तरह की पहल की उम्मीद है।

**श्रवण कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया के बोधगया ब्लॉक अंतर्गत बतसपुर गांव में गृहणियों को रसोई के लिए उपला बनाने और उसके धुएं की बदहाली से हमेशा-हमेशा के लिए छुटकारा मिल चुका है। इन महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्थापित गोबर-धन योजना से आया है। गांव में बायो गैस प्लांट के लगने से गृहणियों को काफी कम कीमत पर रसोई के लिए जहां बायो गैस मिल जा रहा है वहीं पशु अपशिष्ट के निराकरण के लिए भी एक ऐतिहासिक पहल शुरू हो गई है। गया जिले के बोधगया ब्लॉक अंतर्गत बतसपुर गांव में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण वर्ष 2023 में गोबर-धन योजना के तहत बायोगैस प्लांट स्थापित किया गया। करीब 50 लाख रुपये की लागत से स्थापित प्लांट में गोबर खपत की क्षमता प्रतिदिन 2 टन है। इसके लिए गोबर गांव में ही 50 पैसे प्रति किलो की दर से पशुपालकों से खरीदा जा रहा है। इससे जहां पशुपालकों की अतिरिक्त कमाई हो रही है वहीं प्लांट में लगे पाइपलाइन से बायोगैस ग्रामीणों की रसोई तक पहुंचाया जा रहा है। मौजूदा समय में प्लांट से गांव के करीब 35 घरों में बायोगैस की आपूर्ति की जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि बायोगैस प्लांट की स्थापना से एक तरफ गांव में उत्पादित होने वाले गोबर का सही उपयोग हो रहा है तो दूसरी ओर ग्रामीणों को ईंधन के लिए बायोगैस भी मिलने लगा है। प्लांट से निकलने वाला बायो कंपोस्ट काफी कम कीमत पर किसानों को बेचा जा रहा है।

**एलपीजी की तुलना में आधी कीमत पर मिल रहा गैस**

बायो गैस प्लांट की स्थापना के बाद रसोई में गृहणियों की सहूलियत बढ़ गई है। उन्हें घंटों उपला बनाने, सूखाने और घर में स्टोर करने की समस्या के साथ ही धुआं से सराबोर रसोई से पूरी तरह छुटकारा मिल चुका है। इससे घर में स्वच्छता बढ़ी है और प्रदूषण की समस्या हमेशा-हमेशा के लिए दूर हुई है। महिलाओं को एलपीजी गैस की तुलना में आधी कीमत पर गांव में ही बायो गैस की सुविधा उपलब्ध है।

# महिला दिवस पर शेरघाटी में अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन

## जिला परियोजना प्रबंधक जयवंती सिन्हा हुईं सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गया जिले के शेरघाटी अनुमंडल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) रश्मि वर्मा ने उप विकास आयुक्त शैलेन्द्र कुमार दास को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इसके बाद उप विकास आयुक्त शैलेन्द्र कुमार दास और रश्मि वर्मा द्वारा शेरघाटी के अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रश्मि वर्मा ने बताया कि शेरघाटी में अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर की स्थापना और उद्घाटन की प्रक्रिया को सफल बनाने में जिला परियोजना प्रबंधक जयवंती सिन्हा



की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित योजनाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। जिले में वन स्टॉप सेंटर, डीएचईडब्ल्यू और पालना घर जैसी योजनाएं संचालित हैं जिनके माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा, सहायता और न्याय दिलाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही कामकाजी महिला छात्रावास और शक्ति सदन की स्थापना की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है जिसे जल्द शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली सात महिला मुखियाओं को सम्मानित किया गया। वहीं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला परियोजना प्रबंधक जयवंती सिन्हा को उप विकास आयुक्त शैलेन्द्र कुमार दास द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त शैलेन्द्र कुमार दास ने कहा कि सरकार की योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और इनका लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाना जरूरी है। कार्यक्रम में डीएचईडब्ल्यू के जिला मिशन समन्वयक सुशांत कुमार, लैंगिक विशेषज्ञ विशाल कुमार वर्मा, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक आरती कुमारी तथा महिला एवं बाल विकास निगम के अन्य कर्मीगण भी उपस्थित रहे।

## बंद विद्यालय से ताला तोड़ चोरी

**कोंच।** थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय रामपुर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी तब हुई जब सोमवार को विद्यालय पहुंचे शिक्षकों ने कार्यालय का ताला टूटा हुआ देखा। प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने बताया कि चोर विद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ लगभग दो क्विंटल चावल चोरी कर ले गए।

# धनगई के जंगल से आठ किलोग्राम अफीम का तरल लेटेक्स बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी के कार्यवाहक कमांडेंट (द्वितीय कमान अधिकारी) रविशंकर कुमार के निर्देशन में मंगलवार को तलाशी अभियान चलाकर धनगई थाने के कदल गांव के घने जंगल से दो पीले कंटेनरों में 8.050 किलोग्राम अफीम का तरल लेटेक्स बरामद किया गया। यह अभियान 'ई' समवाय, धनगई के सहायक कमांडेंट गुलशन थापा के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल एवं जिला पुलिस गया जी ने चलाया। जब्त नशीले पदार्थ को विधिक कार्रवाई के लिए धनगई थाने को सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी को असामाजिक तत्वों द्वारा



प्रतिबंधित नशीले पदार्थ छिपाए जाने की सूचना मिली थी। बताया गया कि नक्सलियों को होने वाली आर्थिक फंडिंग को रोकने के लिए 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा धनगई व डुमरिया क्षेत्र में लगातार बड़ी मात्रा में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया जा रहा है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०–64 ऑफ 2025–26/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–36–डीडीयू–व०मं०इंजी०–I–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल अभियंता / बिक्रमगंज के तहत–आरा–सासाराम के रबरयुक्त सतह के साथ लेवल क्रॉसिंग का उन्नयन। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 48666675.20, **धरोहर राशि :** ₹ 393300.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 30.03.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

**पीआर/1904/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/25–26/32**


# 24 दिव्यांगों के बीच बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड स्थित बुनियाद केंद्र में सबल योजना के तहत 24 दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राई साइकिल एवं हैलमेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों को बुनियाद केंद्र के प्रबंधक द्वारा उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि जब भी ट्राइसाइकिल चलाएं तो हेलमेट का नियमित रूप से उपयोग करें और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं। साथ ही दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया गया, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके। वितरण कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, गया के प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार यादव, बुनियाद केंद्र के केंद्र प्रबंधक नवीन कुमार, डॉ. अजहर उद्दीन, अनामिका कुमारी, विकास कुमार और सुमन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


**SHEODENI SAO COLLEGE, KALER**

SOHSA, ARWAL-824127 (BIHAR) (E-Mail ID-sdscollegekaler@gmail.com)

**NAAC Accredited Grade 'B, Model College**

(A Constituent Unit of Magadh University, Bodh Gaya)

**INVITATION FOR TENDER**

Sealed tenders are invited from interested and experienced vendors for the construction and complete setup of a Computer Laboratory for the MCA programme in the college.

The work includes furnishing of the laboratory, electrical fittings, networking arrangements, installation space for 30 computers and other necessary infrastructure required for a fully functional computer lab.

Interested vendors may submit their detailed tender along with relevant documents, cost estimates, and experience certificates in a sealed envelope addressed to the Principal.

The tender must reach the Principal's Office on or before 25/03/2026 during office hours. Tenders received after the due date will not be considered.

The institution reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason.

Principal

S. D. College, Kaler (Arwal)



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**

Emaiil:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**नोटिस**

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू का आदेश ज्ञापांक 1248/दिनांक 25.11.2022 के द्वारा प्रखंड पाटन के लोहिया चौक पर विधायक मद से निर्मित दुकान (भू–तल) जिला परिषद पलामू को हस्तांतरित किया गया। दिनांक 13.09.2025 को सम्पन्न जिला परिषद बोर्ड के बैठक की कार्यवाही कंडिका 12 (iii) मे लिए गये निर्णय के आलोक मे इस कार्यालय आदेश ज्ञापांक 2280/जि0प0, दिनांक 11.11.2025 के द्वारा किराया निर्धारण किया गया है। जिसका बकाया किराया अबतक अप्राप्त हैं–

| क0 सं0 | नाम | पिता का नाम | दुकान संख्या | निर्धारित किराया | बकाया कुल माह (दिसम्बर 2022 से फरवरी 2026 तक) | कुल बकाया राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ईश्वरी पााण्डेय | महेन्द्र पाण्डेय | A/1 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 2 | अखिलेश कु0पाण्डेय | योगेन्द्र पाण्डेय | A/2 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 3 | शिव दीप सिंह | जगनारायण सिह | A/3 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 4 | मनोज सिंह | उदय नारायण सिंह | A/4 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 5 | शमशेर आलम | अब्दुल रहीम | A/5 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 6 | गनौरी पासवान | सम्पत पासवान | A/6 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 7 | उदय पासवान | चनारीक राम | A/7 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 8 | मुकेश सिंह | लखन सिंह | A/8 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 9 | रंजीत प्रसाद | आनन्दी साव | A/9 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 10 | रामधनी ठाकुर | – | A/10 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 11 | सुरेन्द मांझी | कैलाश मांझी | A/11 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 12 | सुखल साव | चलितर साव | A/12 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 13 | गया ठाकुर | ईन्द्रदेव ठाकुर | A/13 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 14 | अर्जून साव | स्व0 मौजी साव | A/14 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 15 | किशोर मांझी | ईन्द्रदेव मांझी | A/15 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 16 | शिव पूजन राम | – | A/16 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 17 | दामोदर साव | जयचन्द साव | A/17 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 18 | अर्जून राम | स्व0 बासदेंव राम | A/18 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 19 | अरविन्द प्रसाद | जमुना साव | A/19 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 20 | मुन्ना प्रसाद | शिव साव | A/20 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 21 | अरविन्द बैद्य | युदेश्वर बैद्य | A/21 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 22 | विकास कुमार | कृष्णा सिंह | A/22 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 23 | संजय प्रसाद | स्व0 फागु साव | A/23 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 24 | मुकेश कुमार | स्व0श्रवण राम | A/24 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 25 | प्रमोद प्रसाद | स्व0भोला साव | A/25 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 26 | अंगद कुमार | शिव शंकर प्रसाद | A/26 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 27 | प्रदीप हलुआई | गनेश हलुआई | A/27 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 28 | प्रेम कुमार | स्व0बासुदेव राम | A/28 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 29 | सत्येन्द्र कुमार गुप्ता | स्व0अयोध्या प्रसाद | A/29 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 30 | रसिन्द्र प्रसाद | स्व0ज्ञानचन्द साव | A/30 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |

**पाटन चौक पर स्थित जिला परिषदीय प्रथमतल दुकान का बकाया राशि का विवरण–**

| क0 सं0 | नाम | पिता का नाम | दुकान संख्या | निर्धारित किराया | बकाया कुल माह(जनवरी 2018 से फरवरी 2026 तक) | कुल बकाया राशि | पूर्व निर्गत नोटिस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अशोक प्रसाद | पिता विगावन साव | A/31 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1059/ 11.12.2024 एवं 108/30.01.2025 |
| 2 | रामजन्म सिंह | पिता ब्रह्मदेव सिंह | A/32 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1060/ 11.12.2024 |
| 3 | जनेश्वर पाण्डेय | पिता जुगेश्वर पाण्डेय | A/33 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1061/ 11.12.2024 एवं 110/30.01.2025 |
| 4 | आलमगीर आलम | पिता अब्दुल रहीम | A/34 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1062/ 11.12.2024 |
| 5 | विशुनदेव राम | पिता त्रिवेणी राम | A/35 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1063/ 11.12.2024 एवं 112/30.01.2025 |
| 6 | सुनील प्रसाद | पिता विशुनदेव साव | A/36 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1064/ 11.12.2024 |
| 7 | राजन कुमार | पिता रामनंदन साव | A/37 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1065/ 11.12.2024 एवं 114/30.01.2025 |
| 8 | अरविन्द कुमार सिंह | पिता जगत सिंह | A/38 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1066/ 11.12.2024 |
| 9 | राजा कुमार सिंह | पिता ब्रजकिशोर सिंह | A/39 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1067/ 11.12.2024 एवं 116/30.01.2025 |
| 10 | कृष्णा राज | पिता संजय प्रसाद | A/40 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1068/ 11.12.2024 |
| 11 | अजय कुमार सिंह | पिता रामलखन सिंह | A/41 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1069/ 11.12.2024 एवं 118/30.01.2025 |
| 12 | रमेश प्रसाद | पिता बिन्देश्वरी साव | A/42 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1070/ 11.12.2024 |
| 13 | मनोज पाण्डेय | पिता इन्द्रदेव पाण्डेय | A/43 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1071/ 11.12.2024 एवं 120/30.01.2025 |
| 14 | चंदा देवी | पिता बलदेव कुमार मिश्र | A/44 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1072/ 11.12.2024 |
| 15 | सुदर्शन सिंह | पिता लालगोविन्द सिंह | A/45 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1073/ 11.12.2024 एवं 122/30.01.2025 |
| 16 | रामपुकार प्रसाद | पिता आनन्दी साव | A/46 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1074/ 11.12.2024 |

अतः सभी आवंटियो को निदेश दिया जाता है कि इस बजारिये नोटिस के आलोक मे कॉलम संख्या 7 मे अंकित सम्पूर्ण बकाया राशि **दिनांक 30.03.2026** तक कार्यालय जिला परिषद पलामू मे जमा कर एकरारनामा कराना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा आंवटित दुकान सील कर सम्पूर्ण बकाया राशि बसुली करने हेतू निलाम पत्र दायर कर दिया जायेगा।

इसे अंतिम एवं सख्त ताकिद समझे।

**ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।**

**PR.NO.374654 District(25-26):D**

संपादकीय

## बालेन शाह से नेपाल को ढेर सारी उम्मीदें

नेपाल का चुनाव परिणाम दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है, जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अय्याशी पूर्ण जीवनशैली के खिलाफ आग धधक रही थी, जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गईं। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। सत्ता में आ रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने और 4 बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए ऐतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिल रही शानदार बढ़त से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब होने जा रही है। पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने बालेन शाह को पार्टी में शामिल होते ही प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। रवि लामी नई सरकार में गृहमंत्री होंगे, यह भी तय है। सरकार गठन के पूर्व उन्होंने राजनीतिक दलों से 40 साल का हिसाब लेने का बयान देकर पुराने राजनीतिक दलों में खलबली मचा दी है। उनका यह बयान भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुली जंग के ऐलान के रूप में देखा जा रहा है। ओली सरकार में बहुत कम दिनों तक गृहमंत्री रहे रवि लामी छाने की छवि एक सख्त गृहमंत्री की उभर कर जनता के सामने आई थी। उन्होंने एक से एक राजनीतिक भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता में अपनी छवि ईमानदार नेता की बना ली थी। अमरीकी पृष्ठभूमि के रवि लामी छाने का रुख भारत के प्रति कैसा होता है यह देखना दिलचस्प होगा। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने चुनाव परिणाम में पार्टी की बढ़त के बीच काठमांडू में मीडिया के सवालों के जवाब में साफ कहा कि भारत से मधुर संबंध को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। उसे साथ लेकर नेपाल को आगे बढ़ाएंगे। लेकिन बालेन शाह हैं तो चीन के खिलाफ लेकिन भारत के प्रति उनके रुख को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है क्योंकि बतौर मेयर उनका अपने कक्ष में ग्रेटर नेपाल का लगाया मानचित्र भारत को खटकता रहा, क्योंकि इस नक्शे में भारत के कई इलाकों को नेपाली भू-क्षेत्र दर्शाया गया है। खैर अब वह एक ऐसे राष्ट्र के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं, जिसका संबंध भारत से केवल खानापूर्ति जैसा नहीं, दोनों के बीच रोटी-बेटी का सदियों पुराना रिश्ता तो है ही, दोनों देश भौगोलिक, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक सभ्यता की दृष्टिकोण से भी एक-दूसरे से जुड़े हैं। बालेन शाह से नेपाल के युवाओं और महिलाओं को काफी उम्मीदें हैं। वे जेन जी आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे। आज उनकी इस बात को लेकर तारीफ हो रही है कि जो शख्स नेपाल की दुश्वारियों को भांप कर सरकार अपदस्थ करने का माद्दा रखता हो, उसके द्वारा सरकार चलाने में किसी संशय की गुंजाइश नहीं है। बालेन शाह सरकार के कामकाज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है। इस पार्टी के दो प्रमुख चेहरे बालेन शाह और रवि लामी छाने की कोई लंबी राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। बालेन शाह इंजीनियर और रैपर रहे हैं जबकि रवि लामी छाने की पहचान एक पत्रकार की रही है। 2022 के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और 20 सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की। बालेन शाह काठमांडू के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे, निर्दलीय चुनाव लड़े और काठमांडू का मेयर बन गए। एक मेयर से नेपाल का प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेन शाह का जन्म एक साधारण शिक्षक परिवार में हुआ था। पढ़ाई इस स्तर की थी कि वह 2-4 लाख रुपए महीने की नौकरी कर अच्छा जीवन बिता सकते थे लेकिन उन्हें सनक थी संपूर्ण नेपाल की जीवनशैली सुधारने की। नेपाली जनता ने उन्हें यह मौका दे दिया है। अब नेपाल को तरक्की की ओर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है।

# अमरीका की कूटनीति नहीं दादागिरी!


संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट्स बताती हैं कि युद्धों से करोड़ों लोग विस्थापित हुए, अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गईं। यूक्रेन-रूस संघर्ष और इसराईल-फिलिस्तीन विवाद में अमरीका की भूमिका ने दिखाया कि वह शांति दलाल नहीं, बल्कि युद्ध उकसाने वाला है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के देश अब चीन और रूस जैसे भागीदारों की ओर मुड़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये देश शांति और विकास पर जोर देते हैं। कोरोना महामारी और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों ने साबित किया कि दुनिया को सहयोग चाहिए, न कि संघर्ष। अमरीका की ये गलतियां साबित करती हैं कि उसकी कूटनीति स्वार्थ पर आधारित है। वह लोकतंत्र और मानवाधिकारों का ढोंग रचता है, लेकिन वास्तव में संसाधनों और वर्चस्व की तलाश करता है। अब समय आ गया है कि दुनिया जागे। संयुक्त राष्ट्र में सुधार, बहुपक्षीय समझौते और शांति वार्ताएं ही रास्ता हैं।


**विनीत नारायण**



आज दुनिया में हर ओर युद्ध, तबाही और अराजकता का दौर है। विकास की गति रुक रही है। अनिश्चितता का वातावरण है। अनेक देशों के नेता ही मवालियों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। जबकि विश्व के लोग हमेशा शांति और विकास चाहते हैं। इस उठा-पटक में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सबसे आगे हैं। ट्रम्प ही क्यों, अमरीका की तो फितरत ही रही है कि कोई बहाना ढूंढ कर कमजोर देशों को दबाना और उनके संसाधनों पर कब्जा करना।

हाल ही में सोशल मीडिया पर ञ्जह्यड्डठ्ठद्मश्चद्धड्ड360 से एक पोस्ट काफी वायरल हुई, जिसमें लिखा है कि ''प्रिय दुनिया, क्या तुम अमरीका और उसके सहयोगियों द्वारा झूठ बोलने से थक नहीं गए हो? क्या तुम उस साम्राज्य से थक नहीं गए हो, जो खून और मौत की तलाश में नहीं रुकता? अमरीका या उसके सहयोगी कभी किसी बात पर सच्चे रहे हैं? दुनिया कब इनके झूठ से ऊब जाएगी? अब तो हमें पता होना चाहिए कि वैश्विक अशांति, मौत, अराजकता और विनाश के जिम्मेदार कौन हैं? जो दुनिया की स्थिरता के खिलाफ हैं? जो विश्व शांति के विचार से डरते हैं? तुम्हारी चुप्पी सहयोग है! अमरीका वैश्विक मुसीबत पैदा करने वाला है। मौत और विनाश की मशीन! अमरीकी साम्राज्य की तानाशाही के खिलाफ बोलो!!!''

यह पोस्ट न केवल अमरीका की ऐतिहासिक गलतियों को उजागर करती है बल्कि दुनिया को जगाने का प्रयास भी करती है। आज, जब हम वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान जैसे देशों में अमरीकी हस्तक्षेप की नई लहर देख रहे हैं, यह स्पष्ट हो गया है कि अमरीका के फैसले गलत साबित हो चुके हैं। इन युद्धों ने न केवल लाखों जानें लीं, बल्कि दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेला। अमरीका की इन गलतियों से यह पता चलता है कि वैश्विक समुदाय अब युद्धों से कितना ऊब चुका है? अमरीका की विदेश नीति का इतिहास झूठ, हस्तक्षेप और युद्धों से भरा पड़ा है। 1950 के दशक से शुरू करें तो कोरियाई युद्ध (1950-1953) में अमरीका ने उत्तर कोरिया के आक्रमण का बहाना बनाकर हस्तक्षेप किया लेकिन वास्तविकता यह थी कि यह शीत युद्ध की रणनीति का हिस्सा था। लाखों कोरियाई मारे गए लेकिन क्या अमरीका की जीत हुई? नहीं, यह युद्ध आज भी कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव का कारण बना हुआ है। इसी तरह, 1954 में ग्वाटेमाला में अमरीका ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंका, क्योंकि वहां की भूमि सुधार नीतियां अमरीकी कंपनियों को पसंद नहीं आईं। ग्वाटेमाला आज भी गरीबी और हिंसा से जूझ रहा है।

1950-60 के दशक से अमरीका के झूठ की फेहरिस्त लंबी है। इंडोनेशिया (1958) में सी.आई.ए. ने विद्रोहियों को समर्थन दिया लेकिन असफल रहा। क्यूबा (1961) में 'बे ऑफ पिग्स' हमला एक बड़ी असफलता थी, जहां अमरीका ने फिदेल कास्त्रो को हटाने की कोशिश की लेकिन खुद की किरकिरी हुई। वियतनाम युद्ध (1961-1975) तो अमरीकी इतिहास का सबसे काला अध्याय है। अमरीका ने 'टोंकिन की खाड़ी घटना' को बहाना बनाकर युद्ध शुरू किया, जो बाद में झूठ साबित हुआ। 58,000 अमरीकी सैनिक और लाखों वियतनामी मारे गए। अमरीका हारकर लौटा, और वियतनाम आज एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश है। लाओस (1964-1973) और कंबोडिया (1969-1970) में गुप्त बमबारी ने लाखों लोगों को मार डाला और खमेर रूज जैसे आतंक को जन्म दिया। कांगो (1964) में अमरीका ने वहां प्रधानमंत्री पैट्रिस लुमुम्बा की हत्या में भूमिका निभाई, जो अफ्रीका की आजादी के प्रतीक थे। डोमिनिकन रिपब्लिक (1965) में हस्तक्षेप ने लोकतंत्र को कुचला। 1980 के दशक में भी यह सिलसिला जारी रहा। ग्रेनाडा (1983) में अमरीका ने मैडिकल छात्रों की सुरक्षा का बहाना बनाकर आक्रमण किया लेकिन यह छोटे देश पर साम्राज्यवादी कब्जा था। लेबनान (1983-1984) में अमरीकी सैनिकों की मौत हुई लेकिन कोई स्थायी शांति नहीं आई। लीबिया (1986) में गद्दाफी पर हमला, ईरान (1987-1988) में नौसेना संघर्ष, पनामा (1989) में नोरिएगा को हटाना-ये सभी फैसले अमरीका की ताकत दिखाने के लिए थे लेकिन उन्होंने क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ाई।

इराक के खिलाफ 1991 का गल्फ वॉर, 1998 की बमबारी और 2003 का आक्रमण 'महाविनाश के हथियारों' के झूठ पर आधारित था। सद्दाम हुसैन को हटाया गया लेकिन इराक आज भी अराजकता में डूबा है, आई.एस.आई.एस. जैसे समूह पैदा हुए। सोमालिया (1992-1994, 2007-वर्तमान) में अमरीकी हस्तक्षेप ने समुद्री डकैती और आतंकवाद बढ़ाया। बोस्निया (1994-1995) में नाटो हमले, सूडान (1998) में दूतावास बमबारी, अफगानिस्तान (1998, 2001) में तालिबान के खिलाफ युद्ध-ये सभी अमरीका की 'आतंकवाद विरोधी' नीति के नाम पर थे, लेकिन अफगानिस्तान से 2021 की शर्मनाक वापसी ने साबित किया कि 20 साल का युद्ध व्यर्थ था।

यूगोस्लाविया (1999) में नाटो बमबारी ने कोसोवो को अलग किया, लेकिन जातीय तनाव आज भी हैं। यमन (2002-वर्तमान) में ड्रोन हमलों ने नागरिकों को मार डाला, पाकिस्तान (2004) में भी यही हुआ। सीरिया (2014) में आई.एस.आई.एस. के खिलाफ हस्तक्षेप ने देश को बर्बाद कर दिया। लीबिया (2011) में गद्दाफी को हटाने के बाद देश गृहयुद्ध में फंस गया। और अब 2026 में वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान पर झूठ। वेनेजुएला में अमरीका ने दावा किया कि मादुरो तानाशाह है, लेकिन यह तेल संसाधनों पर कब्जे की कोशिश है। क्यूबा पर दशकों से प्रतिबंध, लेकिन 2026 में नए आरोप लगाकर दबाव बढ़ाया जा रहा है। ईरान पर परमाणु कार्यक्रम के बहाने हमले की धमकी, जबकि ईरान शांति समझौते चाहता है। ये सभी फैसले गलत साबित हो चुके हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट्स बताती हैं कि युद्धों से करोड़ों लोग विस्थापित हुए, अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गईं। यूक्रेन-रूस संघर्ष और इसराईल-फिलिस्तीन विवाद में अमरीका की भूमिका ने दिखाया कि वह शांति दलाल नहीं, बल्कि युद्ध उकसाने वाला है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के देश अब चीन और रूस जैसे भागीदारों की ओर मुड़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये देश शांति और विकास पर जोर देते हैं। कोरोना महामारी और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों ने साबित किया कि दुनिया को सहयोग चाहिए, न कि संघर्ष।

अमरीका की ये गलतियां साबित करती हैं कि उसकी कूटनीति स्वार्थ पर आधारित है। वह लोकतंत्र और मानवाधिकारों का ढोंग रचता है, लेकिन वास्तव में संसाधनों और वर्चस्व की तलाश करता है। अब समय आ गया है कि दुनिया जागे। संयुक्त राष्ट्र में सुधार, बहुपक्षीय समझौते और शांति वार्ताएं ही रास्ता हैं।

अध्यात्म

## हमारे भी पास सात दिन ही हैं

एक बार की बात है संत तुकाराम अपने आश्रम में बैठे हुए थे। तभी उनका एक शिष्य, जो स्वाभाव से थोड़ा क्रोधी था उनके समक्ष आया और बोलाः गुरूजी, आप कैसे अपना व्यवहार इतना मधुर बनाये रहते हैं, ना आप किसी पे क्रोध करते हैं और ना ही किसी को कुछ भला-बुरा कहते हैं? कृपया अपने इस अच्छे व्यवहार का रहस्य बताइए? संत बोलेः मुझे अपने रहस्य के बारे में तो नहीं पता, पर मैं तुम्हारा रहस्य जानता हूँ! मेरा रहस्य! वह क्या है गुरु जी?ः शिष्य ने आश्चर्य से पूछा। तुम अगले एक हफ्ते में मरने वाले हो! संत तुकाराम दुखी होते हुए बोले। कोई और कहता तो शिष्य ये बात मजाक में टाल सकता था, पर स्वयं संत तुकाराम के मुख से निकली बात को कोई कैसे काट सकता था? शिष्य उदास हो गया और गुरु का आशीर्वाद ले वहां से चला गया। उस समय से शिष्य का स्वभाव बिलकुल बदल सा गया। वह हर किसी से प्रेम से मिलता और कभी किसी पे क्रोध न करता, अपना ज्यादातर समय ध्यान और पूजा में लगाता। वह उनके पास भी जाता जिससे उसने कभी गलत व्यवहार किया था और उनसे माफ़ी मांगता। देखते-देखते संत की भविष्यवाणी को एक हफ्ते पूरे होने को आये। शिष्य ने सोचा चलो एक आखिरी बार गुरु के दर्शन कर आशीर्वाद ले लेते हैं। वह उनके समक्ष पहुंचा और बोलाः गुरुजी, मेरा समय पूरा होने वाला है, कृपया मुझे आशीर्वाद दीजिये! मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ है पुत्र। अच्छा, ये बताओ कि पिछले सात दिन कैसे बीते? क्या तुम पहले की तरह ही लोगों से नाराज हुए, उन्हें अपशब्द कहे?ः संत तुकाराम ने प्रश्न किया। नहीं-नहीं, बिलकुल नहीं। मेरे पास जीने के लिए सिर्फ सात दिन थे, मैं इसे बेकार की बातों में कैसे गँवा सकता था? मैं तो सबसे प्रेम से मिला, और जिन लोगों का कभी दिल दुखाया था उनसे क्षमा भी मांगीः शिष्य तत्परता से बोला। संत तुकाराम मुस्कुराए और बोले, बस यही तो मेरे अच्छे व्यवहार का रहस्य है। मैं जानता हूँ कि मैं कभी भी मर सकता हूँ, इसलिए मैं हर किसी से प्रेमपूर्ण व्यवहार करता हूँ, और यही मेरे अच्छे व्यवहार का रहस्य है। शिष्य समझ गया कि संत तुकाराम ने उसे जीवन का यह पाठ पढ़ाने के लिए ही मृत्यु का भय दिखाया था। वास्तव में हमारे पास भी सात दिन ही बचें हैंः रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि, आठवां दिन तो बना ही नहीं है। परिवर्तन आज से आरम्भ करें।

# निरंतर अस्थिर दुनिया में बड़ी हो रही आज की पीढ़ी


आज की युवा पीढ़ी इतिहास की सबसे अनुकूलनशील पीढ़ियों में से एक हो सकती है। वे तकनीक का उपयोग करते हुए, सीमाओं के पार संवाद करते हुए और नए कौशल जल्दी सीखते हुए बड़े हुए हैं। इसी तरह, विदेश में पढ़ने वाले युवा अक्सर मजबूत स्वतंत्रता विकसित करते हैं। वे वित्त प्रबंधन करना, सांस्कृतिक मतभेदों को संभालना और समस्याओं को अपने आप हल करना सीखते हैं। ये अनुभव, हालांकि कभी-कभी तनावपूर्ण होते हैं, लचीलापन और आत्मविश्वास भी पैदा करते हैं। इसलिए, जिम्मेदारी केवल छात्रों की ही नहीं, बल्कि परिवारों, शिक्षकों और सरकारों की भी है। माता-पिता भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि उनके लिए अपने बच्चों की चिंता करना स्वाभाविक है लेकिन निरंतर चिंता कभी.-कभी छात्र के तनाव को बढ़ा सकती है। प्रोत्साहन, विश्वास और भावनात्मक समर्थन युवाओं को अपने आसपास की अनिश्चित दुनिया के बावजूद अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं।


**देवी एम. चेरियन**

हर पीढ़ी अपनी चुनौतियों का सामना करती है। हमारे दादा-दादी ने युद्ध और अभाव देखे, हमारे माता-पिता ने आर्थिक संघर्ष और राजनीतिक परिवर्तन। लेकिन आज की युवा पीढ़ी एक ऐसी दुनिया में बड़ी हो रही है, जो लगातार अस्थिर महसूस होती है। युद्धों, संघर्षों, आर्थिक मंदी, राजनीतिक तनाव और अचानक आने वाले वैश्विक संकटों की खबरें मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से तुरंत पहुंच जाती हैं। छात्रों के लिए, विशेष रूप से उनके लिए, जो विदेश में पढ़ने की योजना बना रहे हैं या पहले से ही विदेशों में पढ़ रहे हैं, इस अनिश्चितता ने उनके जीवन को उन तरीकों से आकार देना शुरू कर दिया है, जिनका सामना पिछली पीढ़ियों ने नहीं किया था। आज की दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई महसूस होती है। हजारों मील दूर होने वाला संघर्ष ईंधन की कीमतों, नौकरी के बाजारों, वीजा नीतियों और यहां तक कि विश्वविद्यालय परिसरों के माहौल को भी प्रभावित कर सकता है। उन युवा छात्रों के लिए, जो अभी अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू कर रहे हैं, यह वातावरण गहरी अनिश्चितता पैदा कर सकता है।

विदेश में पढ़ने वाले छात्रों के लिए पहली चुनौती भावनात्मक है। घर छोड़ना कभी आसान नहीं होता। अमरीका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा या ऑस्ट्रेलिया जैसे स्थानों की यात्रा करने वाला एक युवा छात्र पहले से ही घर की याद, सांस्कृतिक तालमेल और शैक्षणिक दबाव का सामना करता है। जब वैश्विक तनाव बढ़ता है, तो ये भावनात्मक तनाव और बढ़ जाते हैं। संघर्षों, वीजा प्रतिबंधों या देशों के बीच कूटनीतिक तनाव की खबरें न केवल छात्रों के लिए, बल्कि घर पर उनके परिवारों के लिए भी चिंता पैदा कर सकती हैं। विदेशों में होने वाली छोटी-सी घटना भी तब घबराहट पैदा कर सकती है जब वह टैलीविजन स्क्रीन और सोशल मीडिया पर दिखाई देती है। एक युवा छात्र के लिए, जो पहले से ही असाइनमैंट, परीक्षा और अंशकालिक काम के साथ संघर्ष कर रहा है, यह अतिरिक्त भावनात्मक दबाव एकाग्रता और आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकता है।

एक और चुनौती आर्थिक अनिश्चितता है। विदेश में पढ़ाई महंगी है। परिवार अक्सर अपने बच्चों को विदेशी विश्वविद्यालयों में भेजने के लिए अपनी जीवन भर की बचत खर्च कर देते हैं या बड़ा कर्ज लेते हैं। जब वैश्विक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करते हैं, तो मुद्राओं में उतार-चढ़ाव होता है और जीवनयापन की लागत बढ़ जाती है। किराए, भोजन की कीमतों या ट्यूशन फीस में अचानक वृद्धि छात्रों के लिए गंभीर तनाव पैदा कर सकती है। स्नातक होने के बाद भविष्य में नौकरी के अवसरों के बारे में अनिश्चितता भी एक बड़ी चिंता बन जाती है। उदाहरण के लिए, कोविड-19 महामारी के बाद, कई अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने नौकरी के बाजारों को रातों-रात सिकुड़ते देखा। इंटर्नशिप गायब हो गई, कंपनियों ने नियुक्तियां रोक दीं, और यात्रा प्रतिबंधों ने छात्रों के लिए घर लौटना या देशों के बीच आवाजाही करना मुश्किल बना दिया।



देशों के बीच राजनीतिक तनाव भी छात्रों को सूक्ष्म तरीकों से प्रभावित कर सकता है। जब राष्ट्रों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो जाते हैं, तो वीजा नियम कड़े हो सकते हैं, वर्क परमिट बदल सकते हैं और अप्रवासन नीतियां अनिश्चित हो सकती हैं।

यहां तक कि भारत में पढ़ रहे छात्र भी वैश्विक अस्थिरता से अछूते नहीं हैं। आज के छात्र इंस्टाग्राम, यूट्यूब और 'एक्स' जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समाचारों का बारीकी से अध्ययन करते हैं। हालांकि जानकारी तक यह पहुंच शक्तिशाली है लेकिन यह युवा दिमागों को डरावनी सुर्खियों की निरंतर धारा के संपर्क में भी लाती है। परीक्षा की तैयारी करने वाले या करियर की योजना बनाने वाले छात्र के लिए अनिश्चितता का यह माहौल विचलित करने वाला हो सकता है। एक और प्रभाव अनिश्चित समय में प्रतिस्पर्धा का मनोवैज्ञानिक दबाव है। जब भविष्य अप्रत्याशित लगता है, तो छात्र अक्सर महसूस करते हैं कि उन्हें अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए और भी कड़ी मेहनत करनी होगी। इससे पढ़ाई के घंटे लंबे हो जाते हैं, कोचिंग क्लास बढ़ जाती हैं और सफल होने का दबाव ज्यादा हो जाता है। उन्हें परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करना होता है, शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेना होता है, अंतर्राष्ट्रीय करियर बनाना होता है और वैश्विक परिवर्तनों के अनुकूल होना होता है-सब एक ही समय में। इन अपेक्षाओं का बोझ कभी-कभी भारी महसूस हो सकता है।

फिर भी, यह कहना अनुचित होगा कि युवा पीढ़ी कमजोर है या मुकाबला करने में असमर्थ है। वास्तव में, आज की युवा पीढ़ी इतिहास की सबसे अनुकूलनशील पीढ़ियों में से एक हो सकती है। वे तकनीक का उपयोग करते हुए, सीमाओं के पार संवाद करते हुए और नए कौशल जल्दी सीखते हुए बड़े हुए हैं। इसी तरह, विदेश में पढ़ने वाले युवा अक्सर मजबूत स्वतंत्रता विकसित करते हैं। वे वित्त प्रबंधन करना, सांस्कृतिक मतभेदों को संभालना और समस्याओं को अपने आप हल करना सीखते हैं। ये अनुभव, हालांकि कभी-कभी तनावपूर्ण होते हैं, लचीलापन और आत्मविश्वास भी पैदा करते हैं। इसलिए, जिम्मेदारी केवल छात्रों की ही नहीं, बल्कि परिवारों, शिक्षकों और सरकारों की भी है। माता-पिता भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि उनके लिए अपने बच्चों की चिंता करना स्वाभाविक है लेकिन निरंतर चिंता कभी.-कभी छात्र के तनाव को बढ़ा सकती है। प्रोत्साहन, विश्वास और भावनात्मक समर्थन युवाओं को अपने आसपास की अनिश्चित दुनिया के बावजूद अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं।

कई मायनों में, आज के छात्रों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियां उन्हें भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार भी कर सकती हैं। एक जटिल, परस्पर जुड़ी दुनिया में बड़ा होना अनुकूलन क्षमता, वैश्विक जागरूकता और लचीलापन सिखाता है। ये गुण आने वाले दशकों में आवश्यक होंगे। उनकी यात्रा अनिश्चित समय में शुरू हो सकती है लेकिन यह उन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अधिक स्थिर और आशाजनक भविष्य बनाने की ताकत भी दे सकती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आयात-निर्यात से जुड़े व्यापार में लाभ मिलेगा। टीमवर्क से किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी। आप उत्साह और एकाग्रता से काम करेंगे।

**वृषभ**
नये व्यापार की शुरुआत करने के लिये उपयुक्त समय है। मानसिक रूप से शान्ति रहेगी। व्यापार में आपको शुभचिन्तकों और मित्रों से सलाह लेनी चाहिये।

**मिथुन**
आज आपको बचत पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिये। अनावश्यक बातों पर क्रोध न करें। अचानक की गयी यात्रा में समस्या हो सकती है।

**कर्क**
विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। आय की अपेक्षा आपको व्यय अधिक करना पड़ेगा। छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह**
पारिवारिक वातावरण खुशनुमा रहने वाला है। व्यस्तता के बावजूद आपको आराम पर भी ध्यान देना चाहिये। तनावमुक्त रहने के लिये प्राणयाम करें।

**कन्या**
आज जीवनसाथी के साथ पुरानी यादें साझा करेंगे। आपको भी उनकी भावनाओं का ध्यान रखना चाहिये। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा।

**तुला**
दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। अपनी बातों को शान्तिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**वृश्चिक**
किसी आनन्दोत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। साझेदारी के व्यवसाय में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**धनु**
अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में साथी सहकर्मियों के साथ तालमेल बेहतरीन रहने वाला है।

**मकर**
किसी दूर के रिश्तेदार से चर्चा हो सकती है। बेरोजगार लोगों को रोजगार के उत्तम अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ**
नये सम्बन्धों में स्थायीत्व कम रहेगा। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। बेवजह के मामलों में न उलझें। आज कुछ कमजोर महसूस कर सकते हैं।


**मीन**
कारोबार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। लेकिन आपको वैधानिक और तकनीकी पहलुओं की अनदेखी नहीं करनी चाहिये। छात्रों को उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

# पैन-आधार के दुरुपयोग से फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन, 115 करोड़ के लेनदेन का नोटिस

## पीड़ित व्यवसायी ने दर्ज कराई प्राथमिकी, जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम में पैन और आधार कार्ड के कथित दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्तियों ने स्थानीय व्यवसायी गालिब इमाम के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन करा लिया और करोड़ों रुपये के कारोबार का विवरण दर्ज कर दिया। इसके बाद आयकर विभाग की ओर से उन्हें भारी-भरकम लेन देन से जुड़े नोटिस मिलने लगे। इस संबंध में पीड़ित व्यवसायी एवं फोटोस्टेट दुकानदार गालिब इमाम ने सासाराम नगर थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



प्राथमिकी के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों ने उनके पैन और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर तीन फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन करा लिए। इन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से करीब 115 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्शाया गया है जबकि पीड़ित का इस प्रकार के किसी भी व्यापार से कोई संबंध नहीं है। अड्डा रोड निवासी गालिब इमाम सासाराम में एक छोटी सी फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका कहना है कि उन्होंने कभी किसी बड़े व्यापार या कंपनी का संचालन नहीं किया। करोड़ों रुपये के कथित लेनदेन से जुड़े नोटिस मिलने के बाद ही उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई।

गालिब इमाम के अनुसार हाल के दिनों में आयकर विभाग की ओर से कई नोटिस प्राप्त हुए हैं। इनमें 5 फरवरी को सासाराम स्थित आयकर कार्यालय से 1,10,93,13,901 रुपये के कथित लेनदेन से संबंधित नोटिस भी शामिल है। इसके अलावा देश के विभिन्न शहरों से भी उनसे जुड़े लेनदेन को लेकर नोटिस भेजे गए हैं।

पीड़ित ने बताया कि शिलांग (मोरेगांव) से सैयदा अफ्जिया के पैन कार्ड से जुड़े 4,42,93,333 रुपये के लेनदेन का नोटिस मिला है जबकि भोपाल से दादूलाल गुप्ता के नाम से संबंधित एक अन्य नोटिस भी प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त दिल्ली से अलग-अलग नामों से पांच अन्य नोटिस भी भेजे गए हैं। लगातार मिल रहे नोटिसों से गालिब इमाम मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। उनका कहना है कि एक छोटे दुकानदार के लिए इस तरह के करोड़ों रुपये के लेनदेन की कल्पना भी संभव नहीं है। इस मामले में एफआईआर संख्या 154/26, 1 मार्च 2026 को सासाराम नगर थाना में दर्ज की गई है। पीड़ित ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि उनके नाम पर हुए फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन को तत्काल निरस्त किया जाए, पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें फर्जी आयकर नोटिसों से राहत दिलाई जाए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत हेतु डीएम ने मरम्मत दल को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले मे आगामी गर्मी के साथ लू के मद्देनजर खराब पड़े सरकारी चापकलों के मरम्मत हेतु मंगलवार को जिलाधिकारी ने समाहराणालय परिसर से जिला के सभी प्रखंडों के लिए चापाकल मरम्मत दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रोहतास, कार्यपालक अभियंता, सभी सहायक अभियंता लोक स्वास्थ प्रमंडल सासाराम एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रत्येक प्रखंड स्तरीय मरम्मती दल पंचायत वार भ्रमण कर खराब पड़े चापाकल की मरम्मत करेंगे एवं अगले मई माह तक जिले में बंद पड़े सभी सार्वजनिक चापाकलों को चालू करेंगे। लोक स्वास्थ अभियंत्रण विभाग द्वारा इस हेतु प्रत्येक प्रखंड में प्रखंडवार चापाकल मरम्मत दल का गठन किया गया है जो युद्धस्तर पर चापाकल मरम्मत का कार्य करेंगे। रोहतास जिले मे विभिन्न प्रकार के कुल 26178 अदद चापाकल खराब पड़े हैं। विगत वर्ष जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में लगभग 3100 अदद चापाकलों की मरम्मत कराकर चालू कराया गया था। इस वर्ष विभाग द्वारा कुल 2465 अदद चापाकलों की मरम्मत कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसकी मरम्मती कराई जाएगी जिससे भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। इस सम्बन्ध में लोक स्वास्थ अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता को निदेशित किया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय सांसद, विधायक, पार्षद, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर बंद पड़े या खराब चापाकलों की विवरणी प्राप्त करेंगे एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी मरम्मती सुनिश्चित करेंगे। चापाकलों की मरम्मत संबंधी शिकायत हेतु दूरभाष संख्या 8544428995 पर 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क कर सकते हैं या अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# सफाई मित्रों को आधुनिक तकनीक व सुरक्षा मानकों का दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद डिहरी डालमियानगर के तत्वावधान में सम्राट अशोक भवन में सफाई मित्रों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत डीसीआई मल्टी स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी प्रणव कुमार के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक मिन्हाज आलम ने सफाई मित्रों को सीवर एवं स्वच्छता कार्य को सुरक्षित तरीके से करने, आधुनिक मशीनों के उपयोग, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



प्रशिक्षण का उद्देश्य सफाई मित्रों को आधुनिक तकनीक और सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य करने के लिए सक्षम बनाना था, ताकि वे अपने कार्य के दौरान सुरक्षित रहकर बेहतर ढंग से जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। इस अवसर पर नगर परिषद डिहरी डालमियानगर की ओर से स्वच्छता पदाधिकारी प्रणव कुमार, मशीन चालक संतोष यादव, सहायक अनिल कुमार, ट्रेनर पार्टनर वीर बसंत लाल तथा सहायक अंशु राज सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सफाई मित्रों को पीपीई किट भी वितरित की गई। ताकि वे कार्य करते समय अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। इसके अतिरिक्त सरकार की ओर से प्रशिक्षित सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड और स्किलिंग सर्टिफिकेट जैसे महत्वपूर्ण लाभ भी प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सफाई मित्रों में धर्मेन्द्र राम, छठु राम, लवकुश कुमार, दुर्गा राम, दीपक कुमार, गुडू कुमार, सिकंदर राम, सूरज कुमार, राजा कुमार, सुरेंद्र राम, अजय कुमार, सिकंदर राम और विजेंद्र राम सहित अन्य शामिल रहे।

# हत्यारोपित पुलिस की गिरफ्त में

## बारात में स्टेज पर ही अपने दोस्त को मारी थी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र का चर्चित सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के ढोढनडीह गांव में एक बारात के दौरान मंच पर हुई हत्या के मुख्य आरोपित गुड्डू कुमार को पुलिस ने करीब एक माह बाद सासाराम से गिरफ्तार कर लिया। गुड्डू ने अपने दोस्त को ही गोली मारकर हत्या कर दी थी। सूर्यपुरा थानाध्यक्ष चंदन भगत के हवाले से बताया कि इस मामले में सूर्यपुरा थाना कांड संख्या 42/2026 दर्ज है। पुलिस को छह मार्च 2026 को सूचना मिली कि इस कांड का फरार आरोपित सासाराम में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। गुड्डू का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ सूर्यपुरा थाना कांड संख्या 42/2026 के अलावा बिक्रमगंज थाना में कांड संख्या 298/2021 (धारा 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट) और औरंगाबाद जिले के गोह थाना में कांड संख्या 237/2025 (धारा 334(1)/303(2) भादवि) दर्ज है। सूर्यपुरा थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस कांड से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के निमित्त निकाली गयी ध्वज यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के मोथा गांव में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी में एक भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। यह महामहोत्सव 5 मई 2026 से 11 मई तक चलेगा। ध्वज यात्रा मोथा बावन बिगहा पोखरा प्रांगण से शुरू हुई जहां विद्वतजनों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद ध्वज को पूरे मोथा गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ भ्रमण कराया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए महायज्ञ की सफलता के लिए प्रार्थना की जिससे पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। यज्ञ समिति के अनुसार यह धार्मिक आयोजन परम पूज्य श्रीलक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम का विस्तृत विवरण इस प्रकार है-5 मई को महायज्ञ का प्रारंभ होगा। 6 मई को जलयात्रा का आयोजन किया जाएगा। 10 मई को श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव आयोजित होगा। 11 मई को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ भंडारा होगा।

# पर्व को लेकर सद्भावना समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-फित्र और रामनवमी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से सदभावना समिति की बैठकें आयोजित की गईं। ये बैठकें आज मंगलवार को श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशिष सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत जयश्री, धनहरा, अमौना और दनवार में संपन्न हुईं। बैठकों का मुख्य लक्ष्य विभिन्न समुदायों के बीच आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखना था, ताकि त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके। बैठकों में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशिष सिंह ने कहा कि त्योहारों का मूल मंत्र एकता और सौहार्द है। उन्होंने सभी से किसी भी प्रकार की अफवाहों या विवादों से बचने तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की। ग्रामीणों ने भी इस अपील का समर्थन किया और शांतिपूर्ण उत्सव मनाने का संकल्प लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल सिंह ने राशन वितरण की व्यवस्था पर जोर दिया जबकि प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार ने त्योहारों के दौरान कृषि कार्यों में सतर्कता बरतने की सलाह दी। काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि थाना स्तर पर विशेष निगरानी की जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई होगी। जयश्री पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह, चिंटु कुमार और कमला देवी ने ग्रामीणों को जागरूक किया। धनहरा मुखिया कमला देवी ने महिलाओं की भूमिका पर बल देते हुए घर-घर तक शांति का संदेश पहुंचाने का आग्रह किया। इस मौके पर विकास मित्र पूनम, सरस्वती, पंचायत सचिव संतोष, अविनाश कुमार, ऐनूल हक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने एक स्वर में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संकल्प लिया।



# महिलाओं को स्वरोजगार व नए उद्यम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा डालमिया भारत फाउंडेशन : आशुतोष

## दीक्षा स्किल सेंटर में उत्साह से मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा दीक्षा स्किल सेंटर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुरभि क्लब की अध्यक्ष अंशु तिवारी व यूनिट हेड आशुतोष तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद दीक्षा के प्रशिक्षणार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। यूनिट हेड ने कहा कि फाउंडेशन का मुख्य फोकस महिला सशक्तीकरण पर है, इसलिए स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लड़कियों को जोड़ा जा रहा है। ग्राम परिवर्तन लिवलीहुड प्रोजेक्ट के माध्यम से भी महिलाओं को स्वरोजगार एवं नए उद्यम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। बताया गया कि अप्रैल 2020 से अब तक 480 युवाओं को प्रशिक्षण देकर



रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। वर्तमान में दीक्षा के तहत तीन ट्रेड संचालित हो रहे हैं। इस मौके पर दिव्या पांडेय ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा करते हुए बताया कि विवाह के बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई दोबारा शुरू की और तकनीकी शिक्षा लेकर आज डालमिया सीमेंट, रोहतास में सीसीआर ऑपरेटर हैं। अंशु तिवारी ने दिव्या पांडेय की सराहना करते हुए कहा कि सच्चा महिला सशक्तीकरण तब संभव है जब महिलाएं स्वयं आगे बढ़ने का निर्णय लें। उन्होंने महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने डालमिया भारत द्वारा समुदाय के विकास एवं महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में डालमिया के पदाधिकारी, सुरभि क्लब के सदस्य, सरकारी अधिकारियों समेत 120 प्रशिक्षणार्थियों आदि ने भाग लिया। कई प्रशिक्षणार्थियों ने भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए।


**शपथ-पत्र**

मैं, सगुनी सिंह उर्फ कन्हैया सिंह उम्र करीब 50 वर्ष पिता महाराज सिंह निवासी ग्राम-कुसही पो.-सिसिरिता थाना- नोखा जिला-रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
मेरे निर्गत आधार कार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम सगुनी सिंह पिता महाराज सिंह दर्ज है जिसका आधार नं.- 4892 5328 9799 है। मेरे निर्गत एल. आई. सी. पॉलिसी एवं मेरा स्कूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र में मेरा नाम कन्हैया सिंह दर्ज है जिसका पॉलिसी नं.-516469056 है।
मेरा एल. आई. सी. स्कूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र पर खोला गया था। सगुनी सिंह उर्फ कन्हैया सिंह दोनों नाम मेरा ही है जो इन्हीं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 17310 दिनांक 13.2.26

**शपथकर्ता**
**सगुनी सिंह उर्फ कन्हैया सिंह**


# बाबा गणिनाथ महाविद्यालय की शासी निकाय की बैठक, शिक्षाविद का हुआ चुनाव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बाबा गणिनाथ महाविद्यालय, डिहरी ऑन-सोन की शासी निकाय की बैठक मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय, डिहरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. राजेश वर्मा ने की। बैठक में शिक्षाविद पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान शिक्षक प्रतिनिधि शिव शंकर शाहा ने पूर्व प्राचार्य जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डॉ. मोतीलाल गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने किया। प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई। बैठक में महाविद्यालय के कर्मचारियों की वेतन वृद्धि के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया। वेतन बढ़ोतरी के संबंध में प्राचार्य की अध्यक्षता में एक कमेटी गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया जो इस विषय पर आगे की कार्रवाई करेगी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी के प्रतिनिधि संतोष कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि शिव शंकर शाह, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. राजेश वर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों की सुनीं फरियाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित 07, राशन कार्ड से संबंधित 35 एवं अन्य 02 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों से उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन मामलों का शीघ्र निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है और वे इस दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं और अनुमंडल पदाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि वे आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा उपलब्ध हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन मामलों का शीघ्र निष्पादन करें और इसकी रिपोर्ट उन्हें दें। उन्होंने कहा कि वे इन मामलों की मॉनिटरिंग करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि इनका समाधान जल्द से जल्द हो।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

ई मेल :– eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन भावपत्र (Quotation) आमंत्रण संख्या–01/2025-26

दिनांक –10.03.2026

अति अल्पकालीन भाव पत्र (दर प्राप्त करने हेतु)

सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार का पत्रांक–8/JJM (विविध)–209/2025–179/SWSM रांची दिनांक – 21.02.2026 से प्राप्त निदेश के आलोक में 08 मार्च, 2026 से 22 मार्च 2026 तक ''जल महोत्सव पखवाड़ा'' का आयोजन किया गया है। ''जल महोत्सव पखवाड़ा'' के सफल आयोजन हेतु मुहरबन्द भाव पत्र (दर निर्धारण) हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में पंजीकृत फर्म/संवेदक से आमंत्रित किया जाता है। बिना कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी के पास भाव पत्र स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| मुहर बंद भाव पत्र प्राप्त करने की तिथि | 17.03.2026 |
| मुहर बंद भाव पत्र प्राप्त करने का समय | 3 बजे अपराह्न तक |
| मुहर बंद भाव पत्र खोलने की तिथि | 17.03.2026 |
| मुहर बंद भाव पत्र खोलने का समय | 4:30 बजे बजे अपराह्न तक |
| मुहर बंद भाव पत्र खोलने का स्थान | अद्योहस्ताक्षरी का कार्यालय कक्ष |

| Sl. No. | Particulars | Qty. | Unit | Basic Rate (Exclusive all taxes and carriage) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ''जल महोत्सव पखवाड़ा'' के शुभारम्भ एवं समापन हेतु सभागार (60X 80) | 1 | | |
| 2 | मंच सज्जा, प्रोजेक्टर, साउण्ड, जेनरेटर (तेल के साथ) | 1 | | |
| 3 | कुर्सी, टेबल, मैट, टेंट (15X15) | 1 | | |
| 4 | बैनर (6X4) | 1 | | |
| 5 | बैनर (15X10) | 1 | | |
| 6 | स्टैंडी (6X3) | 1 | | |
| 7 | बुके (उच्च क्वालिटी) | 1 | | |
| 8 | सर्टिफिकेट | 1 | | |
| 9 | शॉल | 1 | | |
| 10 | लंच – चाय | 1 | | |
| 11 | फोटो ग्राफी – विडियोग्राफी एवं दस्तावेजीकरण | 1 | | |
| 12 | प्लंबिग कीट (Cowel Plash, Pechkus, 14" Pipe Rinch, Chheni, Hathauri, Salai Rinch 14", Panna Rinch Set, Hexa ) | 1 | | |
| 13 | फोल्डर (डायरी, पेन जुट बैग के साथ) | 1 | | |
| 14 | Reading Material Xerox (Per Page) | | | |
| 15 | विविध (वाहन ईंधन के साथ), इत्यादि | | | |
| | | | P/Job | Rs................. |
| | Total - | | | Rs................. |

PR 374608 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।



## कार्यालय

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, पलामू (निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)

Email-palamuexpenditurecell@gmail.com

**-: आदेश :-**

मेदिनीनगर नगरपालिका(आम) निर्वाचन–2026 निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु हस्तपुस्तिका के अध्याय के 16 के कंडिका 16.6 के आलोक में परिणाम घोषणा की तिथि दिनांक 27.02.2026 से 30 दिनों के भीतर, सभी अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा समर्पित किया जाना है। उपरोक्त हस्तपुस्तिका के कंडिका 16.4 के आलोक में, निर्वाचन व्यय लेखा जमा करने की अंतिम तिथि के एक सप्ताह के भीतर, सभी अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा लेखा प्राप्ति से जुड़े कार्मिकों के लिए एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (Facilitation training programme) आयोजित कर लिया जाना है। व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल अधिकारी तथा सहायक व्यय प्रेक्षक को– प्रक्रिया, समर्पित किए जाने वाले फॉर्म तथा शपथपत्र एवं अधिकतर पायी जाने वाली गलतियों की व्याख्या करने के लिए प्रशिक्षण से जुड़े रहना है।

अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक–71 दिनांक 20.12.2025 एवं उसके अनुवर्ती आदेश पत्रों द्वारा पूर्व में गठित/ पुनर्गठित लेखादल व सहायक व्यय प्रेक्षक दल को, अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक–61 दिनांक 30.01.2026 के अनुपालनार्थ, नगरपालिका निर्वाचन व्यय कोषांग के साथ कार्यरत रहना है, इसलिए उन्हें क्रियाशील किया जाना है।

उपरोक्त हस्तपुस्तिका के कंडिका 16.4 के आलोक में, एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (Facilitation training programme) निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | नगरपालिका/नगरपरि परिषद क्षेत्र का नाम | प्रशिक्षण की तिथि एवं समय | समय | प्रशिक्षण स्थल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मेदिनीनगर नगर निगम | 16.03.2026 | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | कार्यालय राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, डालटनगंज | |
| 02 | विश्रामपुर नगर परिषद् | 16.03.2026 | | प्रखण्ड कार्यालय, विश्रामपुर के सभागार कक्ष | |
| 03 | छत्तरपुर नगर पंचायत | 16.03.2026 | | अनुमंडल कार्यालय, छत्तरपुर के सभागार कक्ष | |
| 04 | हुसैनाबाद नगर पंचायत | 16.03.2026 | | अनुमंडल कार्यालय, हुसैनाबाद के सभागार कक्ष | |
| 05 | हरिहरगंज नगर पंचायत | 16.03.2026 | | प्रखण्ड कार्यालय, हरिहरगंज के सभागार कक्ष | |

तदुपरान्त, अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा की विवरणी (मूल निर्वाचन व्यय पंजी एवं मूल अभिश्रव /बिल वाउचर/रसीद सहित) को जमा लेने हेतु स्थान, तिथि व समय निम्नवत् निर्धारित किया जाता है

| क्र0 सं0 | नगरपालिका/ नगरपरिषद क्षेत्र का नाम | तिथि | समय | लेखा जाँच हेतु निर्धारित जाँच स्थल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मेदिनीनगर नगर निगम | 18.03.2026 | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | कार्यालय राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, डालटनगंज | |
| 02 | विश्रामपुर नगर परिषद् | 18.03.2026 | | प्रखण्ड कार्यालय, विश्रामपुर के सभागार कक्ष | |
| 03 | छत्तरपुर नगर पंचायत | 18.03.2026 | | अनुमंडल कार्यालय, छत्तरपुर के सभागार कक्ष | |
| 04 | हुसैनाबाद नगर पंचायत | 18.03.2026 | | अनुमंडल कार्यालय, हुसैनाबाद के सभागार कक्ष | |
| 05 | हरिहरगंज नगर पंचायत | 18.03.2026 | | प्रखण्ड कार्यालय, हरिहरगंज के सभागार कक्ष | |

पलामू जिलान्तर्गत उपरोक्त सभी नगर निकाय निर्वाचन क्षेत्र के मेदिनीनगर नगर निगम में महापौर, वार्ड सदस्य, नगर पारिषद विश्रामपुर, छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत, एवं हरिहरगंज नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं वार्ड सदस्य पदों के नामांकन फॉर्म दाखिल करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि – वे उपरोक्त एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के उपरान्त, अपने निर्वाचन व्यय लेखा को विधिपूर्वक तैयार कर लें। तदुपरान्त, अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा की विवरणी (मूल निर्वाचन व्यय पंजी एवं मूल अभिश्रव /बिल/वाउचर/रसीद सहित) को जाँच कर जमा लेने हेतु निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर विधिपूर्वक जाँच कराकर ससमय जमा करें।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका) –सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.374660 Palamu(25-26):D

# राशन कार्ड से मृतकों के नाम हटाने का निर्देश

## डीएम ने की जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में राशन कार्ड, खाद्यान्न वितरण और धान अधिप्राप्ति से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम से योजनाओं की स्थिति की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि राशन कार्ड से मृत व्यक्तियों के नाम हर हाल में हटाए जाएं और फर्जी लाभुकों की जांच कर कार्रवाई की जाए। योग्य लाभुक किसी भी स्थिति में योजना से वंचित नहीं रहें। उन्होंने लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन, राशन कार्ड टैगिंग, ई-केवाईसी और जन वितरण प्रणाली दुकानों के नियमित निरीक्षण का निर्देश भी दिया।डीएम ने कहा कि लाभुकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। वितरण में गड़बड़ी या लापरवाही मिलने पर संबंधित पदाधिकारियों और एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति की भी समीक्षा हुई। जिला सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में 25,041 किसान निबंधित हैं और 9 मार्च 2026 तक 96,507.387 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। बैठक में डीएम एसएफसी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में मंगलवार को बरौली–एकमा–मांझी एसएच-96 पर मंगलवार को सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसा गंजपर गांव के समीप उस समय हुआ जब सामने से आ रही तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि तीनों युवक एक शादी समारोह से लौटकर अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान गंजपर गांव के पास दुर्घटना हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एकमा पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. राहुल कुमार ने स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

# दो दिन में आरटीपीएस के 528 आवेदन लंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नरकटियागंज।** राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब आम जनमानस पर भारी पड़ने लगा है। राजस्व कर्मचारियों के बाद सोमवार से अंचल अधिकारी और राजस्व अधिकारी के भी हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय के कामकाज पूरी तरह ठप हो गए हैं। जिससे अपनी विभिन्न समस्याओं और प्रमाण पत्रों के लिए कार्यालय पहुंच रहे लोगों को भारी निराशा का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को अंचल कार्यालय पहुंचे विवेक कुमार, राजू कुमार, साहिल कुमार, राजेश पंडित और शोभा कुमारी समेत दर्जनों आवेदकों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। आवेदकों का कहना है कि वे जाति, आय, निवास, क्रीमीलेयर और एनसीएल जैसे महत्वपूर्ण प्रमाण पत्रों के लिए पहुचे ह्यूए थे। वही कई लोग दाखिल-खारिज और परिमार्जन जैसे कार्यों के लिए भी भटक रहे हैं। इतना ही नही सोमवार को जनसुनवाई की उम्मीद में आए लोग भी बिना किसी समाधान के वापस लौट गए। इधर हड़ताल के दूसरे दिन ही लंबित आवेदनों की संख्या 500 के पार पहुंच गई है। मंगलवार की दोपहर तक आरटीपीएस के 528 आवेदन लंबित है। आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित होने वाले आवेदनों में आय प्रमाण पत्र के 224 आवेदन है। इसी तरह निवास प्रमाण पत्र के 213, जाती प्रमाण पत्र के 63, ईडब्लूएस के 11 के साथ केंद्र सरकार स्तर से बनने वाले क्रीमीलेयर के 9 और राज्य स्तर के बनने वाले एनसीएल के 8 आवेदन लंबित हैं। इसके अलावा दाखिल-खारिज और म्यूटेशन, परिमार्जन, फ़ॉर्मर आईडी समेत अन्य प्रक्रिया भी पूरी तरह ठप है। जिससे जमीन संबंधी विवादों के निपटारे में देरी हो रही है। सीओ सुधांशु शेखर और आरओ अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि राजस्व संघ अपनी मांगों को लेकर अडिग है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार द्वारा डीसीएलआर के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया में बदलाव को लेकर संघ लंबे समय से मांग कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं करती, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इधर राजस्व पदाधिकारियो के हड़ताल पर जाने के बाद जिलाधिकारी ने पत्र जारी कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को अंचल के प्रभार की जिम्मेदारी सौंपी है।

# दिव्यांगों के लिए 14, 16 और 17 मार्च को प्रखंड में लगेगा विशेष शिविर

## प्रखंड प्रशासन द्वारा पंचायत वार रोस्टर जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को कृषि विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह किसान संगोष्ठी कार्यक्रम गरमा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड आत्मा अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा, बीएओ आकृति तिवारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक और किसान समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित किसानों को केवीके के कृषि वैज्ञानिक प्रतिभा कुमारी ने कहा कि किसान गरमा फसल में दलहन में मूंग और उड़द लगाएं। इसके साथ ही मक्का, बेवी कार्न सहित सब्जियों की खेती करें। कम पानी का उपयोग होने वाले गरमा फसल लगाएं। इन फसलों में रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम करें और जैविक खाद का ज़्यादा करेंगे तो फसल अच्छी होगी। साथ ही मुनाफा अधिक हो सकता है। जैविक हरा खाद के लिए खेतों में ढैंचा और मूंग फ़सल लगाएं। मूंग के फसल तोड़ कर अवशेष को खेत में ही पलट दें। कुछ दिन में वह खाद बन जाएगा। किसी भी फसल के लिए 17 पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है जिसका इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। बीएओ आकृति तिवारी ने कहा कि किसान गरमा फसल में गरमा धान भी किया जा सकता है। सब्जियों की खेती कर अधिक लाभ ले सकते हैं। रबि और खरीफ फसल तो लगाते ही हैं। गरमा फसल मक्का, बेवी कार्न, उड़द, मूंग दलहन की पैदावार कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। डीप एरिगेशन में स्प्रिंकलर के इस्तेमाल कर कम पानी लगेगा। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य व बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि कृषि विभाग किसानों को आत्म स्वावलंबन के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। सरकार किसानों को सब्सिडी भी देती है। किसान कृषि वैज्ञानिक विधि से खेती करें तो कम लागत और कम मेहनत में अधिक लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर आत्मा के क्रृषि उद्यान पदाधिकारी करुणेश भारती, किसान सलाहकार सुशील कुमार, चतुर्वेदी सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी व प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

## प्रशिक्षु डीएसपी ने संभाला मैनाटांड़ थाना का प्रभार

**मैनाटांड।** थाना में मंगलवार को प्रशिक्षु डीएसपी सन्नी दयाल ने अपना पदभार ग्रहण किया। वे वर्तमान पुलिस पदाधिकारी के साथ मिलकर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की कमान संभालेंगे। पदभार संभालते ही एक्शन में आए प्रशिक्षु डीएसपी ने क्षेत्र व विधि व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लॉ एंड ऑर्डर को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही किसी भी समस्या या अन्याय की स्थिति में वे बेझिझक पुलिस से संपर्क करें। प्रशिक्षु डएसपी ने बताया वे अपराध नियंत्रण के साथ पब्लिक एवं पुलिस को बेहतर सम्बंध बनाने के लिए काम करेंगे। लोगों को थाना पहुंचने के बाद न्याय जरूर मिले और खासकर बंचितो एवं गरीबों को न्याय दिलाने के लिए बेहतर कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि थाने की पूरी टीम के साथ मिलकर अपराध पर लगाम लगाया जाएगा।

# नेवता ले जाने के बहाने टेंपो चालक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** नेवता पहुंचाने के बहाने पूर्वी चंपारण से टेंपो भाड़े पर लाकर नौतन थाना क्षेत्र में चालक की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना 22 फरवरी की बताई जा रही है। इस मामले में मृतक की पत्नी की शिकायत पर नौतन थाना में आठ मार्च को प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के नया गांव वार्ड-1 निवासी रमेश मुखिया टेंपो चालक थे और हरसिद्धि थाना क्षेत्र के गोइठाहा निवासी जयराम यादव का टेंपो चलाते थे। मृतक




की पत्नी पुनीता देवी ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी की शाम करीब चार बजे उनके गांव के राजू मुखिया, संदीप मुखिया, डेवा मुखिया और दुखन राम ने बरियारपुर बिन टोली वार्ड-8 में नेवता जाने के लिए टेंपो भाड़े पर लिया था।उन्होंने बताया कि रात नौ बजे तक पति से फोन पर बातचीत हुई थी। बाद में आरोपियों ने उनके पति का मोबाइल फोन स्वर्गीय भूलन मुखिया की पत्नी प्रभावती देवी को दे दिया। पुनीता देवी का आरोप है कि आरोपितों ने साजिश के तहत उनके पति की हत्या कर शव टेंपो में छोड़ दिया और रात में ही गांव लौट गए।सूचना मिलने पर परिजन बरियारपुर पहुंचे और शव को पहाड़पुर लाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। एसडीपीओ टू रजनीशकांत प्रियदर्शी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भाकपा माले का शांति मार्च, अमेरिका-इजरायल की युद्ध नीति का विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को कृषि विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह किसान संगोष्ठी कार्यक्रम गरमा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड आत्मा अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा, बीएओ आकृति तिवारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक और किसान समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित किसानों को केवीके के कृषि वैज्ञानिक प्रतिभा कुमारी ने कहा कि किसान गरमा फसल में दलहन में मूंग और उड़द लगाएं। इसके साथ ही मक्का, बेवी कार्न सहित सब्जियों की खेती करें। कम पानी का उपयोग होने वाले गरमा फसल लगाएं। इन फसलों में रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम करें और जैविक खाद का ज़्यादा करेंगे तो फसल अच्छी होगी। साथ ही मुनाफा अधिक हो सकता है। जैविक हरा खाद के लिए खेतों में ढैंचा और मूंग फ़सल लगाएं। मूंग के फसल तोड़ कर अवशेष को खेत में ही पलट दें। कुछ दिन में वह खाद बन जाएगा। किसी भी फसल के लिए 17 पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है जिसका इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। बीएओ आकृति तिवारी ने कहा कि किसान गरमा फसल में गरमा धान भी किया जा सकता है। सब्जियों की खेती कर अधिक लाभ ले सकते हैं। रबि और खरीफ फसल तो लगाते ही हैं। गरमा फसल मक्का, बेवी कार्न, उड़द, मूंग दलहन की पैदावार कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। डीप एरिगेशन में स्प्रिंकलर के इस्तेमाल कर कम पानी लगेगा। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य व बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि कृषि विभाग किसानों को आत्म स्वावलंबन के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। सरकार किसानों को सब्सिडी भी देती है। किसान कृषि वैज्ञानिक विधि से खेती करें तो कम लागत और कम मेहनत में अधिक लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर आत्मा के क्रृषि उद्यान पदाधिकारी करुणेश भारती, किसान सलाहकार सुशील कुमार, चतुर्वेदी सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी व प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

# आशा व आशा फैसिलिटेटरों को कालाजार खोजी अभियान का दिया गया प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड में कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर-घर कालाजार खोजी अभियान चलाया जाएगा। इसी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एकमा के सभागार में आशा फैसिलिटेटरों और आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहीद अख्तर तथा वेक्टर जनित रोग पर्यवेक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं को कालाजार के लक्षण, पहचान, सर्वेक्षण की प्रक्रिया तथा रिपोर्टिंग की जानकारी दी।

प्रशिक्षकों ने बताया कि यह अभियान 18 मार्च तक संचालित किया जाएगा। अभियान उन गांवों में चलाया जाएगा, जहां पिछले पांच वर्षों में कालाजार के मरीज पाए गए हैं। प्रखंड के ऐसे 13 गांवों को चिन्हित किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार जिस घर में कालाजार का मरीज मिला है, उसके आसपास लगभग 200 से 250 घरों में घर-घर जाकर संभावित मरीजों की खोज की जाएगी। इस दौरान आशा कार्यकर्ता संदिग्ध मरीजों को जांच व उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजेंगी।

प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति में लंबे समय तक बुखार, कमजोरी, वजन घटना या तिल्ली बढ़ने जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजना चाहिए।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य संभावित मरीजों की समय पर पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना और क्षेत्र को कालाजार मुक्त बनाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता व आशा फैसिलिटेटर मौजूद रहीं।

# वन विभाग के अभियान में 45 नीलगायों को मारा गया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड की एकसार पंचायत में मंगलवार को वन विभाग की निगरानी में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान वाइल्ड लाइफ ट्रैंक्विलाइजर फोर्स की टीम ने 45 नीलगायों को मार गिराया।

अभियान में विशेषज्ञ शूटर नवाब सफात अली खान, प्रतीक्षा सिंह, आकाश कुमार व कुमुद कुमार शामिल थे। टीम के सदस्यों ने बताया कि मृत नीलगायों को सुरक्षित तरीके से दफनाया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की बीमारी या संक्रमण फैलने की आशंका न रहे। एकसार पंचायत के मुखिया जय राम साह ने बताया कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से नीलगायों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की शिकायत कर रहे थे। किसानों की मांग पर वन विभाग को आवेदन दिया गया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान वन विभाग के कर्मियों के साथ ग्रामीण राजू यादव, अनिल सिंह, भूटान प्रसाद, देवनाथ महतो, दिलीप महतो और हीरालाल यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# चापाकल का पानी पीने से 12 बच्चे बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** चनपटिया प्रखंड के भैंसही रिफ्यूजी प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को चापाकल का पानी पीने के बाद 12 बच्चे अचानक बीमार हो गए। बच्चों को आनन-फानन में भैंसही अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। बीमार बच्चों में पिंकी कुमारी, हिमांशु कुमार, प्रिंस कुमार, अरुण कुमार, शिवानी कुमारी, बिट्टू कुमार, साजन कुमार, सिमरन कुमारी, भोला कुमार, विशाल कुमार, कृष्णा कुमार और विकास कुमार शामिल हैं। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय खुलने के समय चार-पांच बच्चों ने परिसर में लगे चापाकल का पानी पिया। इसके बाद उन्हें उल्टी, पेट दर्द और चक्कर की शिकायत होने लगी। थोड़ी देर बाद अन्य बच्चों ने भी वही पानी पी लिया, जिससे करीब 12 बच्चे बीमार हो गए। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों की स्थिति फिलहाल सामान्य है, फिर भी एहतियात के तौर पर उन्हें एम्बुलेंस से जीएमसीएच भेजा गया है। मामले की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पानी के स्त्रोत की जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

# किसान जैविक खाद का खेतों में करें प्रयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को कृषि विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह किसान संगोष्ठी कार्यक्रम गरमा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड आत्मा अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा, बीएओ आकृति तिवारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक और किसान समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित किसानों को केवीके के कृषि वैज्ञानिक प्रतिभा कुमारी ने कहा कि किसान गरमा फसल में दलहन में मूंग और उड़द लगाएं। इसके साथ ही मक्का, बेवी कार्न सहित सब्जियों की खेती करें। कम पानी का उपयोग होने वाले गरमा फसल लगाएं। इन फसलों में रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम करें और जैविक खाद का ज़्यादा करेंगे तो फसल अच्छी होगी। साथ ही मुनाफा अधिक हो सकता है। जैविक हरा खाद के लिए खेतों में ढैंचा और मूंग फ़सल लगाएं। मूंग के फसल तोड़ कर अवशेष को खेत में ही पलट दें। कुछ दिन में वह खाद बन जाएगा। किसी भी फसल के लिए 17 पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है जिसका इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। बीएओ आकृति तिवारी ने कहा कि किसान गरमा फसल में गरमा धान भी किया जा सकता है। सब्जियों की खेती कर अधिक लाभ ले सकते हैं। रबि और खरीफ फसल तो लगाते ही हैं। गरमा फसल मक्का, बेवी कार्न, उड़द, मूंग दलहन की पैदावार कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। डीप एरिगेशन में स्प्रिंकलर के इस्तेमाल कर कम पानी लगेगा। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य व बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि कृषि विभाग किसानों को आत्म स्वावलंबन के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। सरकार किसानों को सब्सिडी भी देती है। किसान कृषि वैज्ञानिक विधि से खेती करें तो कम लागत और कम मेहनत में अधिक लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर आत्मा के क्रृषि उद्यान पदाधिकारी करुणेश भारती, किसान सलाहकार सुशील कुमार, चतुर्वेदी सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी व प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

## आरा में व्यवसायी उदय आनंद सिंह का अंतिम संस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा/आरा।** श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति के केंद्रीय सदस्य व व्यवसायी उदय आनंद सिंह का आरा में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े भाई व जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उदय अरबिंद ने मुखाग्नि दी। 3 मार्च को शोभी डुमरा के समीप फोरलेन पर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वे जेसीबी कंपनी के एजेंट व सामाजिक कार्यों में सक्रिय थे। अंतिम संस्कार में कई सामाजिक, राजनीतिक व शैक्षणिक क्षेत्र के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मद्य निषेध टीम का छापा शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** मद्य निषेध उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के अलग-अलग इलाके में छापेमारी पर भारी मात्रा में शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। छापेमारी उत्पाद अधीक्षक सीमा चौरसिया के निर्देश पर नौतन, नरकटियागंज व बैरिया इलाके में की गई। पहली कार्रवाई सोमवार को एएसआई बुधन कुमार के नेतृत्व में नौतन के झखरा मनियारी में हुई। जहां से टीम ने नौतन थाना क्षेत्र के सिसवा सरेया निवासी सत्यदेव कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से 40 लीटर चुलाई शराब बरामद हुआ। दूसरी कार्रवाई उसी दिन शाम को नौतन के शिवराजपुर दियारा क्षेत्र में एसआई खुशबू कुमारी के नेतृत्व में की गई। छापेमारी के दौरान 17.28 लीटर विदेशी शराब व 90 पीस बंटी-बबली ब्रांड का शराब बरामद किया गया। तीसरी कार्रवाई शिकारपुर थाना क्षेत्र के पोखरिया दियारा क्षेत्र में रात नौ बजे एसआई प्रिंस कुमार के नेतृत्व में हुई। जहां से 51.84 लीटर एट पीएम स्पेशल विदेशी शराब जब्त की गई। हालांकि धंधेबाज फरार होने में सफल रहा। उत्पाद अधीक्षक में बताया कि जिले में शराब के अवैध धंधे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर-बोधगया के लिए रवाना हुए छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के बाणभट्ट राजकीय मध्य विद्यालय बंधु बिगहा के छात्र-छात्राओं का दल मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजगीर और बोधगया रवाना हुआ। बस को पुरहारा पंचायत के सरपंच सुरेंद्र यादव, प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार रजक और विद्यालय सचिव मधु कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक परिभ्रमण के उद्देश्य के बारे



में छात्रों को जानकारी देते हुए यात्रा के दौरान आवश्यक सावधानियों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से छात्रों को ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है। इससे उनके बौद्धिक, मानसिक और सामाजिक विकास में भी मदद मिलती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार रजक के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक अरुण कुमार, आशुतोष कुमार, ब्यूटी कुमारी, गायत्री कुमारी, सफाईकर्मी टुसिया देवी तथा रात्रि प्रहरी कुंदन कुमार भी परिभ्रमण दल के साथ गए।

# नाली के पानी के जमाव से जन जीवन प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** यूं तो कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र का नाम विकासात्मक कार्यों के लिए जिले के अग्रणी प्रखंडों में सुमार किया जाता है परंतु प्रखंड क्षेत्र के हर पंचायत में दसियों ऐसे गांव हैं जो अबतक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांवों की स्थिति से जाहिर होता है कि क्षेत्र के विकास के दावे कागजों में सिमट कर रह गए हैं। महाराजगंज पंचायत के वार्ड संख्या पांच, छह और सात के लोग नाली के पानी के निकास न होने के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। वार्ड सदस्य धनंजय कुमार ने बताया कि उक्त तीनों वार्ड में करीब छह हजार लोग निवास करते हैं। तीन दशक से भी पहले से नाली का पानी नवाबी चौक से ठाकुरवाड़ी के जमीन होते हुए सरकारी जमीन में बहता था। उन्होंने बताया कि करीब एक वर्ष पहले ठाकुरबाड़ी के जमीन की घेराबंदी हो जाने के कारण नाली के निकास का मार्ग अवरुद्ध हो गया। शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नाली के निकास की व्यवस्था नहीं की गई। जिसके कारण जहां तहां नाली के गंदे पानी का जमाव हो गया है। नालियों से उठती दुर्गंध के कारण बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीण सुदर्शन पासवान, दिलीप कुमार प्रजापति, अयोध्या पासवान, जगदीश प्रजापति, दीपक कुमार, मुन्ना प्रजापति आदि ने प्रशासन से नाली के निकास की व्यवस्था करने की मांग की है।

## एक नजर

### पारिवारिक विवाद में युवक पर हमला

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के महाराजगंज वार्ड संख्या 15 में पारिवारिक विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजगंज निवासी प्रिंस कुमार ने बताया कि वह 8 जनवरी 2026 की शाम करीब छह बजे अपनी दुकान पर काम कर रहा था। उसी दौरान उसके चाचा संतोष गुप्ता और संजय गुप्ता वहां पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने पहले उसके हाथ पकड़ लिए और इसी दौरान संजय गुप्ता ने लोहे की रॉड से उसके सिर, हाथ और पेट पर हमला कर दिया। हमले में प्रिंस कुमार का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### वेतन बकाया को लेकर एंबुलेंस कर्मी 16 से 18 मार्च तक हड़ताल पर

**रफीगंज।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस कर्मियों ने बकाया वेतन भुगतान नहीं होने के विरोध में 16 से 18 मार्च तक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष टाइगर ने बताया कि जनवरी 2026 से कंपनी द्वारा एंबुलेंस कर्मियों का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। होली, रमजान और छठ जैसे त्योहारों के मद्देनजर वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में नाराजगी बढ़ गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो वे निर्धारित तिथि से हड़ताल पर चले जाएंगे। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। इस मौके पर संतोष कुमार टाइगर, नेयाज अहमद, नितीश कुमार अकेला, रंजीत कुमार यादव, अखिलेश कुमार, बिट्टू, दीपक कुमार संगम, सुरेंद्र कुमार, विकेश कुमार, विनय यादव और बाढ़ू यादव सहित कई एंबुलेंस कर्मी मौजूद थे।

### युवती के अपहरण का मामला, पुलिस जांच में जुटी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के ढोसिला पंचायत के एक गांव से एक युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। युवती की नानी ने गांव के ही एक युवक पर शादी की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार युवती अपनी नानी के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी। बताया जाता है कि 7 मार्च 2026 की रात करीब एक बजे से वह अचानक घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। युवती की नानी ने गांव के शिव कुमार दास के पुत्र अजीत कुमार पर अपहरण का आरोप लगाते हुए रफीगंज थाना में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और युवती की तलाश के लिए पुलिस प्रयासरत है।

# लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन सतर्क



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संभावित लू को देखते हुए संबंधित विभागों के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गर्मी के मौसम में लू से बचाव एवं जन-सुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन उपेंद्र पंडित एवं सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी भी उपस्थित रहीं। सभी संबंधित पदाधिकारियों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार को निर्देश दिया गया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूड तथा जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सदर अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि लू से प्रभावित मरीजों का समुचित उपचार किया जा सके। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचडी) को निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंडों में भू-जल स्तर की जांच कर ली जाए तथा जिन स्थानों पर नल-जल योजना नहीं पहुंची है या चापाकलों की कमी है, वहां मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त नगर निकाय, औरंगाबाद के सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर के सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्याऊ (पेयजल केंद्र) की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा साफ-सफाई एवं दवा छिड़काव की समुचित व्यवस्था कराई जाए। साथ ही आईसीडीएस विभाग को आंगनवाड़ी केंद्रों में समुचित रूप से ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को सभी ढीले तारों को ठीक कराने का निर्देश दिया गया, ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। वहीं अत्यधिक गर्मी एवं लू के दौरान आग लगने की घटनाओं की रोकथाम हेतु अग्निशमन विभाग को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करते हुए पूर्ण तत्परता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं शिक्षा विभाग को अत्यधिक गर्मी के मद्देनज़र विद्यालयों के संचालन समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने तथा विद्यालयों में पेयजल एवं ओआरएस (ओआरएस ) की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशु चिकित्सा दल को तत्पर रखने का निर्देश दिया गया है। पंचायती राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लू से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने की एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने जिलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी से एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पर जाकर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

रामानुज पाण्डेय ने कहा कि विशेष रूप से जिन घरों में केवल महिलाएं या बुजुर्ग रहते हैं, उनके लिए लाइन में लगकर गैस सिलेंडर लेना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में एजेंसियों को उपभोक्ताओं के घर तक सिलेंडर पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई गैस एजेंसी संचालक आपूर्ति की कमी का हवाला देकर उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी होने की सूचनाएं भी मिल रही हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

रामानुज पाण्डेय ने प्रशासन से आग्रह किया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए और सभी उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की नियमित होम डिलीवरी सुनिश्चित कराई जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# औरंगाबाद में एलपीजी गैस की किसी प्रकार की नहीं है कमी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन की अध्यक्षता में जिले के सभी गैस एजेंसियों के डीलरों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य गैस की उपलब्धता को लेकर फैल रही भ्रामक सूचनाओं के संबंध में स्थिति की समीक्षा करना था। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिले में एलपीजी गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है। अन्य शहरों की तरह औरंगाबाद जिले में भी गैस का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है तथा आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा। आम लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। बैठक में विभिन्न गैस एजेंसियों के डीलरों द्वारा बताया गया कि गैस आपूर्ति में कोई कमी नहीं है तथा ग्राहकों को ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की कालाबाजारी की संभावना न रहे। साथ ही बताया गया कि पूर्व में दो गैस सिलेंडरों के बीच वितरण का अंतराल 21 दिन था, जिसे अब बढ़ाकर 26 दिन कर दिया गया है। डीलरों द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपने गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी कराने का आग्रह किया गया। इसके लिए संबंधित गैस एजेंसियों द्वारा अतिरिक्त कर्मियों की भी तैनाती की गई है, ताकि उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। बैठक में दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बीपीसीएल, एचपीसीएल एवं आईओसीएल के नोडल पदाधिकारियों से वार्ता कर निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने में यदि कोई समस्या हो रही हो तो उसका शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि गैस की कमी से संबंधित भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा जिले के सभी गैस एजेंसियों के डीलर उपस्थित थे।


# नीमा हुंडराही से चार वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार नन-बेलेबल वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के नीमा हुंडराही गांव में की गई। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में राउदी यादव, सोहराई यादव, रामचंद्र यादव (तीनों पिता मुंशी यादव) तथा मधेश यादव (पिता रामचंद्र यादव) शामिल हैं। सभी आरोपी नीमा हुंडराही गांव के निवासी बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि ये सभी आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों और फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जिला बार एसोसिएशन औरंगाबाद की कार्यकारिणी कमेटी ने पेश का प्रगति रिपोर्ट







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला बार एसोसिएशन, औरंगाबाद (बिहार) की कार्यकाल 2024–26 की कार्यकारिणी कमेटी ने अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट में अधिवक्ताओं के हित में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और उपलब्धियों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट जारी करते हुए अध्यक्ष - विजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष - उदय कुमार सिन्हा, महासचिव - जगनारायण सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं के कल्याण को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ता वेलफेयर ट्रस्ट का विधिवत पंजीकरण कराया गया है। इसके माध्यम से अधिवक्ताओं को प्रति वर्ष आयकर में लगभग 16 हजार रुपये तक की छूट मिलने का प्रावधान किया गया है। यह पहल अधिवक्ता समुदाय के आर्थिक हितों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। वहीं बार परिसर में लॉयर्स हॉल के निर्माण कार्य को भी तेज गति से पूरा कराया गया है। इसके साथ ही अधिवक्ता सदस्यों के बैठने की व्यवस्था को पहले की अपेक्षा अधिक सुलभ और व्यवस्थित बनाया गया है, जिससे अधिवक्ताओं को कार्य करने में सुविधा मिल रही है। बार एसोसिएशन की ऊपरी मंजिल को अमर शहीद जगतपति कुमार के नाम समर्पित किया गया है। इसके माध्यम से शहीदों के सम्मान को संस्थागत रूप दिया गया है, जो बार एसोसिएशन की एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। इसके अलावा रिपोर्ट में बताया गया कि नई कमेटी के नेतृत्व में बार एसोसिएशन में सौहार्द, भाईचारा और आपसी एकता को मजबूत किया गया है। अधिवक्ताओं के बीच प्रेम और सहयोग का वातावरण कायम रखते हुए बार की मर्यादा और अनुशासन को भी सुरक्षित रखा गया है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का मूल मंत्र "विश्वास, एकता और प्रगति" है, और इसी भावना के साथ अधिवक्ताओं के हित में कार्य आगे भी जारी रहेगा।

# औरंगाबाद की पहल बनेगी अंतरराष्ट्रीय मंच, रक्तदान महोत्सव में देश-विदेश से जुटेंगे सैकड़ों रक्तदाता



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जीवन बचाने के संकल्प के साथ रक्तदान को जनांदोलन बनाने की दिशा में औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। आगामी 4 और 5 जुलाई को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ नेपाल और भूटान के रक्तदाता भी शामिल होंगे। यह महोत्सव गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार (रोहतास) के नव-निर्मित ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से आए सैकड़ों महिला-पुरुष रक्तदाता मानवता की सेवा के इस अभियान का हिस्सा बनेंगे।

महोत्सव में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, नागालैंड, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़ और सिक्किम समेत करीब 20 राज्यों के रक्तदाताओं के भाग लेने की संभावना है। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

इस संबंध में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह से विशेष चर्चा के बाद कार्यक्रम को लेकर सहमति मिली है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्था पथ प्रदर्शक लंबे समय से रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। समाज को भी इस जीवनरक्षक अभियान में आगे आकर सहयोग करना चाहिए।

संस्था के संस्थापक सह सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि यह महोत्सव उनके पिता स्वर्गीय इंद्रदेव सिंह की ग्यारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाया जाता था, लेकिन इस बार इसे व्यापक रूप देते हुए अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का स्वरूप दिया गया है।

उन्होंने बताया कि रक्तदान को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से "मिशन रक्तदान हिंदुस्तान" अभियान की शुरुआत वर्ष 2021 में की गई थी। इससे पहले वर्ष 2019 में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के सहयोग से रक्तदाता महाकुंभ का आयोजन किया गया था, जिसमें पांच देशों और 18 राज्यों के रक्तदाता शामिल हुए थे।

बमेन्द्र कुमार सिंह ने समाजसेवियों और आमजन से इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकती है।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– संख्या– **DOPR/DE/ZP/Palamu 26/2025-26**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 194/वि0, दिनांक 05.03.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में DMFT मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 14.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 14.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 21.03.2026 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.03.2026 (अपराह्न 3:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उंटारी रोड | पंचायत– लुम्बा सतबहिनी अन्तर्गत ग्राम नौगढ़ में मंशा मंदिर से छठु पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2162300 | 43246 | 5000 | 03 माह | NIT-26/2025-26/Gr-01 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे। 2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 374647 District (25-26)_D


### भक्तिमय वातावरण में होगी महाआरती व धर्मयात्रा

**नबिटा संवाददाता**

**मदनपुर।** उमंगेश्वरी तीर्थ क्षेत्र मदनपुर में प्रत्येक मंगलवार को श्रीराम नवमी महा समिति के तत्वावधान में दुर्गा चौंक स्थित हनुमान मंदिर में संध्या महा आरती के बाद धर्म यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी श्रीराम नवमी महा समिति के अध्यक्ष ज्ञानदत्त पाण्डेय ने दी है। उन्होंने बताया कि सनातन विधान आधारित हिन्दू नववर्ष का आरंभ से पहले चैत्र माह कृष्ण पक्ष एक प्रतिपदा गुरुवार 4 मार्च से हो रहा है। उमंगेश्वरी तीर्थक्षेत्र मदनपुर में राष्ट्रीय मंगलकामना को लेकर हिन्दू नववर्ष पूर्व से ही राष्ट्र भक्तों के द्वारा दुर्गा चौंक हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को संध्या 7.30 बजे महाआरती आयोजित की जाती है। पूजनोपरांत मंगल धर्मयात्रा निकाली जाती है।


## Govt. of Jharkhand
### Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

**Notice Inviting Tender**

**E- Tender Notice No. : GNP-02/2025-26 Dated: 09.03.2026**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| S. No. | Name of the Work | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Urban Ayushman Arogya Mandir and Policlinics, Sahijana, Under Nagar Parishad Garhwa | 5243678.00 | 105000.00 | 10000.00 | 06 Months | 15th FC Untied Grant |
| 02 | Construction of Urban Ayushman Arogya Mandir and Policlinics, Unchari, Under Nagar Parishad Garhwa | 5243678.00 | 105000.00 | 10000.00 | 06 Months | 15th FC Untied Grant |
| 03 | Construction of Urban Ayushman Arogya Mandir and Policlinics, Sukhbana/Sonpurwa, Ward 03, Under Nagar Parishad Garhwa | 5243678.00 | 105000.00 | 10000.00 | 06 Months | 15th FC Untied Grant |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:


| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Office of Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Date-13.03.2026 Time 10:00 A.M | Date- 23.03.2026 Time 5:00 P.M. | Date 25.03.2026 Time 11:00 A.M |

**Note :** 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. Helpline Number of E-Procurement cell- 9431141644, 8409053313
5. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)
6. उपर्युक्त योजना 15वें वित्त अंतर्गत अनटाईड ग्रांट मद अंतर्गत स्वीकृत किया है तथा वर्तमान में आवंटन प्राप्त नहीं है।

Sd/-
EXECUTIVE OFFICER
NAGAR PARISHAD GARHWA

PR 374573 Urban Development(25-26).D





# राजस्व से संबंधित मामलों के निष्पादन में अधिकारी बरतें तत्परता : डीएम

## डीएम ने राजस्व कार्यालय का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा मंगलवार को समाहरणालय स्थित राजस्व शाखा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के कार्यों की प्रगति, अभिलेखों के संधारण तथा कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में द्वारा राजस्व शाखा में संधारित विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों, पंजियों एवं अभिलेखागार की जांच की गई। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, समय पर प्रविष्टि करने तथा आवश्यक अभिलेखों को अद्यतन रखने के संबंध में संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान कार्यालय के सभी कर्मियों के लॉग बुक की भी बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कर्मी अपने-अपने कार्यों का विवरण लॉग बुक में नियमित रूप से अंकित करें, ताकि कार्यालय कार्यों की निगरानी एवं मूल्यांकन सुगमता से किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय में पारदर्शिता, समयबद्धता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि राजस्व से संबंधित मामलों के निष्पादन में तत्परता बरती जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े राजस्व संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता, बेगूसराय श्री बृज किशोर चौधरी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बेगूसराय सहित राजस्व शाखा के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय जीवन प्रमाणीकरण शिविर का होगा आयोजन

## 12 से 14 मार्च तक लगेगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के विभिन्न नगर निकायों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के लिए जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार तीन दिवसीय विशेष जीवन प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 12 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित होंगे। इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य पेंशनधारियों का ई-लाभार्थी पोर्टल के माध्यम से आधार आधारित जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित करना है, ताकि मृत पेंशनधारियों की पहचान कर उन्हें डाटाबेस से हटाया जा सके तथा वास्तविक लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे। इसके तहत नगर निगम कार्यालय में 12 मार्च से 14 मार्च तक शिविर आयोजित होगा। साथ ही जिले के सभी नगर परिषद कार्यालयों तेघड़ा, बरौनी, बखरी एवं बलिया में भी इसी अवधि में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होगी। जिन पेंशनधारियों की आयु अधिक है अथवा जो दिव्यांगता या अन्य कारणों से बिस्तर पर हैं और शिविर स्थल तक नहीं पहुंच सकते, उनके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ऐसे लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण उनके आवास पर जाकर कराया जाएगा। साथ ही जिन पेंशनधारियों का आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है। उन्हें शीघ्र आधार कार्ड बनवाकर प्रखंड कार्यालय में अपने विवरण को अद्यतन कराने का निर्देश दिया गया है। जीवन प्रमाणीकरण को लेकर मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जीवन प्रमाणीकरण को लेकर जागरूकता रथ समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नगर आयुक्त एवं सभी नगर परिषदों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विकास मित्र, टोला सेवक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को शिविर की जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# सड़क निर्माण कार्य का जिप सदस्य ने किया शिलान्यास

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के वीरपुर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत वैष्णवी दुर्गा मंदिर से वीरपुर सब्जी बाजार स्थित कुआं तक पंद्रहवीं वित्त आयोग योजना के तहत छह लाख साठ हजार चार सौ रुपए की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का मंगलवार को विधिवत शिलान्यास कर कार्यारंभ किया गया। जानकारी देते हुए वीरपुर जिला परिषद सदस्या शिल्पी कुमारी ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं व्यापारियों का आना-जाना होता है। सड़क के निर्माण से न केवल लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। बल्कि स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह राष्ट्रीय तैराक रौशन चौरसिया ने बताया कि बाजार क्षेत्र के समुचित विकास में यह सड़क महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस तरह की विकास योजनाओं से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनने के बाद सब्जी हाट बाजार आने वाले लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। मौके पर राजेश चौधरी, सूरज साह,परमानंद चौधरी, धीरज मंडल, सुरेन्द्र चौधरी, देवेंद्र चौधरी, पवन चौधरी, इंदल पासवान, राजीव कुमार, राहुल चौधरी, मनीष जायसवाल, पंकज लहेरी, संजय चौधरी, नीरज कुमार, रामप्रवेश चौधरी, छोटू महतों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए निकली जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** आगामी 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर मंगलवार को एडीआर भवन में जिला जज आलोक गुप्ता सहित न्यायिक पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखा प्रचार-प्रसार जागरूकता रथ को रवाना किया. इस अवसर पर जिला जज आलोक गुप्ता ने बताया कि सात हजार पांच सौ ऐसे मामले चिन्हित किया गया है जो कोर्ट में नहीं आये हैं जिसे दो पक्षों की आपसी सहमति से सुलह किया जाएगा वहीं, यह कहा कि अतिरिक्त 11 हजार मामले को भी दो पक्षों की आपसी सहमति से निपटारा जाएगा इसके लिए पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर दिया गया है वहीं एडीजे प्रथम अमित कुमार उपाध्याय, एडीजे सेकंड प्रावाल दत्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से आम लोगों से अपील किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक लोग आए और अपने-अपने मामलों को निपटाए अगर किसी प्रकार की परेशानी हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आए उनकी समस्या का समाधान होगा। साल का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए सीजीएम अदिति गुप्ता ने कहा कि तैयारी पूरी कर ली गई है अधिक से अधिक मामले निपटाए जाएंगे। इस अवसर पर एसीजेएम प्रथम कुमार पंकज एसीजीएम द्वितीय आकांक्षा, जेएम प्रथम शक्तिमान भारती, निष्ठा, अनामिका सहित विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष शशि शेखर सिंह महासचिव रानी कुमारी पारा विधिक स्वंय सेवक, पैनल लॉयर मौजूद थे।

# समस्याओं के निदान को लेकर वार्ड सभा का आयोजन

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 के पार्षद साईं शंकर के अध्यक्षता में जन समस्याओं के निदान को लेकर वार्ड सभा का आयोजन हुआ। वार्ड सभा जनता ने अपनी समस्या को क्रमबद्ध तरीके से रखा और उसके निदान को लेकर वार्ड पार्षद से सूचीबद्ध किया। पार्षद ने भी जनता की समस्या के निदान को लेकर हर संभव सहयोग करने का वादा किया। सभा में बालेश्वर प्रसाद, प्रीतम कुमार, मनीष कुमार, अवधेश कुमार साव, गौतम कुमार, अमर कुमार, राहुल जैकर, रवि कुमार, नवीन कुमार, भानु कुमार, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

# नशा मुक्त भारत अभियान रथ को डीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिले में नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए डीएम ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है बल्कि परिवार एवं समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। नशा मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा युवाओं और आम नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करेगा। रथ के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के महत्व, नशे के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, पारिवारिक कलह तथा सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। विशेष रूप से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी दी जा रही है। इन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सूखा नशा सहित विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों को नाटकीय प्रस्तुति के जरिए दर्शाया जा रहा है, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़े और वे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित हों।यह जागरूकता कार्यक्रम आगामी पाँच दिनों तक जिले के विभिन्न प्रखंडों और प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुँचाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को नशा के विरुद्ध एकजुट होकर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# खराब पड़े चापाकलों की होगी मरम्मत, डीएम ने टीम को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** गर्मी के मौसम में पेयजल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा खराब सरकारी चापाकलों की मरम्मति हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय परिसर से सभी प्रखंडों के लिए चापाकल मरम्मति दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय एवं तेघड़ा के कार्यपालक अभियंता सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अभियान के अंतर्गत बेगूसराय और तेघड़ा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के अधीन आने वाले सभी खराब सरकारी चापाकलों की शीघ्र मरम्मति कर उन्हें पुनः सुचारू किया जाएगा, ताकि गर्मी के दौरान आमजन को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। जिले में कुल 20,776 चापाकल चिह्नित किए गए हैं। मरम्मति कार्य के लिए गठित प्रत्येक दल में एक मिस्त्री तथा दो हेल्पर शामिल हैं, जो आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों के साथ पंचायतों में भ्रमणशील रहकर खराब चापाकलों को ठीक करेंगे। मरम्मति कार्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बसावटों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित चापाकलों को प्राथमिकता दी जाएगी। खराब सरकारी चापाकलों से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए दोनों प्रमंडलों में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। नागरिक सुबह 10:30 बजे से शाम 06:00 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। नियंत्रण कक्ष, बेगूसराय (फोनः 06243-358334) पर बेगूसराय, मटिहानी, साम्हो, बखरी, गढ़पुरा, नावकोठी, बलिया, साहेबपुर कमाल एवं डंडारी प्रखंडों के नागरिक संपर्क कर सकते हैं।नियंत्रण कक्ष, तेघड़ा (फोनः 06279-358847) पर बरौनी, बछवाड़ा, मंसूरचक, भगवानपुर, तेघड़ा, छौड़ाही, खोदावंदपुर, चेरिया बरियारपुर एवं बीरपुर प्रखंडों के नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं।जिन चापाकलों की मरम्मति संभव नहीं होगी, उन्हें विभागीय निर्देशानुसार उखाड़कर उनकी सूची कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। मरम्मति दल के पर्यवेक्षक प्रतिदिन किए गए कार्यों की रिपोर्ट नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराएंगे, जिससे कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित किया जा सके।

# महिला दिवस पर इरिमी में कार्यरत महिला कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर इरिमी संस्थान में कार्य करने वाली महिला के सम्मान एवं ड्यूटी के दौरान होने वाले परेशानियों को दूर करने को लेकर महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में महिला कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इरिमी के डीन प्रेम प्रकाश ने बताया कि महिला ट्रेनिंग एवं कर्मचारी को महिला दिवस की शुभकामना देते ड्यूटी के दौरान सम्मान समाधान एवं सुरक्षा देने की बात कही। उन्होंने यही कहा कि इरिमी संस्थान आज भारतीय रेल में नाम कमा रहा है तो उसमें महिला महिला कर्मचारियों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे कर्मवीर महिला रेल कर्मियों के विकास को लेकर इरिमी संस्थान हमेशा अग्रणी भूमिका मैं होगी। मौके पर प्रोफ़ेसर सुसरन तिरु, प्रसेनजीत कुमार, शिशिर चंद्र शेखर, संयुक्ता कुमारी, लेडी स्टाफ सुधा चौरसिया, अंजिलिका कुमारी, रानी कुमारी, बिंती कुमारी, ट्रेनी राधिका कोठारी, सोनाली चौरसिया कई शामिल थी।

## महिला रेलकर्मियों के आत्म सम्मान के लिए यूनियन तत्पर

**जमालपुर (मुंगेर)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मेंस यूनियन ओपन लाइन शाखा के सहायक सचिन नीतू देवी के नेतृत्व में महिला रेल कर्मियों यूनियन का बैच लगाकर उनके आत्म सम्मान की रक्षा करने का संकल्प लिए। यूनियन नेता नीतू देवी ने बताया कि महिला दिवस यह हम लोगों को याद दिलाता है कि पुरुष प्रधान देश में हम महिला किसी से काम नहीं है। आज रेल हो या खेल हो या फिर कोई भी विभाग क्यों ना हो हर क्षेत्र में महिला अपने प्रतिभा का परिचय देकर घर परिवार समाज का नाम रोशन कर रही है। आज महिला अपने परिवार का भरण पोषण करने को लेकर घर से बाहर निकाल कर हर क्षेत्र में काम कर रही है। महिलाओं के सम्मान एवं उनके अधिकार के लिए रेल में जो भी योजना काम होता है उसके लिए मेंस यूनियन ओपन लाइन शाखा हमेशा संघर्ष करने का वादा करती है। मौके पर कुमकुम देवी, अंकिता देवी, संगीता देवी, ज्योति कुमारी, पूनम देवी, आरती देवी, मधुलता देवी आदि मौजूद थी।

# रेल महाप्रबंधक का घेराव करने मेंस यूनियन के नेता कोलकाता रवाना

## रेल एवं रेलकर्मियों की जायज मांगों को लेकर यूनियन का संघर्ष रहेगा जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल बचाओ अभियान यात्रा को सफल बनाने को लेकर मेंस यूनियन ओपन लाइन एवं कारखाना शाखा के पदाधिकारी सदस्य रेल महाप्रबंधक का घेराव करने कोलकाता के लिए रवाना हुए। कोलकाता रवाना होने से पूर्व केंद्रीय नेता अनिल प्रसाद यादव एवं ओपन शाखा सचिव केडी यादव ने बताया कि केंद्र सरकार लगातार रेल कर्मियों की जायज मांगों को अनदेखी करते हुए रेलवे को पूंजीपतियों के हाथ में बेचना चाह रही है जिसे मेंस यूनियन सफल नहीं होने देगा। मेंस यूनियन का सदैव रेल हित एवं कर्मचारी हित की बात करती है। इन्हीं सभी मांगों को लेकर महा प्रबंधक का घेराव केंद्रीय नेतृत्व के बैनर तले होने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक नई लेबर कोड को जल्द से जल्द समाप्त करना, 18 महीने के महंगाई भत्ते के बकाए का भुगतान जल्द से जल्द किया जाना, आठवें वेतन आयोग को जल्द से जल्द लागू करना, रेलवे में निजीकरण को बंद किया जाए, सभी खाली पड़े पदों को यथाशीघ्र भरकर बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिया जाए, नए कामों के लिए नए पदों का सृजन करना जैसे कई मांगों पर सरकार एवं प्रशासन गंभीर नहीं होती है तब तक रेल एवं मजदूरों के जायज मांगों को लेकर यूनियन का संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर वीरेंद्र यादव, शिवदयाल मंडल, रंजन कुमार सिंह, नीतू देवी, कुमकुम देवी, प्रमिला देवी, सुमन, अजय ठाकुर, सुजीत कुमार, संजय कुमार, सुधांशु, अजय ठाकुर, राजेश कुमार, मधु कुमारी, धर्मेंद्र यादव, देव शंकर सिंह, अजय कुमार, रंजीत कुमार, सुनील कुमार, गोपाल जी, इत्यादि उपस्थित थे।

# 20 वर्षों बाद चेरिया गांव में होगा चैती दुर्गा पूजा का आयोजन, ग्रामीणों में उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के चेरिया गांव में महायज्ञ के आयोजन के लगभग 20 वर्षों बाद मां वैष्णवी पुजा समिति चेरिया के नेतृत्व में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। उक्त आयोजन को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। माता का मंदिर अभी अधुरा ही है, इसी अर्द्ध निर्मित मंदिर में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन ग्रामीणों के सहयोग व आपसी भाईचारा के साथ एकजुटता के कारण सम्भव हो सका है, जिससे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। उक्त अवसर पर मेला का आयोजन भी किया जायेगा, जिसे लेकर मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में कालाकार दिन रात डटे हुए हैं। मेला में आने वाले युवाओं के लिए झूला, मिठाई, खिलौना आदि की दूकाने लगाईं जा रही है। इतना ही नहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत भी किये जायेंगे। उक्त संबंध में पुजा समिति के अध्यक्ष डॉ अमर किशोर ने बताया कि आगामी 19 मार्च को पूर्वाह्न कलशयात्रा निकाली जाएगी तथा इसके साथ ही भगवती पुजन आरंभ हो जायेगा। वहीं 25 मार्च को माता का जागरण के अवसर पर पश्चिम बंगाल के मशहूर कालाकरो द्वारा भक्ति गीत परोसे जायेंगे। वहीं 26 व 27 मार्च को यूपी के बुंदेलखंड के कलाकारों द्वारा विदेशिया नाच प्रस्तुत किए जायेंगे। फिर 28 मार्च को आर्केस्ट्रा प्रोग्राम प्रस्तुत किए जायेंगे, जिसमें बंगाल के कलाकार दर्शकों का पुरी रात मनोरंजन करेंगे। इतना ही नहीं बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रात्रि विश्राम व भोजन आदि की व्यवस्था भी ग्रामीणों की ओर से की गई है। मेला को सफल बनाने के लिए भूतपूर्व मुखिया मनिकांत भूषण के देखरेख में पुजा समिति के अध्यक्ष डॉ अमर किशोर, अमरेन्द्र कुमार, अनिल राय, कन्हैया राय, दीपक कुमार राम, मनीष कुमार, अविनाश रंजन, भागीरथ राय, दिनेश चौधरी, सुबोध महतो, हीरालाल पंडित,दोरिक पासवान सहित समस्त ग्रामवासी तन मन धन से दिन रात जुटे हैं हैं ताकि यह कार्यक्रम भविष्य के लिए यादगार बन जाय।

## पीएचसी में महिलाओं का बंध्याकरण

**भगवानपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर में मंगलवार को 15 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। विभिन्न गांवों की महिलाएं बंध्याकरण ऑपरेशन शिविर में उपस्थित हुई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दिलीप कुमार ने कुल 15 महिलाओं का सफल बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। मौके पर परिवार कल्याण काउंसलर नियति मिश्रा, एएनएम श्वेता, तनुजा, जीएनएम बेबी आदि मौजूद थे।

# सर्वे ड्यू लिस्ट निर्माण को लेकर आशा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** पीएचसी नावकोठी में सर्वे, ड्यू लिस्ट निर्माण हेतु आशा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता एमओआईसी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि संपूर्ण टीकाकरण का सर्वे, ड्यू लिस्ट आधार स्तम्भ हैं। जितनी सुक्षमता से इसका निर्माण किया जाएगा उतना ही उमदा टीकाकरण का कार्य संपादित होगा। बीएमसी गोपाल शर्मा ने उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को अपने-अपने पोषक क्षेत्र के प्रत्येक घरों का भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे तथा गर्भवतियों की खोज कर पंजी में इंट्री करने के तरीके को विस्तार से बताया। साथ ही साथ इन लाभुकों को लगाया गया। टीका से संबंधित जानकारी भी भरने का निर्देश दिया। इससे इन लाभुकों को भविष्य में दी जाने वाली टीका की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाएगी। टीकाकरण दिवस पर टीकाकरण से वंचित लाभुकों को आसानी से ट्रैक कर टीकाकरण से आच्छादित करने में सहुलियत होगी। बीसीएम उषा कुमारी ने 31 मार्च तक परिवार कल्याण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिकाधिक लाभुकों को गर्भनिरोधक के अस्थायी साधन का उपयोग करने के लिए बल दिया गया। एसटीएस सुजीत कुमार ने बताया कि नावकोठी पंचायत को टीबी मुक्त बनाने हेतु चयन किया गया है। इसके तहत प्रत्येक आशा कार्यकर्ताओं को डोर टू डोर भ्रमण कर पांच साल पूर्व टीबी की दवा खाने वाले मरीज के परिवार के सभी सदस्य, 60 साल आयु वर्ग के अधिक आयु की गर्भवती महिला, कुपोषित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करने के उपाय के संबंध में बताया। इसके तहत 300 व्यक्तियों के सैंपल लेने का लक्ष्य है। मौके पर फ़ेसिलेटर रूक्मिणी देवी, कंचन कुमारी, आशा तारा, खुशबू, बबीता, ममता, कामिनी, सुशीला, प्रतिमा, शोभा, रानी, रौशन, मालती, कुंदन आदि ने हिस्सा लिया।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर लगेगा शिविर

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददता)।** प्रखण्ड क्षेत्र में सभी दिव्यांग जनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्माण हेतु पीएचसी में बुधवार को शिविर लगेगा। यूडीआईडी पोर्टल पर अत्यधिक आवेदनों की संख्या को देखते हुए सीएस बेगूसराय ने ऐसा आदेश जारी किया है। इसके लिए फिजिशियन डा राजीव रंजन चौधरी, आर्थो डा दिवाकर सिंह, नेत्र सहायक हर्ष राज तथा पीएचसी के एक चिकित्सक की तैनाती की गई है। नेत्र दिव्यांग जनों को जिन्हें शिविर में चिह्नित किया गया है उन्हें नेत्र विशेषज्ञ सदर अस्पताल बेगूसराय में प्रत्येक शुक्रवार तथा शनिवार को नेत्र परीक्षण कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। शिविर में आने वाले दिव्यांग जनों को अपने साथ दो फोटो तथा आधार कार्ड का छाया प्रति लाना अनिवार्य है। इसकी जानकारी समावेशी शिक्षा साधन सेवी रौशन कुमार ने दी।

# होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की मैनेजिंग कमेटी के साथ डीएम ने की बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के मैनेजिंग कमेटी की बैठक समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कॉलेज की विभिन्न समस्याओं सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि उच्च न्यायलय के आदेश के आलोक में ही मुझे होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के मैनेजिंग कमेटी का नोडल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि यह ज्ञात हुआ है कि होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज का यहां कोई एसोसिएशन नहीं है, इसलिए पूर्व में भेजे गए पत्र के आलोक में अब तक तीन अनिवार्य सदस्य मुंगेर में नहीं रह रहें हैं। उन्होंने कहा क्री अगली बैठक में छः सदस्यीय कमिटी के गठन का निर्णय लिया गया है। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के इंटर्नशिप पर जिलाधिकारी ने कहा की पूर्व में निर्गत पत्र के आलोक में नियमानुसार जांच कर इस पर अग्रेतर कार्रवाई करें। उन्होंने कॉलेज के इंटर्नल ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावे कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

# एनटीपीसी में सीआइएसएफ का मना स्थापना दिवस

## सतर्कता एवं दक्षता के साथ जवान कर रहे विद्युत संयंत्र की सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के विद्युत परियोजना में कार्यरत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का 57 वाँ स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कहलगांव विधुत परियोजना के परिसर में आयोजित एक समारोह में कमांडेंट भारती नंदन की उपस्थिति में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के परेड की सलामी मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल ने ली और जवानों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए बल के सतर्कता, कार्यकुशलता एवं समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ जवानों के दक्षता एवं तत्परता के कारण कहलगांव विद्युत परियोजना की सुरक्षा सुदृढ़ तथा प्रभावी बनी हुई है। इस



परियोजना की सुरक्षा में सीआईएसएफ वर्ष 1987 से तैनात हैं और इसके जवान निरंतर सतर्कता एवं दक्षता के साथ इस विद्युत संयंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। उनकी त्वरित कार्रवाई और सजगता से असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। इधर सुरक्षा बल के इकाई लाइन स्थित परेड ग्राउंड में भव्य परेड, आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सीआईएसएफ जवानों के अनुशासन, समन्वय एवं उच्च प्रशिक्षण स्तर का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला है। मौके पर परियोजना के महाप्रबंधक (ऑपरेशन) मनोरंजन परिदा, एजीएम (एच आर) प्रभारी मनोरंजन सारंगी आदि भी मौजूद थे। 10 मार्च 1969 को स्थापित सीआईएसएफ आज देश का एक प्रमुख बहु-कुशल सुरक्षा संगठन बन चुका है, देशभर के महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं संवेदनशील संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र की महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समारोह का समापन में सीआईएसएफ के आदर्श वाक्य ॖसतर्कता और सेवाॗ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए किया गया तथा सभी अधिकारियों एवं जवानों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। सीआईएसएफ के कहलगांव इकाई के सहायक समादेष्टा मनीष कुमार ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिवारजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गैर इरादतन हत्या मामले में युवक को सश्रम कारावास की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा की एक अदालत ने गैर इरादतन हत्या के जुर्म में एक युवक को 8 वर्ष की कारावास एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनायी है। दरभंगा व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नागेश प्रताप सिंह की अदालत ने मंगलवार को अशोक पेपर मिल थाना क्षेत्र के परमार गॉव निवासी रवीन्द्र मांझी को भारतीय दण्ड विधान की धारा 304 (गैर



इरातन हत्या) में आठ वर्ष का कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं चुकाने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास भूगतना पड़ेगा। सहायक लोक अभियोजक अरुण कुमार ने बताया कि परमार गांव के नागे सदा की हत्या की प्राथमिकी मृतक के पुत्र राम भरोस सदा ने एपीएम थाना में कांड संख्या 239/22 दर्ज कराया था। जिसमें सुचक ने कहा है कि 23 दिसंबर 22 को उसके पिता खेत पटवन करने गये थे जो घर नहीं लौटे। बाद में अभियुक्त के बताए स्थल लक्ष्मीनिया पोखरा से पुलिस ने शव बरामद किया। अदालत में इस केश का विचारण सत्रवाद संख्या 289/23 के तहत प्रारंभ हुआ। अदालत में 10 अप्रैल 23 को अभियुक्त के विरुद्ध आरोप गठन किया गया। अभियोजन पक्ष से कुल 7 गवाहों की गवाही कराई गई। 9 फरवरी को अदालत ने इस केश की सुनवाई पुरी कर अभियुक्त को दोषी घोषित किया था। जिसे आज 8 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपया अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। दोषसिद्ध जुर्मी 28 दिसंबर 22 से ही जेल में कैद है।

# सर्वे कार्य के लिए रवाना हुए एचडी जैन कॉलेज के छात्र




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** एचडी जैन महाविद्यालय, आरा के अर्थशास्त्र विभाग के पीजी सेमेस्टर-IV (सत्र 2024-26) के छात्र-छात्राएं मंगलवार को सर्वेक्षण कार्य के लिए विभिन्न पंचायतों की ओर रवाना हुए। इस दौरान महाविद्यालय परिसर से छात्र-छात्राओं को सर्वे कार्य के लिए प्रस्थान कराया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें पंचायतों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना है। इसके लिए छात्रों को अलग-अलग समूहों में बांटकर विभिन्न विषयों पर सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें सर्वेक्षण पद्धति और आंकड़ों के संकलन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण कार्य पूरा होने के बाद सभी छात्र-छात्राएं अपने अध्ययन के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ. गुल नवाज उस्मानी और डॉ. मनीषा कुमारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सर्वे कार्य को गंभीरता से पूरा करने की सलाह दी।

# चार लाख रुपये मूल्य की विदेशी शराब बरामद, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर (भोजपुर)।** जिले में मद्यनिषेध विभाग को मंगलवार को बड़ी सफलता मिली। विभाग की टीम ने पटना-बक्सर फोरलेन (एनएच-922) पर छापेमारी कर दो वाहनों से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना-बक्सर एनएच-922 मार्ग से तस्कर बड़ी खेप में शराब लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना के



आधार पर पटना-बक्सर फोरलेन पर दौलतपुर फ्लाईओवर और गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर नदी पुल के पास दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। दौलतपुर फ्लाईओवर के पास एक मारुति वैन को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन के अंदर छुपाकर रखी गई 155.520 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। वहीं गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर नदी पुल के पास छापेमारी के दौरान एक एक्सयूवी-500 कार को रोककर जांच की गई, जिसमें से 117 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। दोनों वाहनों से ऑफिसर चॉइस ब्रांड की ओरिजिनल व्हिस्की के कुल 1524 पीस, यानी कुल 272.520 लीटर शराब बरामद की गई। जब्त शराब की बाजार कीमत करीब चार लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विपिन कुमार (ग्राम-हुस्सेनपुर पचरुखिया, थाना-साहेबगंज, जिला-मुजफ्फरपुर), चंदन कुमार (ग्राम-राजवाड़ा, थाना-मुसहरी, जिला-मुजफ्फरपुर), मुन्ना कुमार (ग्राम-मालपुर, थाना-ताजपुर हरहर ओपी, जिला-समस्तीपुर) तथा प्रशांत कुमार (ग्राम-जटमलपुर, थाना-कल्याणपुर, जिला-समस्तीपुर) शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार जब्त शराब को उत्तर प्रदेश से हाजीपुर और पटना ले जाया जा रहा था। सहायक आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राज कुमार राजा सहित मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। विभाग ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार कायाकल्प की टीम ने बाराहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाराहाट (बांका)।** बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को ठीक तरह से चलाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से एक्टिव है। इसी क्रम में आज राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार कायाकल्प की टीम बाराहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जांच टीम में डा. मनीष सिंह एवं डॉ तौशिफ कमर के द्वारा अस्पताल में प्रत्येक विभागों की जांच पड़ताल करने के साथ साथ स्वच्छता को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए। अधिकारी की टीम ने अस्पताल की व्यवस्था को संतोषप्रद बताया। इस मौके पर बाराहाट प्रभारी चिकित्सा



पदाधिकारी डॉ रश्मि सीमा, स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार, जिला गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ जावेद अली, डा0 अंजनी कुमार, डॉ रबीश कुमार, डॉ संजय सुमन, लेखा प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार, पिरामल फाउंडेशन के मयूख कुमार, अर्पित त्रिपाठी, आशुतोष कुमार सहित सभी जीएनएम, एएनएम मौजूद रहे।

# एलडीएम द्वारा दो सौ वजन मशीन कराई गई उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** उप विकास आयुक्त की सकारात्मक पहल पर एलडीएम द्वारा अपने सीएसआर फंड के माध्यम से 200 की संख्या में इलेक्ट्रिक वेट मशीन (वजन मापने वाला यंत्र) उपलब्ध कराया गया। मंगलवार को इन उपकरणों को उप विकास आयुक्त द्वारा आईसीडीएस की जिला अधिकारी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले में अति कुपोषित, मध्यम कुपोषित बच्चों एवं कुपोषित गर्भवती महिलाओं की संख्या में सुधार लाने के उद्देश्य से जिले में ॖमिशन बाल पोषण सुरक्षाॗ को मिशन मोड में प्रारंभ किया गया है। यह मिशन 60 दिनों के लिए लागू किया गया है। इसके अंतर्गत 60 दिनों की अवधि में अति कुपोषित बच्चों की संख्या में 25 से 30 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही




कुपोषित गर्भवती माताओं को चिन्हित कर उन्हें समुचित पोषण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस मिशन के अंतर्गत जिले के 10 प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है, जहां अति कुपोषित बच्चों की संख्या अधिक है। इन केंद्रों पर विशेष ध्यान देते हुए बच्चों के संपूर्ण पोषण पर कार्य किया जाएगा तथा लोगों में जागरूकता भी फैलाई जाएगी। इलेक्ट्रिक वजन मापने वाली मशीन के माध्यम से समय-समय पर बच्चों का वजन लेकर यह आकलन किया जाएगा कि उनमें कितना सुधार हो रहा है। इसके लिए जिले में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में आईसीडीएस, महिला विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग एवं जीविका से संबंधित अधिकारियों को शामिल किया गया है। साथ ही प्रखंड स्तरीय समिति का गठन भी किया जाएगा, जिससे मिशन बाल पोषण सुरक्षा की निगरानी सही तरीके से की जा सके। अति कुपोषित बच्चों एवं कुपोषित गर्भवती माताओं की समुचित निगरानी प्रखंड स्तर पर सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं जीविका दीदियों के माध्यम से की जाएगी। इसमें स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके टीम की भी सहायता ली जाएगी। प्रत्येक बच्चे के लिए पोषण कार्ड बनाया जाएगा। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों पर हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वस्थ बच्चों की माताओं को पोषण माता के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम की समीक्षा साप्ताहिक एवं मासिक आधार पर की जाएगी।

## घोषपुर आंगनबाड़ी केन्द्र में ताला तोड़कर चोरी

**बाराहाट (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाराहाट प्रखंड के सोनडीहा उत्तरी पंचायत अंतर्गत घोषपुर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 81 में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 81 की सेविका सुनैना कुमारी ने बाराहाट थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि बीती देर रात को आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर आंगनबाड़ी केंद्र में रखे बच्चों के पोषाहार में 5 बोरा चावल, 1 बोरा दाल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटन को अंजाम दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि आवेदनकर्ता के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आलोक में पुलिस के द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। इस संबंध में आवश्यक जानकारियां जुटाई जा रही है।

# भगवानगंज बाजार में दिनदहाड़े फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के भगवानगंज बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ब्लैक स्कॉर्पियो से आए अपराधियों ने सरेआम फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना भगवानगंज उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास की बताई जा रही है, जहां अपराधियों ने चार राउंड गोलियां चलाने के बाद खरौना की ओर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार को एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी बाजार के पास आकर रुकी। गाड़ी में सवार अपराधियों ने किसी व्यक्ति की तलाश में वहां पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि अपराधियों की उस व्यक्ति से कुछ देर बातचीत भी हुई, लेकिन जैसे ही वे गाड़ी से नीचे उतरने लगे, वह व्यक्ति मौके से फरार हो गया। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति को निशाना बनाने के लिए अपराधी आए थे, उसके भाग जाने के बाद अपराधियों ने इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से चार राउंड फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से बाजार में मौजूद लोगों के बीच भगदड़ मच गई और दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। वही इस घटना में वादी आशीष रंजन पिता जितेंद्र कुमार भगवानगंज के बयान पर दो लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें दो लोगों पर केस दर्ज करते हुए पुलिस छानबीन में जुटी है।

## ऑटो की लूट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा पुल के पास जहानाबाद से हवाई अड्डा जाने के दौरान बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर एक सीएनजी ऑटो लूट लिया है, हालांकि विरोध करने पर उसे मारपीट कर जख्मी कर दिया है। जख्मी ऑटो ड्राइवर का नाम मनीष कुमार पिता अशोक रविदास शेखपुरा का निवासी है। अविलंब डायल 112 पर कॉल किया जहां केवड़ा ओपी पुलिस ने जख्मी हालत में उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की मोरहर पुल एवं नीमा के बीच में यह घटना घटी है।

## हत्याकांड का फरार अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मैट्रिक का परीक्षार्थी रहा रोहित कुमार हत्याकांड मामले में फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त प्रेम कुमार अनौली भगवानगंज से मसौढी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया मसौढी थाना कांड संख्या 6726 के तहत 31 जनवरी की शाम को छात्र रोहित कुमार राजू मणिचक से कोचिंग के लिए निकला था, वही सब्जी मंडी सामुदायिक भवन के पास दर्जन भर युवकों ने घेरकर इसे चाकू मार कर हत्या कर दिया था।

# पारिवारिक आहार विविधता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रखंड परियोजना कार्यालय में मंगलवार को प्रबंधक, जीविका दिग्विजय नारायण के नेतृत्व में अधिकार जीविका महिला ग्राम संगठन की ओर से पारिवारिक आहार विविधता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता कैडर चंद्रप्रभा कुमारी की ओर बताया गया की यह पहल माताओं और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। जहाँ माताओं को अपने साथ-साथ बच्चों के पोषण का भी खास ख्याल रखना चाहिए। बच्चे के




जन्म के एक घंटे बाद ही माताओं को स्तनपान कराना चाहिए, जिससे बच्चे का स्वस्थ बेहतर हो। साथ ही खाने में 10 खाद्य सामग्री को जरुर शामिल करें। वहीं जीविका बीपीएम दिग्विजय नारायण ने कहा की स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में हमारी जीविका दीदियां खुद जागरूक होकर क्षेत्र के लोगों को भी जागरूक करने की कोशिश में लगी हुईं हैं। उन्होंने जोर दिया कि संतुलित पोषण से कुपोषण पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इसके अलावा उन्होंने कहा की बच्चों का वृद्धि निगरानी के तहत ग्राम संगठन के द्वारा चिहित 07 से 23 माह तक के सभी बच्चों का वृद्धि निगरानी आंगनबाड़ी केंद्र पर हर तीन माह के दौरान कम से कम एक बार अनवार्य रूप से करवाया जायेगा। वही इस कार्यक्रम में बेहतर परफॉर्मेंस देने वाले 12 जीविका दीदीयों को सम्मानित किया गया, मौके पर बीपीएम, एवं कोऑर्डिनेटर जबप्रकाश शर्मा के अलावा अध्यक्ष शर्मिला देवी, सचिव उमा देवी, कोषाध्यक्ष ममता देवी, सामुदायिक समन्वयक डीजे कुमारी, आशा कुमारी, आदि शामिल रहे।

# आंगनबाड़ी सेविका का एटीएम कार्ड बदलकर 31 हजार की निकासी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक के नीचे स्थित एक एटीएम से पैसा निकासी करने गई एक युवती का एटीएम बदलकर 31,500 रुपये का साइबर फ्रॉड कर देने की घटना घटी है। इस मामले में निशा कुमारी पति ललेंद्र कुमार भारती उर्फ रविकांत कुमार दुभारा, धनरूआ निवासी ने मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए लिखा है कि बीते 8 मार्च को पंजाब नेशनल बैंक के नीचे स्थित एटीएम में हमारी बहन की बेटी नेहा कुमारी पैसा निकासी करने गई थी उसे दौरान एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया था, इस दौरान मदद करने के लिए एक युवक आया और एटीएम बदल दिया। उसके बाद जब अगले दिन पैसा निकासी करने गए तो बैलेंस चेक किया तो उसमें पैसे निकले हुए थे। इस मामले में मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# हर्ष फायरिंग में दो लोगों को लगी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव में बीते रात गांव में आई बारात के द्वारा जयमाला के दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान दो लोगों की गोली लगने का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें बताया जाता है कि बिते सोमवार की रात्री में उपेद्र शर्मा पे0 ग्राम हरवंशपुर की पुत्री कुमारी पूजा की शादी थी। जिसमें औरंगाबाद से गांव में बारात आई हुई थी। इस दौरान वरमाला के वक्त हर्ष फायरिंग की गई जिसमें दो लोगों की गोली लगी है। इस घटना के बाद इस पूरे मामले में लहसुना थाना में पदस्थापित चौकीदार संजय पासवान के बयान पर लड़का पक्ष के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है दर्ज प्राथमिकी में लिखा गया है कि लड़का पक्ष के अरबिन्द सिंह उर्फ अरूण सिंह पे0-सियाराम सिंह. राघवेन्द्र धारी भारद्वाज उर्फ बबलु सिंह पिता नरेन्द्र प्रसाद सिंह, और राजेश सिंह पिता स्वछ पारसनाथ सिंह सभी ग्राम थाना-बन्देया, जिला औरंगाबाद, द्वारा वरमाला के समय स्टेज पर फायरिंग करने लगा, फायरिंग के क्रम में दो व्यक्तियों को गोली लगी है। जिसमे एक व्यक्ति लड़का पक्ष राहुल कुमार का भगिना है और एक लड़की यानी दुल्हन का भतीजा सत्यम कुमार (7 वर्ष) पिता विकास कुमार है जिसके दहिने हाथ कलाई में गोली लगा है। दोनो पक्षों के द्वारा अपने अपने पक्ष के घायल व्यक्तियों को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। हलांकि दोनो पक्षों के जख्मी अभि तक उपचार में है, थाना में लिखित आवेदन अभी तक नही दिया गया है। बहरहाल इस घटना के गांव मे चर्चा का बिषय बना हुआ है वहीं पुलिस जांच कर रही है।

Govt. of Bihar

**Public Health Engineering Department**

Public Health Engineering Division, Aurangabad

**TENDER NIT No –07/2025-26/O&M-PHED**

National Competitive Bidding

(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer, P. H. Division, Aurangabad |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 09.03.2026 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 16.03.2026 to 06.04.2026 up to 15:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 24.03.26 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division, Aurangabad. |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 06.04.26 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Date and time of opening of technical bid | 06.04.26 at 17:30 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date and time of opening of financial bid | To be informed later after the approval of technical bid. |

**8. Details of works:**

| Group No | Name of Work | Estimated Cost (in Lakh) | Amount of Earnest Money (in Lakh) | Cost of Tender Document (non-refundable) in Rs. | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.) | Completion Period (in months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Comprehensive operation and maintenance and Special repair of Ward level Piped Water Supply Schemes (Quality-70 Scheme) /(Non Quality -359 Scheme) based on item rates; constructed by the Public Health Engineering Department including payment to the pump operators, electricity bill for five years. | 3424.630 | 44.25000 | 10000.00 | 5900.00 | 60 Month |

9. For support related to e-tendering process, bidders may contact at following address "E-procurement helpdesk , M Junction services limited, R J Complex, 2nd floor Khajpura, Patna-800014. Toll Free No.- 18005726571, may visit the link "Vendor info" at www.eproc2support@bihar.gov.in

10. For further details, tenderers may contact the undersigned on any working day or see the notice board.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Engineer**
**Public Health Division, Aurangabad.**

PR- 026009 ( PHED ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# आपसी समन्वय बनाकर करें काम : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सात निश्चय-3 के अंतर्गत शामिल विभिन्न निश्चयों की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। इस क्रम में पहला निश्चय प्रति व्यक्ति दुगुना रोजगार : दुगुनी आय, दूसरा निश्चय समृद्ध उद्योग : सशक्त बिहार, तीसरा निश्चय कृषि में प्रगति : प्रदेश की समृद्धि, चौथा निश्चय उन्नत शिक्षा : उज्ज्वल भविष्य, पांचवां निश्चय सुलभ स्वास्थ्य : सुरक्षित जीवन, छठा निश्चय मजबूत आधार : आधुनिक विस्तार तथा सातवां निश्चय सबका सम्मान : जीवन आसान से संबंधित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं की प्रगति को नियमित रूप से मॉनिटर करें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि विकास कार्यों की गति निरंतर बनी रहे तथा आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव तथा डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



# चार दिवसीय देव चैती छठ मेला 22 से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव चैती छठ मेला के सफल, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर विधि-व्यवस्था तथा विभिन्न तैयारियों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। गौरतलब है कि देव स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला देव चैती छठ मेला 22 से 25 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं व्रती सूर्यकुंड में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, भीड़ नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा मेला क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमणों को चिह्नित कर अविलंब हटाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए मेला परिसर के चिन्हित स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट स्थापित करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थलों का चयन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मेला अवधि में वाहनों की भारी आवाजाही को देखते हुए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रखा जाए। मेला क्षेत्र में किसी भी संभावित अग्नि दुर्घटना से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग को पर्याप्त संख्या में अग्निशमन वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। छठ पर्व की अवधि में सूर्यकुंड के समीप, थाना परिसर के पास तथा प्रखंड कार्यालय के समीप अग्निशमन वाहनों की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए दोनों सूर्यकुंड तालाबों के समीप एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। साथ ही तालाबों के पास पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट, गोताखोर, जाल एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा गया। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थानों, सूर्य मंदिर के गर्भगृह तथा अर्घ्य स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, जीविका डीपीएम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फंदे से लटका मिला मजदूर का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मजदूर का शव गोदाम परिसर के बाथरूम में फंदे से लटका हुआ मिला। मामला औरंगाबाद शहर के जसोईया मोड़ स्थित बियाडा परिसर की है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला अंतर्गत तिसंगा गांव निवासी 30 वर्षीय रोहित कुमार सिंह उर्फ अमनेश के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रोहित कुमार सिंह औरंगाबाद में एक केला गोदाम में ट्रक लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता था। वह अपने साथ उत्तर प्रदेश से लगभग दस मजदूरों को काम के लिए लेकर आया था। मृतक के साथ काम करने वाले मजदूर सुमित ने बताया कि मंगलवार की सुबह रोज की तरह सभी लोग काम के बाद आराम करने के लिए अपने-अपने स्थान पर चले गए थे। कुछ देर बाद जब वह बाथरूम जाने के लिए गया तो देखा कि बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद है। इसके बाद उसने अन्य साथियों को इसकी जानकारी दी। सभी लोग बाथरूम के पास पहुंचे और दरवाजे के अंदर से झांककर देखा तो रोहित कुमार सिंह करकट से बने बाथरूम के अंदर पाइप के सहारे फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। इसके बाद किसी तरह दरवाजा खोलकर रोहित को नीचे उतार इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# यूपीएससी में 16 वां स्थान पाने वाली मोनिका श्रीवास्तव को किया गया सम्मानित

## पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, समेत शहर की प्रमुख हस्तियों ने दिया आशीर्वाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में पूरे देश में 16वां स्थान प्राप्त कर औरंगाबाद समेत पूरे बिहार का गौरव बढ़ाने वाली जिले की प्रतिभाशाली बेटी मोनिका श्रीवास्तव के लिए सम्मान सह आशीर्वाद समारोह का आयोजन शहर के हवेली रिजॉर्ट में किया गया। समारोह में जिले के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, मोनिका श्रीवास्तव, उनके पिता ई. बी. के. श्रीवास्तव, माता भारती श्रीवास्तव, नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर तथा सोन वर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद जिले की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर जो सफलता हासिल की है, वह जिले ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। उनकी उपलब्धि से जिले के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए आगे बढ़ेंगे। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की सफलता यह साबित करती है कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले की इस बेटी ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की उपलब्धि औरंगाबाद के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उनकी सफलता से यह संदेश मिलता है कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी बड़े सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने भविष्य में मिलने वाले कार्यकाल के दौरान हमेशा जनहित तथा राष्ट्रहित में निर्णय लेने एवं कदम उठाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन शंकर कैमूरी ने किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने मोनिका श्रीवास्तव को फूल-मालाओं, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. रवि रंजन, डॉ. शोभा रानी, जिला परिषद की उपाध्यक्ष किरण सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बल्लभ सिंह उर्फ बबुआ जी, रामानुज पांडेय, रवीन्द्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, दृष्टि आई केयर के डॉ. अजहर, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. नीलम रानी, एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी की चेयरपर्सन सरिता सिंह, गया के पूर्व मेयर मोहन श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी शंभूनाथ पाण्डेय, भाजपा नेता अनिल सिंह, विवेकानंद मिशन स्कूल के प्रबंध निदेशक मनीष वत्स, उदय कुमार सिंह, ई. शेखर श्रीवास्तव, डॉ. स्वदीप, रवीन्द्र कुमार रवि, ई. सुबोध कुमार सिंह, नगर पार्षद मंजरी सिंह, सुशील कुमार, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन सिन्हा, उदय सिन्हा, ओमप्रकाश सिंह, प्रेमेंद्र कुमार मिश्र, संजय सिन्हा, सुजीत सिंह, प्रकाश सिन्हा, राजू सिन्हा, राजेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, साकेत, कौस्तुभ, श्वेताभ समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर दानिका संगीत महाविद्यालय के रविन्द्र कुमार, शिवांगी सिंह, अंजली सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन नवबिहार टाइम्स एवं सोनवर्षा वाणी की ओर से किया गया।



# पुनपुन नदी से मिला बुजुर्ग का शव

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गोह थाना क्षेत्र के देवहरा पुनपुन नदी पुल के उत्तर दिशा की ओर से अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। शव की पहचान के लिए पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर रही है। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मंगलवार को ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया तथा पोस्टमार्टम के उपरांत पहचान के लिए शव 72 घंटे के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। बरामद शव को देखने से यह प्रतीत होता है कि मृतक 60 प्लस के ऊपर का है। बुजुर्ग के शरीर पर ज़ख्म के कोई निशान नहीं मिले है। शव की पहचान के लिए आसपास के थानों से पता लगाया जा रहा है।

# यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए वैश्य समाज ने सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर में गहराती जाम की समस्या और बेतरतीब पार्किंग से आम जनमानस को मिल रहे मानसिक व आर्थिक कष्ट को देखते हुए वैश्य समाज, दाउदनगर के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। थानाध्यक्ष विकास कुमार की उपस्थिति में सौंपे गए इस आवेदन के साथ एक नजरी नक्शा (रूट मैप) भी संलग्न किया गया है ताकि प्रशासन को वन-वे रूट निर्धारित करने में तकनीकी सहायता मिल सके। बैठक के बाद लिए गए निर्णय के आलोक में वैश्य समाज ने मुख्य रूप से तीन मांगों पर जोर दिया है। पहला बाजार के सभी संकरी और संवेदनशील मोड़ों पर स्थायी रूप से यातायात कर्मियों की नियुक्ति। दूसरा लखन मोड़ से चावल बाजार होते हुए मगध होटल तक तथा नगर परिषद, कसेरा टोली, पटवा टोली होते हुए जगन मोड़ से लखन मोड़ तक के मार्ग को वन-वे घोषित कर उसे सख्ती से लागू करना। तीसरा मुख्य मार्ग और दुकानों के सामने खड़े बेतरतीब वाहनों पर कार्रवाई, ताकि व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान वैश्य समाज के अध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव आनंद प्रकाश, कोषाध्यक्ष सह स्थायी स्टैंडिंग समिति के सदस्य दिनेश कुमार, सशक्त कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एस.पी. सुमन, प्रह्लाद प्रसाद, अमित कुमार, नीरज कुमार, पप्पू गुप्ता, सन्नी कुमार सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। वैश्य समाज ने अपील की है कि शहर को जाम मुक्त बनाने के इस नेक कार्य में स्थानीय दुकानदार और आम जनता प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें।



# दहेज हत्या सहित अन्य मामलों में 38 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 17 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार दहेज़ हत्या में 1, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 9, हत्या प्रयास में 1 तथा अन्य मामलों में 27 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 253 लीटर देसी, 14.50 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक, 2 ट्रैक्टर, 4 डाला एवं 145 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। इस दौरान 70 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन भी किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1300 वाहनों की जांच की गई जिसमें 123500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा साईबर थाना की पुलिस द्वारा 100000 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

# कमल किशोर ने डीएम को भेंट की पुस्तक 'देव और सूर्य पूजा'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जाने-माने पत्रकार तथा नव बिहार टाइम्स समूह के प्रधान संपादक कमल किशोर ने सोमवार को औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा को अपनी लिखित एवं उमगा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'देव और सूर्य पूजा' भेंट की। इस अवसर पर कमल किशोर ने जिलाधिकारी को पुस्तक के माध्यम से औरंगाबाद जिले की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक परंपराओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक प्रख्यात तीर्थस्थल देव के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करती है तथा सूर्य उपासना की प्राचीन परंपरा को भी विस्तार से प्रस्तुत करती है। कमल किशोर ने कहा कि देव का सूर्य मंदिर न केवल बिहार बल्कि पूरे देश में आस्था का प्रमुख केंद्र है। विशेष रूप से छठ पर्व के दौरान यहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भगवान सूर्य की आराधना के लिए पहुंचते हैं। पुस्तक में देव क्षेत्र के इतिहास, परंपराओं, धार्मिक मान्यताओं तथा सूर्य पूजा की विधियों को सरल और प्रामाणिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने पुस्तक प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की कृतियां स्थानीय इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने लेखक के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि देव जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के बारे में प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध होना समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। मौके पर लेखक ने उम्मीद जताई कि यह पुस्तक देव और सूर्य उपासना की परंपरा को समझने में पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी तथा औरंगाबाद की सांस्कृतिक पहचान को व्यापक स्तर पर स्थापित करने में सहायक बनेगी।



# रामलखन सिंह यादव कालेज में तीन दिवसीय एड्स जागरूकता अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय में मंगलवार को तीन दिवसीय 'रेड रिबन क्लब' एचआईवी एवं एड्स जागरूकता अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 10 से 12 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा एचआईवी एवं एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। इस अवसर पर कॉलेज के बर्सर डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि आज के युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी एवं एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना केवल सरकार या स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। कॉलेज में आयोजित ऐसे कार्यक्रम छात्रों को सही जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति भी प्रेरित करते हैं।

# रिश्वत मांगने वाला दारोगा निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** वाहन छोड़ने के बदले रिश्वत मांगने वाले दारोगा को पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, मंगलवार को एक वीडियो सोशल मिडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दारोगा अपने आवास पर एक व्यक्ति से बातचीत करते हुए पैसे ले रहे हैं। यह पैसा एक दुर्घटनाग्रस्त वाहन को छोड़ने के बदले लिया जा रहा था। इसे कोर्ट से पहले ही रिलीज किया जा चुका था। वायरल वीडियो में दारोगा को 20 हजार रुपये की मांग करते हुए भी सुना जा सकता है। बातचीत के दौरान वे कहते नजर आते हैं कि बगल में खड़े एक ट्रैक्टर के लिए भी 20 हजार रुपये लिए गए हैं। इस पर सामने वाला व्यक्ति कहता है कि वह ट्रैक्टर बालू से जुड़ा मामला था, जबकि उसका मामला दुर्घटना से संबंधित है। इस पर दारोगा जवाब देते हैं कि सभी मामलों में एक जैसा ही चार्ज लगता है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रारंभिक जांच में वीडियो को सही पाए जाने के बाद दारोगा अवजित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह बात प्रकाश में आई है कि वायरल विडियों वर्ष 2023 के नवंबर माह की है। उस समय एसआई अवजीत कुमार हसपुरा थाना में पदस्थापित है, जो वर्तमान में बारून थाना में पदस्थापित है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विभागीय अनुशासन के विरूद्ध किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा तथा दोषियों के विरूद्ध नियामानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# घरेलू विवाद में महिला गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** घरेलू विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। यह घटना मंगलवार की दोपहर कुटुंबा थाना क्षेत्र के सैदपुर नौघड़ा गांव में घटित हुई। घायल महिला की पहचान सैदपुर नौघड़ा गांव निवासी राकेश पासवान की पत्नी चांदनी देवी के रूप में की गई है। शोरगुल सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। परिजन घायल महिला को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाजरत चांदनी देवी ने अपने भैसूर सुरेंद्र पासवान और उसकी पत्नी नीलम देवी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने सास-ससुर के साथ रहती है। मंगलवार की दोपहर किसी बात को लेकर सुरेंद्र पासवान अपने माता-पिता के साथ मारपीट कर रहा था। इधर कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि फिलहाल उन्हें इस घटना की कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। आवेदन या फर्द बयान मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# 12 बेंचों पर होगी लोक अदालत के वादों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय और अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में 12 बेचों का गठन किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में योजित प्रेसवार्ता के दौरान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने बताया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में 10 और अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में 2 बेचों का गठन किया गया है। प्रारम्भिक स्तर पर अभी तक 3560 सुलहनीय वाद जो न्यायालय में लंबित है जिन्हें चिह्नित किया गया है तथा 70 वादों में निस्तारण हेतु सहमति प्रदान किया गया है तथा तथा 600 वादों का निस्तारण का लक्ष्य से रखा गया है। साथ ही प्री-लिटिगेशन के अन्तर्गत 5610 से अधिक बैंक ऋण संबधित मामलों में पक्षकारों को नोटिस किया गया है तथा 1500 से अधिक मामलो को इस लोक अदालत में निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है और इनसे संबंधित नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है, जिसे आगे बढ़ने की संभावना है। जिला जज द्वारा जिले वासियों से आह्वान किया गया कि इस लोक अदालत का ज्यादा-से ज्यादा लाभ उठायें। साथ ही कहा कि सारे सोसल मीडिया पर बिजली विपत्र माफी एवं यातायात चालान माफी से संबधित वीडिया को प्रसारित किया जा रहा है जो बिल्कुल गलत है और इस तरह के मामलों में माफी की कोई योजना नहीं है इस कारण इस तरह के सोसल मीडिया पर प्रसारित किसी भी तरह की अफवाह की ओर लोगों को ध्यान नहीं देने का अपील किया गया है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक में वादों के निष्पादन हेतु बेंच संख्या 01 भरण-पोषण वाद तथा पारिवारिक मामलें, बेंच संख्या संख्या 2 पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय से संबधित मामलें। बेंच संख्या 3 पर मोटर दुर्घटना वाद, ईजराय वाद, बेंच संख्या 4 पर औरंगाबाद जिला के सभी बैंक ऋण से सम्बन्धित मामलें, बेंच संख्या 05 पर अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, तृतीय (खाली न्यायालय) एवं चतुर्थ तथा पंचम के न्यायालय से संबधित सुलहनीय वाद एवं राजीव कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी के न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय मामलें, बेंच संख्या 06 पर अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी षष्टम एवं सप्तम् के न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय आपराधिक वाद तथा एनआई अधिनियम से सम्बन्धित मामलें, बेंच संख्या 07 पर अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय ओम प्रकाश नारायण सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी के न्यायालय से सम्बन्धित सूलहनीय वाद एवं अन्य न्यायालय जो अभी खाली है, बेंच संख्या 08 पर खनिज, वन, श्रम एवं विद्युत, मापतौल से संबधित मामलें, बेंच संख्या 09 पर शुभान्कर शुक्ला न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी के न्यायालय से संबधित मामलें एवं द.प्र.सं की धारा 107 एवं 144 से संबधित वाद बेंच संख्या 10 पर अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर के न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय मामलें एवं द.प्र.सं की धारा 107 एवं 144 से संबधित वाद का निस्तारण किया जायेगा। बेंच संख्या 11 पर आशीष कुमार एवं श्वेताभ शाण्डील्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय से संबधित सुलहनीय आपराधिक वाद का निस्तारण किया जायेगा, तथा एक अतिरिक्त बेंच संख्या 12 के माध्यम से अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम के न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय आपराधिक मामलें, तथा दीवानी से सम्बन्धित सुलहनीय मामलें एवं दूरभाष से सम्बन्धित मामलें का निस्तारण किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा जिला वासियों से यह अपील भी किया गया कि लोक अदालत का अधिक से अधिक फायदा उठायें और लोक अदालत के दिन आकर अपने वादों को निस्तारण कराने में विशेष रूचि लें और राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा जिलावासियों को अधिक से अधिक मिले इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार तत्पर है।

